news@group5.in group5news group5news
www.group5news.com
www.group5news.com/epaper
सदैव आपके साथ...
हिन्दी दैनिक
# ग्रुप-5 समाचार
लखनऊ || रविवार || 30 मार्च , 2025
वर्षः 17 || अंक : 101 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें
» 08 फाइनल मैच में अकेले गेंदबाज ने गिराए 11 विकेट,
» 07 जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या पहुंची 2 मिलियन
» 11 ऐश्वर्या राय को दोस्त मानती हैं जया बच्चन

### प्रथम मां शैलपुत्री



नवरात्रि उत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों का सम्मान एवं पूजा की जाती है। जिसे नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है। माँ दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरूप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है।

# शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि आज से

## हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत, घटस्थापना के लिए 2 मुहूर्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कल 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि शुरू होगी। 6 अप्रैल को इसका आखिरी दिन रहेगा। इस बार एक तिथि घटने से 8 दिन का त्योहार रहेगा। 30 तारीख को घटस्थापना के लिए दो ही मुहूर्त रहेंगे। ये नवरात्रि गुड़ी पड़वा से शुरू होती है और रामनवमी पर खत्म होती है। हिंदू नववर्ष के साथ शुरू होने के कारण ये साल की पहली नवरात्रि होती है। इस वक्त वसंत ऋतु होने से इसे वासंती नवरात्रि भी कहते हैं। इन दिनों देवी पूजा के साथ व्रत पर ज्यादा जोर दिया जाता है। वजह ये कि आयुर्वेद के मुताबिक वसंत ऋतु शुरू होते ही बीमारियां बढ़ती हैं। इस मौसम में खानपान पर ध्यान देने से बीमार नहीं होंगे। नवरात्रि पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। सर्वार्थ सिद्धि, ऐंद्र समेत अन्य शुभ योग में नवरात्रि शुरू होगी। इस बार चैत्र नवरात्रि में 9 नहीं 8 ही व्रत रखे जाएंगे, क्योंकि तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है। नवरात्रि



के पावन अवसर पर लोग मां दुर्गा की पूजा और कलश स्थापना करते हैं। नवरात्रि के दौरान माता का श्रृंगार किया जाता है। मान्यता है कि व्रती महिलाएं अखंड सौभाग्य प्राप्त कर सकती हैं। कलश स्थापना करने के लिए चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग का त्याग करके ही कलश बैठाना चाहिए। इस बार नवरात्रि पर ऐसा संयोग बन रहा है कि चित्रा नक्षत्र नहीं लग रहा है। साथ ही वैधृति योग भी शाम में 5 बजकर 54 मिनट पर लग रहा है। ऐसे में इस बार आप आसानी सुबह से ही शुभ मुहूर्त में अपने घर पर कलश स्थापना कर सकते हैं।



## थर-थर कांपेंगे दुश्मन, सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर

● 62 हजार करोड़ की डील

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना की ताकत को नई मजबूती मिलने वाली है। कैबिनेट सुरक्षा समिति ने 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दे दी है। सेना और वायु सेना के लिए यह खरीदारी 62,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत में होगी। यह अब तक का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का सबसे बड़ा ऑर्डर



है। इन हेलीकॉप्टरों को कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित हाल के प्लांट्स में बनाया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इन 156 हेलीकॉप्टरों में भारतीय सेना को 90 और वायु सेना को 66 मिलेंगे। ये चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनाती के लिए बेहद अहम हैं। इससे विस्तार की दिशा में मदद मिलेगी।

## शहीद तुकाराम का स्मारक बनाएगी फडणवीस सरकार

### आतंकी कसाब को जिंदा पकड़ने में दिया था अपना बलिदान

**मुंबई (एजेंसी)।** साल 2008 में हुए मुंबई हमलों में मुंबई पुलिस के जवान शहीद तुकाराम ओंबले ने हमले के एक मात्र जिंदा आतंकी अजमल आमिर कसाब को पकड़ने में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। कसाब लगातार उन पर गोलियां चला रहा था लेकिन ऐके 47 की गोलियां लगने के बावजूद



तुकाराम ओबले ने उस दरिंदे को नहीं छोड़ा था, नतीजा ये कि कसाब को जिंदा पकड़ा गया। तुकाराम ओंबले शहीद हो गए थे। महाराष्ट्र सरकार ने फैसला किया है कि अब उनके सम्मान में, उनके पैतृक गांव मे उनका मेमोरियल बनाया जाएगा। शहीद तुकाराम ओंबले को अपने सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। महाराष्ट्र सरकार ने बताया है कि शहीद ओंबले का स्मारक सतारा जिले में उनके पैतृक गांव केदांबे में बनाया जाएगा, जहां तुकाराम ओंबले का जन्म हुआ था।

## भारतीय चाणक्य ने लगाई लताड़ तो तिलमिलाया पाक

### अल्पसंख्यकों को लेकर भारत को ही उल्टा देने लगा है ज्ञान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर भारत के विदेश मंत्री के बयान पर इस्लामाबाद को मिर्ची लग गई है। पाकिस्तान की तिलमिलाहट उसके विदेश मंत्रालय के बयान में सामने आई है, जिसमें उसने भारत को उसके अल्पसंख्यकों के मामले में न बोलने के लिए कहा है। पाकिस्तान की हिमाकत देखिए, उसने तो यह कह दिया कि भारत को अल्पसंख्यकों पर बोलने का अधिकार ही नहीं है। उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने उल्टा भारत पर ही अल्पसंख्यकों के अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगा दिया। शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार की आलोचना की थी।

# म्यांमार में भूकंप से 'हाहाकार'

● 1000 की मौत, 10 हजार लोगों के मरने की आशंका, हर ओर 'तबाही' का मंजर

### 2300 से ज्यादा लोग घायल, मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से की बात



**नेपीदा (एजेंसी)।** म्यांमार में शुक्रवार को आए भूकंप में मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने जताई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए। रॉयटर्स के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा एक हजार को पार कर गया है, जबकि 2300 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है।



इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है। भूकंप के बाद भारत ने म्यांमार को 15 टन राहत सामग्री की पहली खेप भेज दी है। इसे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया गया है।

वहीं, पीएम मोदी ने म्यांमार की जनता सरकार के प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। पीएम ने कहा कि करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। दक्षिण कोरिया म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए 2 मिलियन डॉलर (करीब 16.5 करोड़ रुपए) की सहायता प्रदान करेगा। यह मदद इंटरनेशनल ह्यूमन ऑर्गेनाइजेशन के जरिए से भेजी जाएगी। मलेशिया की सरकार ने बताया कि म्यांमार में रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए 25-25 लोगों की दो टीम भेजी जाएंगी।

### भूकंप के बाद भारत ने भेजी मदद

म्यांमार में आए भूकंप के बाद भारत ने मदद भेजी है। 15 टन वाली राहत सामग्री की पहली खेप वहां पहुंच गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ने कहा कि इसे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया गया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को



सोशल मीडिया पर लिखा कि म्यांमार के लोगों के लिए पहली खेप के रूप में तात्कालिक मानवीय सहायता भेजी गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना का सी-130 प्लेन कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, फूड पैकेट और किचन सेट ले जा रहा है। प्लेन में एक सर्च और रेस्क्यू टीम के अलावा मेडिकल टीम भी है। जयशंकर ने कहा कि हम स्थिति पर नजर बनाए रखेंगे और आगे भी सहायता भेजी जाएगी।

# सुकमा में 17 नक्सलियों का खात्मा, बड़ी कामयाबी

● 'काल' बने सुरक्षा बल, इनमें झीरम कांड का आरोपी भी शामिल ● नक्सलियों के शव कंधे पर लादकर लाए जवान



**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और सीआरपीएफ के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। मामला केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली का है। मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन में स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। बुधरा दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे। डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि 17 नक्सलियों के शवों के साथ इंसास जैसे वेपंस भी बरामद हुए हैं।

### नक्सलवाद पर एक और प्रहारः अमित शाह



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमैटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास ही बदलाव लाया जा सकता है। नक्सलियों से हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को बस्तर के दंतेवाड़ा जाएंगे। यहां नक्सल ऑपरेशन को लेकर मंत्री और अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद के नासूर को खत्म करने की दिशा में छत्तीसगढ़ के बढ़ते कदम हैं।

## जयपुर में तेजाजी मंदिर में मूर्ति तोड़ने पर हंगामा

● नारेबाजी कर रहे लोगों को पुलिस ने हटाया, टोंक रोड का जाम खुला

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में वीर तेजाजी मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया। सांगानेर थाना क्षेत्र में स्थित मंदिर के सामने लोगों ने करीब तीन घंटे टोंक रोड को जाम रखा। पुलिस अधिकारियों के समझाइश के बाद भी जाम नहीं खुला तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को मौके से हटा दिया है। दोपहर करीब डेढ़ बजे पुलिस ने जाम खुलवा दिया। इससे पहले शनिवार सुबह पुलिस को मंदिर की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मूर्ति तोड़ दी थी।



# बंगाल के मालदा में भारी हिंसा, 34 गिरफ्तार

● इंटरनेट बंद, उपद्रवियों ने दुकानें व गाड़ियां तोड़ीं ● सामान भी लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी

**मालदा (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 26 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है।

कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा प्रभावितों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस



गुजर रहा था। कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाड़ियों में तोड़फोड़ और लूट की। पुलिस ने लाठीचार्ज की, आंसू गैस छोड़े स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। मालदा पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे शांति बनाए रखें। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न दें। कुछ लोगों के द्वारा जान बूझकर हिंसा भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। अफवाह की कोई भी जानकारी दिखे या सुनें तो पुलिस को जानकारी दें।

# एमपी के मंडला में बच्चे घर में हिंदू पर स्कूल में बन गए ईसाई

### 15 लड़कियां और 33 लड़कों का धर्म परिवर्तन, हॉस्टल के रिकॉर्ड में चौंकाने वाला खुलासा

**मंडला (एजेंसी)।** मंडला के एक स्कूल में धर्मांतरण का बड़ा खेल खुला है। समय समय पर एमपी से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिस पर सरकार सख्ती से काम कर रही है। इस बार मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अपनी जांच में खुलासा किया है। उन्हे पता चला कि साइन फॉर इंडिया स्कूल में 48 बच्चों को ईसाई धर्म की शिक्षा दी जा रही थी। बच्चों को उनके माता-पिता की अनुमति के बिना धार्मिक गतिविधियों में शामिल किया जा रहा था। आयोग को यह भी जानकारी मिली कि स्कूल बिना अनुमति के चलाया जा रहा था और बच्चों का ब्रेनवॉश किया जा रहा था। यह मामला बिछिया जनपद के साइन फॉर इंडिया स्कूल का है। जांच



में पता चला कि स्कूल में मंडला, ओडिशा और अनूपपुर के 48 बच्चे रह रहे हैं। इनमें 15 लड़कियां और 33 लड़के हैं। स्कूल से बड़ी मात्रा में धार्मिक किताबें जब्त की गई हैं। बाल संरक्षण आयोग को जानकारी मिली थी कि ओडिशा का ज्योति राज बिना अनुमति के स्कूल और छात्रावास चला रहा है। जब टीम ने बच्चों से बात की, तो उन्होंने बताया कि वे डॉक्टर और इंजीनियर नहीं, बल्कि पास्टर और सिस्टर बनना चाहते हैं। उन्हे ईसाई धर्म की शिक्षा इस हद तक दी जा रही थी कि वे धर्मांतरण के लिए आसानी से प्रेरित थे। बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉक्टर निवेदिता शर्मा ने बताया कि स्कूल आवासीय स्कूल के रूप में चल रहा था। हॉस्टल में रह रहे 48 बच्चों के दस्तावेज पूरे नहीं मिले। स्कूल के दस्तावेज में बच्चे का धर्म हिंदू और जाति गोंड लिखी मिली। वहीं हॉस्टल के रिकॉर्ड में सभी बच्चों को ईसाई बताया गया है।

## 'अभिव्यक्ति' की स्वतंत्रता को लेकर फिर दिखाया आईना

● सुप्रीम कोर्ट ने इमरान प्रतापगढ़ी मामले को लेकर कह दी बड़ी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत ने अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता स्वस्थ और सभ्य समाज का अभिन्न अंग है, जिसके बिना सम्मानजनक जीवन जीना असंभव है। कोर्ट ने कहा कि नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार को तुच्छ और काल्पनिक आधारों पर कुचला नहीं जा सकता। शीर्ष कोर्ट ने गुजरात पुलिस की ओर से कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ सोशल मीडिया पर 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो' कविता पोस्ट करने के मामले में शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को खारिज कर दिया। एफआईआर आंख मूंदकर दर्ज नहीं हो।



## ईद व रामनवमी को लेकर डीजीपी ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

# कानून व्यवस्था को लेकर 'रुख' किए सख्त

- पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया
- पुलिस कंट्रोल रूम-112 व सोशल मीडिया सेल अलर्ट
- अग्निशमन विभाग को भी दिए सख्त आदेश

ग्रुप 5 संवाददाता




**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक ने ईद-उल फितर, रामनवमी पर्व एवं कानून-व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को ईद-उल फितर त्योहार, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी पर्व, आरक्षी प्रशिक्षण एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा गोष्ठी की गयी। पुलिस महानिदेशक ने गोष्ठी के दौरान प्रदेश पुलिस के सभी अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि ईद-उल-फितर एवं रामनवमी त्यौहार के अवसर पर जनपद को सेक्टर व जोन में विभाजित करते हुए प्रत्येक सेक्टर व जोन में मजिस्ट्रेट एवं समकक्ष पुलिस अधिकारी की ड्यिटियॉं लगायी जाए तथा अतिसंवेदनशील स्थलों पर पुलिस पिकेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं राजपत्रित अधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात की जाए। संवेदनशील स्थानो पर आवश्यक उपकरणों सहित रूफटॉप ड्यिटी लगायी जाये तथा कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार वर्नाकुलर हैण्डसेट उपलब्ध कराये जाए। भीड़-भाड़ वाले स्थानो एवं महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आस-पास फुट पेट्रोलिंग की जाये तथा नियमित रूप से बीडीएस टीम, स्नाईफर डॉग्स द्वारा एण्टीसेबोटाज चेकिंग करायी जाये। बाजारों में पर्याप्त अग्निशमन की व्यवस्था रखी जाये।

### छोटी-छोटी आपराधिक सूचना को गम्भीरता से लेने के आदेश

छोटी से छोटी सूचना को भी अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही की जाये। वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर इसकी समुचित मॉनिटरिंग की जाये। पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि अभिसूचना तंत्र को सक्रिय रखा जाये। जनपद के समस्त कार्मिकों की ब्रीफिंग करते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना-चौकी तथा बीट स्तर के कर्मियों को भी सचेत व सक्रिय कर दिया जाये।नियंत्रण कक्ष एवं उप नियंत्रण कक्ष सुचारू रूप से व्यवस्थापित किये जाने तथा त्वरित सूचना प्रेषण एवं उस पर कार्यवाही की सुदृढ़ प्रक्रियायें निर्धारित की जायें।

### नमाज के समय मस्जिदों- ईदगाहों पर जानवरों का विचरण न हो

नमाज के समय ईदगाहों-मस्जिदों के निकट आवागमन के मार्गों पर जानवरों का विचरण न होने पाये। यूपी-112 के वाहनों का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गो-स्थलों पर किया जाय तथा पुलिस के अन्य पेट्रोलिंग वाहनों द्वारा चिन्हित हॉटस्पॉट्स-संवेदनशील स्थलों पर राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में प्रभावी गश्त-पेट्रोलिंग-चेकिंग करायी जाए। दंगा नियंत्रण योजना का पुनराभ्यास करा लिया जाय तथा सभी कर्मचारियों की एण्टी राइड एक्यूपमेन्ट के साथ ड्यिटी लगाई जाए। क्यूआरटी टीमों को स्ट्रेटेजिक प्वाइंट पर तैयारी की हालत में रखा जाय। ड्रोन कैमरों के माध्यम से मिश्रित-संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, जुलूस के मार्गों विशेषकर जंक्शन प्वाईण्ट्स आदि पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन आवश्यकतानुसार कराया जाये। शरारती एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उन पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जाय तथा आवश्यकतानुसार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। पोस्टर पार्टी एवं मार्निंग चेकिंग टीम को सक्रिय किया जाय तथा उन्हें उनके दायित्वों से भली-भांति ब्रीफ कर दिया जाय। पोस्टर पार्टी को नियमित रूप से प्रातःकाल निकाला जाये।

### सोशल मीडिया पर होगी 24 घण्टे 'नजर'

सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर और अधिक सतर्क दृष्टि रखते हुए 24घण्टे निरन्तर मॉनिटरिंग की जाये, असत्य एवं भ्रामक सूचनाओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका खण्डन किया जाये तथा आवश्यक्तानुसार विधिक कार्यवाही की जाये। चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत महत्वपूर्ण स्थल यथा अयोध्या, मिर्जापुर, बलरामपुर, वाराणसी आदि जहॉ भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है वहॉ पर उच्च कोटि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य द्वार पर प्रवेश नियंत्रण और एण्टी सेबोटॉज चेकिंग की व्यवस्था की जाएगी।

### आदेश दिया गया है शांति व्यवस्था के लिए धर्म गुरुओं के साथ बैठक करें

उप जिलामजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी, सहायक पुलिस उपायुक्त तथा थाना प्रभारी स्वयं मौके पर जाकर समस्याओं का निदान करायें तथा आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। शान्ति समितियों, कार्यक्रम आयोजकों व धर्मगुरूओं की बैठकें वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पादित की जाए। सभी अपर जिला मजिस्ट्रेट, उपजिलामजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण एवं विद्युत, लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम आदि विभिन्न संबंधित विभागों के जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठकें करके त्यौहार के निर्वाध निष्पादन हेतु समन्वित कार्यवाही सम्पादित की जाए। गर्मी का मौसम एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत फायर कर्मियों को सक्रिय रखा जाय तथा फायर से सम्बन्धित एक्यूपमेन्ट को तैयारी हालत में रखा जाए।

### रामनवमी पर्व पर सुरक्षा-व्यवस्था के होंगे कड़े इंतजाम

रामनवमी पर्व पर रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, आयोजन स्थल, मनोरंजन के केन्द्र आदि पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाय तथा सभी सम्बंधित ड्रिल का पूर्वाभ्यास करा लिया जाये। रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी एवं आरपीएफ से समन्वय बनाते हुए निरंतर चेकिंग करायी जाय तथा आवश्यकतानुसार पर्याप्त पुलिस बल का व्यवस्थापन कराया जाए। बीट स्तर पर पुलिस कर्मियों को सक्रिय रखा जाए तथा बीट स्तर से प्राप्त आसूचनाओं का संकलन करते हुए उन पर गंभीरता से त्वरित कार्यवाही करायी जाए। सभी थानों के त्यौहार रजिस्टरों तथा आसूचना आख्याओं का परिशीलन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के स्तर पर सूक्ष्मता से कर लिया जाए। यदि इस त्यौहार को लेकर इस वर्ष कोई समस्या-तनाव दृष्टिगोचर हो तो उसका समाधान समय रहते संबंधित मजिस्ट्रेट के समन्वय से त्योहार से पूर्व ही करा लिया जाए।

### भर्ती रिक्रूट सिपाहियों के प्रशिक्षण में होगी समुचित व्यवस्था

डीजीपी ने उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए है। उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु मुख्यालय स्तर से निर्गत कार्ययोजना एवं पूर्व में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराया जाये। उन्होंने आगे कहा है कि प्रशिक्षुओं को आधुनिक तकनीक से दक्ष बनाने हेतु साइबर क्राइम, भौतिक साक्ष्य संकलन हेतु फॉरेन्सिक विषयों, तीन नये कानूनों की जानकारी सहित प्रशिक्षुओं के रहने आदि की समुचित व्यवस्था कर ली जाय। प्रशिक्षु आरक्षियों के शारीरिक दक्षता एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए।

## जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ में ज्यादा हादसों वाले जगहों पर दुर्घटनाओं को कम करने का एक्शन प्लान अधिकारियों से मांगा गया है। बैठक में राजधानी के 34 ब्लैक स्पॉट्स की सूची भी प्रस्तुत की गई। ज्यादा दुर्घटना वाले क्षेत्रों में खुर्रमनगर, खटोला मोहनलालगंज, लोहिया पार्क चैराहा, कैंट के कमांड अस्पताल, टेढ़ी पुलिया-रिंग रोड और शहीद पथ पर दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जताई गई। यहां पर हादसों को रोकने के लिए विशेष टीम बनाकर एक रिपोर्ट मांगी गई है। इस टीम में लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, यातायात पुलिस, संबंधित थाना अध्यक्ष, संबंधित उप जिलाधिकारी और परिवहन विभाग के अधिकारी होंगे। यह टीम 15 अप्रैल तक डीएम को रिपोर्ट देगी, जिसमें हादसों को रोकने का एक्शन प्लान होगा।

## हमें अपना नुकसान करके भी संस्थाओं के सम्मान को बचाना चाहिए : महाना



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शनिवार को कहा कि हमें अपना नुकसान करके भी संस्थाओं के सम्मान को बचाना चाहिए। महाना ने यहां विधान भवन में शनिवार को अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों से कहा कि संस्था का सम्मान बना रहेगा तो सभी का सम्मान बना रहेगा लेकिन अगर संस्था को क्षति पहुंची तो सभी नुकसान होगा। सतीश महाना को 29 मार्च 2022 में सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुना गया था। अध्यक्ष बनने के बाद महाना ने सदन में कई प्रमुख बदलाव किए। महाना ने विधानसभा को पेपरलेस बनाने से लेकर सभी सदस्यों की सीट पर ही लैपटॉप उपलब्ध कराने और भवन को आकर्षक बनाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाना ने इन्हीं संदर्भो को लेकर कहा कि पिछले तीन वर्षों में इस भवन को ही नहीं बल्कि इसकी आत्मा को भी जगाने का कार्य किया है। उन्होंने पांच भाषाओं अवधी, भोजपुरी, ब्रज, बुंदेली और अंग्रेजी में विधानसभा सत्र की कार्यवाही शुरु किए जाने की भी जानकारी दी। महाना ने पत्रकारों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रति तीन वर्षों में आम जनता में जो धारणा बनी है वह बिना आप सबके सहयोग से संभव नहीं था। उन्होंने अपने हाल के दिल्ली दौरे में लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समेत अनेक नेताओं से मुलाकात पर चर्चा करते हुए बताया कि सबने उत्तर प्रदेश के विधानसभा के बदलते स्वरूप और विधायिका की चर्चा की। महाना ने कहा कि सपा, कांग्रेस के लोगों ने भी विधानसभा के बदलते स्वरूप की चर्चा की।

## पटना से दिल्ली जा रहे फ्लाइट में पत्नी के सामने पति की मौत, लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

- विमान को लखनऊ में उतारने की परमिशन ली
- मेडिकल कॉलेज पहुंचे मृतक के परिजन



फाइल फोटो




**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** पटना से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में एक यात्री की मौत हो गई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से लैंडिंग की मंजूरी मिलने के बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट की मेडिकल टीम ने यात्री की जांच करके मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सरोजनीनगर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए केजीएमयू भेज दिया। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6श्व 2163 शनिवार सुबह 10 बजे के करीब लखनऊ से गुजर रही थी। इसी दरम्यान उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। मृत यात्री की पहचान असम के नलबारी निवासी सतीश चंद्र बर्मन के रूप में हुई। यात्री के साथ उनकी पत्नी और चचेरे दामाद भी थे।वह पत्नी कंचन और चचेरे दामाद केशव कुमार के साथ यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। क्रू मेंबर्स ने यह देखते ही पायलट को जानकारी दी। पायलट ने तुरंत नजदीकी लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। मृतक के परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए हैं। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। साथ ही एयरपोर्ट प्रशासन और पुलिस टीम एयरपोर्ट बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और मेडिकल रिपोर्ट से महिला यात्री की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## आईपीएल मैच में देर रात तक चलेगी मेट्रो और सिटी बस



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग का मैच एक अप्रैल को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई अंतरराष्ट्रीय इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच में दर्शकों को आवागमन में किसी की तरह की भी कोई दिक्कत न हो इसके लिए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के साथ ही लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने तैयारी पूरी कर ली है। देर रात 12:30 बजे तक लखनऊ मेट्रो संचालित की जाएगी और सिटी बसें भी यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए मध्य रात्रि तक संचालित होंगी। लखनऊ मेट्रो ने शाम को खेले जाने वाले सभी मैचों के लिए मेट्रो ट्रेन सेवाएं 12:30 बजे (मध्यरात्रि) तक चलाने का फैसला लिया है। लखनऊ मेट्रो की आखिरी ट्रेन मध्यरात्रि 12 बजकर 30 मिनट पर दोनों टर्मिनल स्टेशनों (सीसीएस एयरपोर्ट एवं मुंशिपुलिया मेट्रो स्टेशन) से रवाना होगी।लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाला इवनिंग मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच शाम साढ़े सात बजे शुरु होगा। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने बताया कि यह लगातार तीसरा वर्ष है जब हम स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने आने वाले प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए मध्यरात्रि मेट्रो की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। हमारी पूरी टीम आपके मैच के अनुभव को परेशानी मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अपने आईपीएल पल को और भी यादगार बनाने के लिए इस सेवा का लाभ उठाएं÷। हमारी ऑपरेशन टीम लखनऊ के लोगों की सुविधा के लिए देर रात तक काम कर रही है।

### चलेंगी ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें

आईपीएल में दर्शकों को मेट्रो स्टेशनों से इकाना स्टेडियम के लिए ई बसें संचालित होंगी। यह बसें मेट्रो स्टेशन, मुंशीपुलिया, इंदिरानगर और ट्रांसपोर्टनगर से सीधे इकाना स्टेडियम तक संचालित होंगी।लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आरके त्रिपाठी ने बताया कि सिटी बसें रात साढ़े 12 बजे तक तक दर्शकों को सफर के लिए उपलब्ध होंगी।

### लखनऊ मेट्रो की मध्यरात्रि सेवा इन दिनों पर रहेगी उपलब्ध

1 अप्रैल 2025 - एलएसजी बनाम पीबीकेएस
4 अप्रैल 2025 - एलएसजी बनाम एमआई
14 अप्रैल 2025 - एलएसजी बनाम सीएसके
22 अप्रैल 2025 - एलएसजी बनाम डीसी
9 मई 2025 - एलएसजी बनाम आरसीबी
18 मई 2025 - एलएसजी बनाम एसआरएच

## बीजेपी विधायक के घर लाखों की चोरी

- पूर्व नौकर के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर
- घर में अकेली रहती है पत्नी
- वाराणसी विधानसभा क्षेत्र अजगरा से है विधायक
- गोमतीनगर पुलिस जांच-पड़ताल में लगी



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** वाराणसी के विधानसभा क्षेत्र अजगरा से बीजेपी विधायक त्रिभुवन राम के घर चोरी हो गई। चोर उनकी पत्नी की घड़ी और लॉकेट भी ले गया। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है। विधायक गोमतीनगर में विवेक खंड-3 में रहते हैं। वह वाराणसी के विधानसभा क्षेत्र अजगरा से विधायक हैं। गोमतीनगर पुलिस ने उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र कर रही है। विधायक त्रिभुवन राम ने पुलिस को दी जानकारी में कहा है कि लखनऊ वाले घर में उनकी पत्नी अकेली रहती हैं। वह ज्यादातर अपने विधानसभा क्षेत्र में ही रहते हैं। उनका आना-जाना यहां लगा रहता है। बताया कि लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता पद पर कार्यरत होने के दौरान उनके घरेलू काम अनिल कुमार कनौजिया करता था। अनिल लखनऊ के खुर्रमनगर का रहने वाला है। कुछ दिन में अनिल को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय में पंप ऑपरेटर की नौकरी मिल गई। उसके बाद उसने काम छोड़ दिया। विधायक ने कहा-5 महीने पहले पत्नी की तबीयत ठीक न होने पर अनिल को घर के काम के लिए बुलाया गया। उनके कहने पर अनिल अपनी ड्यूटी के बाद शाम को और छुट्टी के दिन काम पर आने लगा। जनवरी में पत्नी की सोने की चेन का डायमंड लॉकेट गायब हो गया। कार्यों में व्यस्त होने के चलते इसी शिकायत दर्ज नहीं कराई। इसी बाद आठ या नौ फरवरी 2025 को पत्नी की ओमेगा रिस्ट वाच भी रैक से गायब हो गई। त्रिभुवन राम ने बताया-घड़ी और लॉकेट की कीमत 3-3 लाख रुपए थी। दोनों मामलों में अनिल से पूछताछ की। क्योंकि उस दिन भी वही कमरे में सफाई के लिए गया था। पत्नी ने इसकी जानकारी दी, लेकिन बड़े बेटे का 12 फरवरी 2025 को सिंगापुर में निधन होने से शिकायत नहीं करा पाया।सिंगापुर से लौटकर जब अनिल कुमार से पूछा तो फिर उसने चोरी न करने की बात कही। गोमतीनगर इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया- आरोपी नौकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## राजधानी की सड़कों पर दौड़ रहा चंडीगढ़ का ई रिक्शा

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** राजधानी लखनऊ में प्रदेश के अन्य जनपदों के ही नहीं, बल्कि दूसरे प्रदेशों के ई रिक्शे खुलेआम दौड़ रहे हैं। ऐसे में यात्रियों की जान खतरे में पड़ रही है। चंडीगढ़ में पंजीकृत ऐसे ही ई रिक्शे की शनिवार को फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। टेंपो टैक्सी एवं आटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा लखनऊ के अध्यक्ष पंकज कुमार दीक्षित ने इस मुद्दे को उठाया।




उन्होंने बताया कि ई रिक्शा संख्या सीएच 01 टीई 6748 शनिवार को हैनीमैन चौराहे से चिनहट के रूट पर चलता हुआ पाया गया। अभी तक गैर जनपदों के आटो, ई रिक्शे ही लखनऊ में चल रहे थे, अब अन्य प्रदेशों के ई रिक्शे चलते पाए जा रहे हैं, जो चिंता का विषय हैं। राजाजीपुरम टेंपो स्टैंड से बालाजी मंदिर रूट पर भी गैर जनपद के ई रिक्शे, आटो चल रहे है। अवध नहर चौराहे से दुबग्गा रूट, आलमबाग चौराहे से तालकटोरा के बीच भी धडल्ले से गैर जनपदीय आटो और ई रिक्शा चल रहे हैं, जिन्हें यातायात व स्थानीय पुलिस का संरक्षण मिल रहा

## एयर मार्शल और लेफ्टिनेंट जनरल ने एसयू-30 एमकेआई विमान में भरी उड़ान



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** भारतीय वायु सेना और थल सेना के शीर्ष कमांडरों ने शनिवार को उत्तराखंड और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में एक जटिल फॉर्मेशन मिशन को अंजाम दिया। केंद्रीय वायु कमांडर एयर मार्शल अशुतोष दीक्षित और केंद्रीय सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में यह महत्वपूर्ण उड़ान भरी। उड़ान भरने के दौरान दीक्षित ने तेजस की ताकत को जानने की कोशिश की। बख्शी का तालाब वायु सेना स्टेशन से यह मिशन शुरू हुआ, एयर मार्शल दीक्षित ने फॉर्मेशन का नेतृत्व किया, जबकि सेना कमांडर एक

### फॉर्मेशन मिशन को दिया अंजाम

विमान के पीछे के कॉकपिट में मौजूद रहे। इस दौरान सेना कमांडर को एसयू-30 एमकेआई की क्षमताओं और इसकी लंबी दूरी तक मार करने की क्षमता से अवगत कराया गया। उन्हें सेंट्रल सेक्टर के बीहड़ इलाकों में प्लेटफॉर्म की पहुंच और मारक क्षमता के साथ-साथ नकली समकालीन खतरों के खिलाफ वायु शक्ति की सटीक और तीव्र प्रतिक्रिया भी दिखाई गई। उड़ान के बाद, जीओसी-इन-सी ने भारतीय वायुसेना के वायु योद्धाओं की पेशेवर क्षमता और परिचालन दृष्टिकोण की सराहना की।

## बिजली की बढ़ती हुई मांग को लेकर विद्युत व्यवस्था में सुधार किया जा रहा: एके शर्मा

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नायक की अध्यक्षता में देश के विद्युत वितरण एवं आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने, लाइन हानियों को कम करने, डिस्काम को हानियों से बचाने, उपभोक्ताओं को सस्ती दरों में कैसे बिजली मिले, विद्युत दरों में कमी लाने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान, नई तकनीक के प्रयोग, उपकेंद्रों की व्यवस्था में सुधार, नवीकरणीय ऊर्जा आदि को लेकर लखनऊ में मंत्री समूह की योजना भवन, लखनऊ में शनिवार को बैठक हुई। इस बैठक में आंध्र प्रदेश के ऊर्जा मंत्री गोट्टीपति रवि कुमार, मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, महाराष्ट्र के ऊर्जा राज्य मंत्री मेघना साकोरे बोर्डीकर के साथ भारत सरकार और संबंधित राज्यों के ऊर्जा मंत्रालयों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, डायरेक्टर एवं निजी सेक्टर के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर विद्युत् के सुदृढ़ीकरण पर चर्चा की। केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री ने मंत्री समूह की उत्तर प्रदेश में आयोजित तीसरी बैठक की अध्यक्षता अध्यक्षता करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। मोदी के संकल्पों को पूरा करने के लिए विद्युत व्यवस्था में सुधार की अति आवश्यकता है। साथ ही कोयले आधारित विद्युत उत्पादन में निर्भरता कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन पर भी अधिक से अधिक जोर देना होगा। उपभोक्ताओं को सस्ती दरों में बिजली मिल सके, उन्हें अपनी बिजली जरूरत को पूरा करने के लिए नुकसान न उठाना पड़े और वे समय से अपना बिल भी जमा कर सकें इसके भी प्रयास करना होगा। साथ ही विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए नई तकनीकी का प्रयोग कर विद्युत वितरण एवं आपूर्ति में कैसे सुधार किया जा सके। विद्युत हानियों को काम करने के प्रयासों के साथ उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत



आपूर्ति कैसे मिले इस पर कार्य हो। डिस्कॉम को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने तथा उन्हें हानिया से बचाने के लिए भी प्रयास करना होगा। बैठक में मंत्री समूह में शामिल राज्यों महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ऊर्जा विभाग ने अपने राज्यों में ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे सुधार कार्यों को लेकर प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया और विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए जरूरी सुझाव भी दिए। मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता, स्किल्ड स्टाफ, नेट मीटरिंग, बैटरी स्टोरेज, पंप स्टोरेज, सोलर और विंड एनर्जी तथा पीपीपी मॉडल को अपनाने पर भी बल दिया गया। बैठक में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विद्युत सुधार के कार्यों में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। पिछली गर्मी में 30,618 मेगावाट की ऐतिहासिक आपूर्ति कर हमारा प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा था। विद्युत चोरी को नियंत्रित कर तथा विद्युत व्यवस्था में सुधार कर प्रदेश में लाइन हानियों को धीरे-धीरे काम किया जा रहा है। इसी प्रकार उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए भी सम्भव पोर्टल आधारित जनसुनवाई कर लोगों को न्याय दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्युत के क्षेत्र में हमारा देश आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि सुदृढ़ और व्यवस्थित होकर सरप्लस स्टेट बनेगा और हमेशा के लिए बिजली की इस ऐतिहासिक समस्या से मुक्ति मिलेगी। ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश की ओर से विद्युत सुधार को लेकर कई सुझाव दिए और कहा कि विद्युत के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश दिन प्रतिदिन सुधार कर रहा है, जिन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था नहीं थी, ऐसे 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण किया गया। बायो कंप्रेस्ड गैस का 213 टन प्रतिदिन उत्पादन किया जा रहा, कुसुम सी-1, आरडीएसएस, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर बनाने के क्षेत्र में हमारा प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में चल रहे अनुरक्षण कार्यो से ट्रांसफार्मर जलने की स्थिति में कमी आई है। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में जो भी नवाचार और सुधार के कार्य हो रहे हैं तथा केस्को कानपुर में बिल संबंधी समस्याओं को लेकर कंप्यूटराइज्ड आधारित टेस्ट लेस सर्विस की नई व्यवस्था शुरू करने की मंत्री समूह ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली की बढ़ती हुई मांग को लेकर विद्युत व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। नए उपकेंद्रों का निर्माण, विद्युत उत्पादन की नई परियोजनाएं बनाना, सौर ऊर्जा की परियोजनाओ का निर्माण हो रहा है। ऊर्जा मंत्री ने बैठक में आए ऊर्जा मंत्रियों को राम मंदिर का नमूना, गुलदस्ता और साल भेंटकर स्वागत किया एवं सम्मान दिया तथा सभी से अयोध्या भ्रमण के लिए आग्रह किया। उन्होंने बताया कि अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है। वहां पर 40 मेगावाट सोलर पावर का उत्पादन हो रहा है। सभी चौराहे, मुख्य सड़के व पार्क सोलर से प्रकाशित हैं।

# सड़क पर मिले गौवंश के सिर से भड़के लोग





ग्रुप 5 संवाददाता

» घंटों बवाल के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया जल्द ही पकड़ने का आश्वासन
» आरएसएस के सदस्यों ने गौवंश के सर का पुलिस की मौजूदगी में किया अंतिम संस्कार

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में साईदाता मार्ग पर शिशु मंदिर विद्यालय के निकट शनिवार की सुबह एक गौवंश का सिर मिलने से क्षेत्र को लोगो मे गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ो की संख्या में एकत्रित हुए आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने गौवंश का वध करने वाले दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। घंटो चले बवाल के बाद पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक़ सुशान्त गोल्फ सिटी के साई दाता मार्ग पर शिशु मंदिर विद्यालय में सुबह आरएसएस की शाखा चलती है। क्षेत्र के आरएसएस कार्यकर्ता जब शाखा जाने लगे तो देखा कि कुछ दूरी पर गौ वंश का सर सकड पर पड़ा है। जिसके बाद आरएसएस के कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के लोग एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी मौजूदगी में सर का अंतिम संस्कार करवाया, तथा प्रदार्शन कर रहे लोगो को कार्यवाई का अश्ववासन देकर तत्काल तहरीर लेकर अज्ञात के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज करवाया। करीब दो घंटे तक चले बवाल के बाद कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद लोग शांत हुए। प्रदर्शन कर रहे लोगो की मांग थी कि गौ वंश का वध करने वाले दोषियों पर तत्काल कार्यवाई हो। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि गौवंश का सर मिला है लेकिन उसे यहां मारा नही गया। जांच के दौरान पता चला है कि गौवंश का सर यहां फेका गया या ले जाते समय गाड़ी से गिरा होगा। लेकिन वध तो हुआ है जिसकीं जांच की जा रही है। सड़क के आसपास दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जिससे घटना का खुलासा हो सके। प्रदार्शन के दौरान लोगो ने बताया कि कल से शुरू हो रहे नवरात्रि पर अराजकता फैलाने वाले लोगो ने गौ वंश का सर डाल कर सिर्फ माहौल विगाड़ने की कोशिश की है। रविवार से नवरात्रि है दूसरी ओर ईद का पर्व भी है। जिसके कारण सिर्फ माहौल बिगाड़ने के लिये ऐसा किया गया। प्रदार्शन के दौरान अशोक सिंह, प्रीतम मिश्रा, शैलेन्द्र एडवोकेट, सुरेंद्र मिश्रा समेत सैकड़ो लोगो उपस्थित रहे।

# घर के बाहर दबंगों ने गाड़ी खड़ी कर रोका रास्ता, विरोध पर युवक को पीटा

ग्रुप 5 संवाददाता

» पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी
» महानगर थाना क्षेत्र का मामला

**लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दबंगों ने एक घर के बाहर अपनी गाड़ी खड़ी कर आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया। करीब तीन घंटे तक आवाजाही बंद रहने पर मकान मालिक ने विरोध जताया तो लाठी-डंडों से लैस दबंगों ने उस पर हमला बोल दिया। मारपीट में युवक घायल होकर लहूलुहान हो गया, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। महानगर इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक, बी-153 सेक्टर ए, महानगर में गौतम दीक्षित परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात उनके घर के बाहर (यूपी32 एनएच 3148) कार खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया। करीब तीन घंटे तक गाड़ी दरवाजे पर खड़ी रहने से आवाजाही बंद हो गयी। रात करीब साढ़े 11 बजे उनका बेटा प्रवर दीक्षित (31) बाहर किसी तरह बाहर निकला और गाड़ी खड़ी करने का विरोध जताने लगा। प्रवर की मानें तो कुछ देर बाद एक अज्ञात युवक आया और गाड़ी अपनी बताई। प्रवर ने विरोध किया तो उसने गाली-गलौज करते हुए खड़ी यहीं खड़ी रहने की बात कही। हंगामा होते देख उसके तीन साथी आ गये और फिर चारों ने मिलकर लाठी-डंडों से प्रवर पर हमला बोल दिया, जिससें वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। शोर-शराबा पर भीड़ जुटती देख आरोपी भाग खड़े हुए। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से आनन-फानन में प्रवर को निजी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर लिया। पुलिस उनकी तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# महिला से 1.30 करोड़ की ठगी

» दंपत्ति ने मदद के नाम पर नकदी-गहने मांगे
» पैसा माँगने पर प्लाट की फर्जी रजिस्ट्री करा दी
» घरेलू परेशानी बताकर पहले जेवर और 32 लाख रुपए लिए
» पैसा मांगने पर चार चेक और एक संपत्ति की फर्जी रजिस्ट्री दी



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** प्रदेश की राजधानी में एक दंपती ने एक महिला को घरेलू समस्या बताकर पहले नकदी और जेवर मदद के नाम पर लिए। उसके बाद प्रापर्टी में निवेश के नाम पर लाखों के जेवर हड़प लिए। पीड़िता के पैसे वापस मांगने पर पच्चीस-पच्चीस लाख के चार चेक थमा दिए, जो कि बाउंस हो गए पीड़िता की शिकायत पर विभूतिखंड पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर ओडियन सिनेमा निवासी गजनफर रिजवी, उनकी पत्नी सबा आबिदी और साले जैन आब्दी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विभूतिखंड ओमेक्स हाइट निवासी हुमा खान के मुताबिक सबा आबिदी पाकिस्तानी सूट के व्यवसाय करती थीं। हम उनकी दुकान से कपड़े लेते थे। इसी के चलते 2019 में उनसे अच्छी दोस्ती हो गई। इसके बाद जब भी वह आर्थिक मदद मांगती हम कर देते थे। जिसको वह समय पर लौटा देती थीं। दिसंबर 2021 में सबा आबिदी ने घरेलू परेशानी के साथ पति गजनफर रिजवी को पैसे की जरूरत होने का हवाला देते हुए 32 लाख रुपए और कुछ जेवर मांगे। उनकी बातों में आकर 25 लाख रुपए मूल्य के अपने पुश्तैनी जेवर और 32 लाख रुपए दे दिए। पीड़िता के मुताबिक काफी समय बीतने के बाद सबा से पैसे और जेवर लौटने को कहा। जिसके बाद दोनों 2022 में रियल एस्टेट में और पैसा लगाने की बात कही। मना करने पर दबाव डालना शुरू कर दिया। साथ ही पैसा न देने पर पूरा पैसा न लौटाने की धमकी दी। जिसके चलते बेटी की शादी के लिए खरीद कर रखे करीब 70-80 लाख रुपए कीमत के जेवर और दे दिए। इसमें सबा आबिदी का भाई जैन आबिदी भी शामिल है। इन लोगों ने मेरे जेवर किसके पास गिरवी रखे यह भी नहीं बताया पीड़िता का कहना है कि पैसा लौटने का दबाव बनाने पर आरोपियों ने चार चेक 25-25 लाख रुपए के और एक फर्जी प्लाट की रजिस्ट्री दे दी। बैंक में लगाने पर जानकारी हुई कि खाते में पैसे नहीं हैं। विरोध पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपियों ने उधारी के तौर पर जेवर और नकद कुल मिलाकर करीब 1.30 करोड़ रुपए ठग लिए हैं।विभूतिखंड पुलिस के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी ने लगाई फाँसी

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** गोसाईंगंज के पकरा गांव में रहने वाली एक किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में छत के छल्ले से साड़ी के सहारे लटक कर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज के पकरा गांव में रहने वाली किशोरी (17) ने किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर मां की साड़ी छत के छल्ले में बांध कर फाँसी लगा ली। जब तक घर वालो को पता चलता तब तक मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोलकर उसे नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-BSB-OH-547-25-2 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.04.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

964/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्लास्टिक गोदाम में आग लगी धुआं और लपटें देख सहमे लोग



» चार दमकल ने आधे घंटे में काबू पाया
» पुलिस कर रही जांच-पड़ताल

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** पुरनिया चौराहे के पास आवासीय कालोनी में एक घर में बने गोदाम में शनिवार पांच बजे के करीब आग लग गई। घर में बने गोदाम से आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए।सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन की दो गाड़ियों ने आग बुझाना शुरू किया। इसी बीच चौक और इंदिरानगर से भी दो दमकल की गाड़ियां मदद के लिए पहुंची। चार दमकल गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया इलाकाई लोगों का कहना है कि यहां पर होर्डिंग-पोस्टर और बैनर का गोदाम है। यहां पर बैनर-पोस्टर बनाने का भी काम होता है। सभी चीजें ज्वलनशील होने के चलते आग तेजी से फैली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लखनऊ में पुरनिया चौराहे के पास आवासीय कालोनी में एक घर में बने गोदाम में शनिवार पांच बजे के करीब आग लग गई। घर में बने गोदाम से आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए। सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन की दो गाड़ियों ने आग बुझाना शुरू किया। इसी बीच चौक और इंदिरानगर से भी दो दमकल की गाड़ियां मदद के लिए पहुंची। चार दमकल गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## दो झोपड़ियों में लगी आग गृहस्थी का सामान जला

गोसाईंगंज के घुसकर गांव में आचानक दो झोपड़ीयो में आग लग गई। जिससे दो किसानों की गृहस्थी पूरी तरह जल कर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक घुसकर गांव में रहने वाले किसान प्रेम सागर नंद किशोर गांव के करीब झोपड़ी डाल कर रहते है। शनिवार की दोपहर आचानक उनकी झोपड़ियों में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पूरी तरह बुझती तब तक गृहस्थी का सामान जल चुका था। किसानों का आरोप है कि आग अपने आप लगी नही किसी ने लगाई है। पीड़ितो की माने तो घर पास में चल रहे खनन के कार्य मे लगे लोगो ने ही आग लगाई होगी। जिससे पास के जंगल से आग घर तक पहुंच गई।


**उत्तर रेलवे**

No.: 228A-MechCWNoserepairLKO2 — **ई–निविदा सूचना** — Dated: 29.03.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर सख्या 228A-MechCWNoserepair LKO2 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 21.04.2025, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की IREPS पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

**कार्य का नाम:** प्रोविजन फॉर रिक्लेमेशन, रिपेयर, पेंटिंग, एंड फिटमेंट ऑफ ऑरेंज कलर एफ आर पी ऑफ फ्रंट एन्ड नोज कोन कप्लर (फ्रॉम सेक्शन-A टू सेक्शन-K एज डिफाइंड इन शेडूल ऑफ वर्क) एंड ऑफ एफ आर पी साइड वाल (सेक्शन 4,8,10 टू 16 एज डिफाइंड इन शेडूल ऑफ वर्क) ऑफ वन्दे भारत एक्सप्रेस बेस्ड एट LKO & BSB डिपो फॉर थ्री इयर्स ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग सिस्टम | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 21.04.2025 15.00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 01.04.2025 |
| प्री बिड येस / नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 1,17,07,722.60 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी0एण्डडब्ल्यू0 |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | %एज अबव / बिलो / एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,08,500.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 36 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 07.04.2025 | | |

982/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड नं0-2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ**

पत्रांकः-849/ई-टेन्डर/2024-25 — दिनांकः 24.03.2025

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड–2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी–ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) जी. एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | जवाहर भवन एनेक्सी विंग में सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 3.50 | 35000.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 2 | लखनऊ | जवाहर भवन नार्थ विंग में सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 3.40 | 34000.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 3 | लखनऊ | जवाहर भवन एनेक्सी विंग में रंगाई पुताई का कार्य। | 3.85 | 38500.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 4 | लखनऊ | जवाहर भवन साउथ विंग में सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 3.80 | 38000.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 5 | लखनऊ | जवाहर भवन नार्थ विंग स्थित कक्ष सं0–1001 से 1004 तक एवं 1021 के छत पर वाटर प्रूफिंग का कार्य। | 4.60 | 46000.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 6 | लखनऊ | जवाहर भवन साउथ विंग के विभिन्न कक्षों में रंगाई पुताई का कार्य। | 4.10 | 41000.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 7 | लखनऊ | जवाहर भवन नार्थ विंग के विभिन्न कक्षों में रंगाई पुताई का कार्य। | 3.90 | 39000.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 8 | लखनऊ | दारूलशफा कम्पाउण्ड स्थित बंगला न0–10 डा0 भीमराव अम्बेडकर महासभा कार्यालय में बाबा साहेब के जन्म दिवस समारोह हेतु परिसर में टेंट, फर्नीचर, कार्पेट बिछाने व अन्य सजावटी कार्य तथा परिसर की रंगाई एवं पुताई तथा सिविल अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। | 5.50 | 55000.00 | 860.00 | 02 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.04.2025 से 08.04.2025 तक उपलब्ध है जो दिनांक 08.04.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है।

इसकी निविदा दिनांक 08.04.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 03.04.2025 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड–2 (सिविल),
लो0नि0वि0, लखनऊ
ई–मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com

www.upidadv.gov.in
UPID : 231729 Dt. : 26/03/2025



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच**

**कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच**

पत्रांकः 1379/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा(18)/2024-25 — दिनांकः 24.03.2025

**ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच द्वारा .महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से स्वीकृति की प्रत्याशा में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई–टेन्डरिंग के माध्यम से जिनकी निर्माण लागत निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. कार्य का विवरण :– विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि/क्रिटिकल गैप

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (जी.एस.टी. छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बहराइच | नगर पंचायत कैसरगंज में मैनुद्दीन के घर से रफीक के घर तक सी0सी0 रोड व मेन रोड से रफीक के घर तक नाली निर्माण कार्य–कैसरगंज | 8.27 | 0.166 | 788.00 | 06 माह |
| 2 | बहराइच | ग्राम पंचायत मुण्डेरवा ठकुराइन के मजरा चन्दामऊ में इण्टरलाकिंग से पिन्टू तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 4.25 | 0.085 | 692.00 | 06 माह |
| 3 | बहराइच | गुरचाही शुक्ल पुरवा सम्पर्क मार्ग से राम नयन शुक्ल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य–पयागपुर | 9.38 | 0.188 | 788.00 | 06 माह |
| 4 | बहराइच | ग्राम पंचायत गंगाजमुनी में बिन्द्रा बाजार प्रतापपुर सम्पर्क मार्ग लोनियनपुरवा गाँव के बगल काली रोड से नहर तक खड़न्जा कार्य–विशेश्वरगंज | 5.57 | 0.112 | 788.00 | 06 माह |
| 5 | बहराइच | ग्राम पंचायत सतरही के मजरा बिन्द्रासिंहपुरवा में रामेन्द्र सिंह के घर के पास इण्टरलाकिंग से काली रोड तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 4.70 | 0.094 | 692.00 | 06 माह |
| 6 | बहराइच | ग्राम पंचायत जमुनहाकला के मजरा चौधरीपुरवा में छोटी नहर पुलिया से दानववीर बाबा स्थान तक खड़न्जा निर्माण कार्य। वि0ख0–विशेश्वरगंज | 12.44 | 0.249 | 788.00 | 06 माह |
| 7 | बहराइच | तहसील पयागपुर में 30 मीटर ऊँचा तिरंगा झण्डा निर्माण कार्य। | 8.60 | 0.172 | 788.00 | 06 माह |
| 8 | बहराइच | नगर पंचायत पयागपुर में सुप्रसिद्ध बाबा राम प्रकाश जी स्थल के पास सोलर वॉटर सिस्टम का निर्माण कार्य। वि0ख0–पयागपुर | 5.90 | 0.118 | 788.00 | 06 माह |
| 9 | बहराइच | ग्राम पंचायत अहिरौरा के ललगढा में राम केवल चौधरी के घर के पास मन्दिर के पास हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 10 | बहराइच | ग्राम पंचायत अहिरौरा के ललगढा में राजू के घर के पास मन्दिर के निकट हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 11 | बहराइच | ग्राम पंचायत अहिरौरा के माफी में राम फेरन वर्मा के घर के पास मन्दिर के पास हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 12 | बहराइच | ग्रा0पं0 रसूलपुर सरैया के बारीपुरवा में माताजी के स्थान पर हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 13 | बहराइच | ग्राम पंचायत बरौवा भदौली में प्राथमिक विद्यालय प्रथम तिराहे के पास हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0–चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 14 | बहराइच | ग्रा0पं0 बरौवा भदौली में रणवीर सिंह के घर के पास हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य–चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 15 | बहराइच | ग्रा0पं0 श्यामपुर नदौना में परशुराम यादव के घर के पास हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य–चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 16 | बहराइच | ग्राम पंचायत श्यामपुर नदौना में बच्चू लाल के घर के पास शिव मन्दिर पर हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 17 | बहराइच | ग्रा0पं0 श्यामपुर नदौना में ब्रह्म बाबा के स्थान पर हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 18 | बहराइच | ग्राम पंचायत मछियाही के पिडवा में शंकर जी के मन्दिर के पास रामायण भवन हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 19 | बहराइच | ग्राम पंचायत मछियाही में बछराज जायसवाल के घर के पास शिव मन्दिर पर हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 20 | बहराइच | ग्रा0पं0 मछियाही में शंकर जी के मन्दिर/गोदाम के पास मन्दिर हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 21 | बहराइच | ग्राम पंचायत उन्नैसा के भेठिया प्रसाद उन्नैसा में उदयराज वर्मा के घर के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 22 | बहराइच | ग्राम पंचायत उन्नैसा के भेठिया में घनश्याम वर्मा के मकान के सामने रोड पर हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 23 | बहराइच | ग्रा0पं0 रेडालाल में धूप नरायण के घर के सामने हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 24 | बहराइच | ग्राम पंचायत बरहिया में रामलीला मैदान पर हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 25 | बहराइच | ग्राम पंचायत बरहिया में मुनिजर के घर के पास शिव मन्दिर पर हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 26 | बहराइच | ग्रा0पं0 बरहिया में महादेव बाबा स्थान भुलई के घर के पास हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 27 | बहराइच | ग्रा0पं0 रसूलपुर सरैया में शंकर जी के मन्दिर के पास हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 28 | बहराइच | ग्रा0पं0 रसूलपुर सरैया के पासिनपुरवा में पुज्यनीय मन्दिर के पास हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य। वि0ख0 चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 29 | बहराइच | ग्राम पंचायत बरहिया में हनुमान मन्दिर नन्दू जायसवाल के घर के पास हाई मास्क लाइट स्थापना कार्य–विकास खण्ड चित्तौरा | 1.91 | 0.039 | 596.00 | 06 माह |
| 30 | बहराइच | डॉ0 श्री केशवराम बलराम हेडगेवार स्मृति द्वार का निर्माण कार्य इन्दिरा स्टेडियम के सामने–नगर क्षेत्र | 9.10 | 0.182 | 854.00 | 06 माह |

1. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि–15.04.2025
2. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 24.04.2025 अपरान्ह 12.00 बजे।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि 25.04.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्विपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं/बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई–निविदा पोर्टल पर जाए।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु "http://etebder.up.nic.in" को खोलें तथा बिड डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बहराइच
महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

www.upidadv.gov.in
UPID : 231818 Dt. : 28/03/2025

### बलिया में युवती की मौत का मामला

# कांग्रेस ने न्यायिक जांच की मांग की

**बलिया।** जिले में करीब एक सप्ताह पहले पेड़ पर लटके मिले युवती के शव के मामले में प्रदेश की कानून व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने न्यायिक जांच की मांग की कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान राय ने योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में जंगल राज फैला हुआ है। नगरा थानाक्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव में 20 वर्षीय युवती का शव जामुन के एक से लटका हुआ मिला था, जिसके बाद पुलिस हत्या और आत्महत्या के विवाद में उलझ गई। पुलिस ने आत्महत्या का दावा किया जबकि परिवार ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, नगरा थानाक्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव में 23 मार्च को युवती का शव पेड़ से लटका होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने बताया कि युवती की शिनाख्त पूजा चौहान (20) के रूप में हुई। राय शनिवार को सरयां गुलाब राय गांव पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। राय ने संवाददाताओं से कहा, बलिया जिले के



नगरा थाना क्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव आया हूं। कुछ दिन पहले एक बच्ची की हत्या हो गई। निश्चित रूप से यह हत्या है, आत्महत्या नहीं है। उन्होंने कहा, योगी जी की सरकार में पुलिस निरंकुश हो गई है। मनमाने तरीके से जो चाह रहे हैं, बोलते जा रहे हैं। निश्चित रूप से सत्ता पक्ष का हाथ है। परिजनों पर समझौता के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसका मतलब है कि पूरे तरीके से इसको दबाया और अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा, कांग्रेस इनके साथ सड़क पर खड़ी है। बच्ची को न्याय नहीं मिला तो है आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी उच्च स्तरीय जांच और न्यायिक जांच कराई जाय। राय ने कहा, पुलिस अधीक्षक ने कल बयान दिया था कि आत्महत्या प्रतीत हो रही है। अब पीछे हाथ बांधकर पेड़ में टांगा गया है। मैं तो एसपी (पुलिस अधीक्षक) साहब से यही कहूंगा कि पीछे हाथ बांधकर देख ले। क्या अपने हाथ से बांध सकते हैं। क्यों इस तरह की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पद पर बैठकर इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे जनता का विश्वास टूट रहा है और जनता पूरी तरह से दुखी है तथा थाने के चौकीदार अपनी बच्ची को न्याय नहीं दिला पा रहे हैं। राय ने कहा कि कांग्रेस इनके साथ खड़ी है और सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग करता हूं कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से इसकी जांच कराएं क्योंकि पुलिस के द्वारा इनको न्याय नहीं मिलेगा। राय ने एक्स पर घटना को लेकर पोस्ट किया, जिस लड़की का शव बरामद हुआ, उसके दोनों हाथ पीछे की ओर बंधे हुए थे। उसे देखकर कोई भी कह सकता है कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। लेकिन न जाने किस दबाव में बलिया पुलिस अधीक्षक इसे आत्महत्या का मामला बनाने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश का ईमानदार प्रशासन किसी मामले में तो निष्पक्षता से जांच कर ले। हालांकि कहीं इस मामले में भी तो सत्ता के किसी आदमी की मिलीभगत तो नहींउ वैसे भी बहन-बेटियों की आबरू का मखौल बनाने में तो ए सरकार उस्ताद है।**(भाषा)**

# जीएसटी के नाम पर अवैध वसूली करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**बरेली।** जिले में पुलिस ने जीएसटी के नाम पर ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन अन्य फरार हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शीशगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात पुलिस नियंत्रण केंद्र को सूचना मिली कि टांडा छंगा-बहेड़ी रोड पर कार में सवार कुछ लोग ट्रकों को रोक कर चालकों से जबरन रुपए वसूल रहे हैं। सूचना मिलते ही शीशगढ़ पुलिस ने मौके पर जाकर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देखते ही कार के बाहर खड़े तीन लोग अंधेर का लाभ उठा कर भाग गए, जबकि कार में बैठे दो लोगों को मौके पर ही दबोच लिया गया। एसएचओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामपुर जिले के जगदीप सिंह और उत्तराखंड के रुद्रपुर के संजयदास के रूप में की गई है। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास एक देशी पिस्तौल, तमंचा,




ट्रक चालकों से वसूले गए दो हजार रुपए, एक लैपटाप और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ अवैध वसूली और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनके पास मिली कार को जब्त कर लिया गया है और फरार हुए तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए जगदीप सिंह और संजय दास ने बताया कि उनके फरार हुए साथियों के नाम अमृतपाल, चेतन और गुड्डू हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे उत्तराखंड की ओर से आने वाले ट्रकों को रोककर उनमें लदे माल का जीएसटी बिल दिखाने के नाम पर अवैध वसूली करते थे। जो ट्रक चालक रुपए नहीं देता, उसे पिस्तौल या तमंचा दिखाकर धमका देते थे।**(भाषा)**

# विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष व सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**ग्रुप 5 संवाददाता**

**बेलहरा बाराबंकी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय करनपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक एम.आई नादिम ने बताया कि शनिवार को ब्लॉक स्तरीय अध्यक्ष एवं सचिवो का एक दिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड के 204 स्कूलों के अध्यक्षों व सचिवों ने प्रतिभाग किया।इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक एआरपी अजीत प्रताप सिंह ने विद्यालय प्रबंध समिति की संरचना उनकी नियुक्ति व अधिकारों तथा कर्तव्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। एआरपी अरविंद प्रताप सिंह ने बैठकों को नियमित किए जाने पर बल दिया। एआरपी अनूप कुमार चतुर्वेदी व संजय सिंह ने विद्यालय प्रबंध समिति के वित्तीय अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने सामुदायिक सहभागिता पर बल देते हुए लोगों से अधिक से अधिक संपर्क करके नामांकन व ठहराव पर चर्चा की साथ ही उन्होंने बैठकों को नियमित किए जाने व कोरम पूरा किए जाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर पवन कुमार सिंह, अमित कुमार, एजाजुद्दीन, मो इसराइल, राजाराम, जयराज सिंह, पुष्पा यादव, अंकित शुक्ला, अब्दुल हमीद, सिंघा विशुनपुर, सुशीला सरोजिनी, कमलेश, राम कुबेर, रामदुलारे, सीताराम आदि उपस्थित रहे।

# मधानापुर और गोपालपुर गांव में फैला चिकन पॉक्स का संक्रमण



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** मधानापुर और गोपालपुर गांव में चिकन पॉक्स का संक्रमण फैल गया है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दो दर्जन से अधिक लोग इस बीमारी से प्रभावित हुए है। गोपालपुर में ललित कुमार 35, भूलेश 32, श्रीलेश 30,राज 12 और अनिल समेत कई लोग संक्रमित पाए गए है। मधानपुर में रौनक, रामधुफल, रियांश 6, सोनी, लकी यादव 4,सुधाकर, राजेश और रामगुलाम 36 सहित अन्य लोगों में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह के निर्देश पर मेडिकल टीम ने गांव का दौरा किया। टीम में डॉ देवेंद्र सिंह,डॉ देव प्रताप सिंह, अभय सिंह, फार्मासिस्ट अमित दुआ, बीसीपीएम शैलेश रावत और आशा कार्यकर्ता शामिल थे। चिकित्सकों के अनुसार, गांव में फैली गंदगी और मौसम में बदलाव के कारण यह बीमारी फैल रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर मरीजों की जांच कर रही है। संक्रमित मरीजों को दवाइयां वितरित की गई हैं और उन्हे आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है।

## सड़क पर गड्ढे के चलते स्कूटर से गिरकर महिला की मौत

**सीतापुर।** जिले के लहरपुर कोतवाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे सर्विस रोड पर गड्ढे के कारण एक महिला की स्कूटर से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की निवासी रानी रस्तोगी (50) अपने बेटे मनीष के साथ स्कूटर से सीतापुर में नेत्र चिकित्सालय जा रही थी तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, स्कूटर का अगला टायर सड़क पर बने गड्ढे में फंस गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। उन्होंने बताया कि रानी रस्तोगी स्कूटर से गिर गई और उनके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी तत्काल मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रानी के बेटे मनीष रस्तोगी ने बताया कि उनकी मां की मौत का कारण सड़क पर बना बड़ा गड्ढा है। उन्होंने बताया, सड़क पर बने बड़े गड्ढे के कारण मां स्कूटर से गिर गई और सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई।**(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में वायुसेना के सिविल इंजीनियर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** जिले के पूरामुफ्ती थाने की एयरफोर्स कॉलोनी में शनिवार की सुबह वायुसेना के सिविल इंजीनियर एस एन मिश्रा (51) की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वह अपने कमरे में सो रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने संवाददाताओं को बताया कि शनिवार को एयरफोर्स स्टेशन के अंदर इंजीनियर्स कॉलोनी में एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। इस सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर एसओजी और सर्विलांस की टीम भी मौजूद है। एयरफोर्स स्टेशन के चारों ओर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरों की जांच की जा रही है और सभी साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। डीसीपी भारती ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे का जो फुटेज उपलब्ध हुआ है उसमें एक अभियुक्त को चारदीवारी पार कर अंदर आते हुए देखा जा रहा है। पूरामुफ्ती थाने के प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह भारतीय वायु सेना के सिविल इंजीनियर एस एन मिश्रा अपने कमरे में सो रहे थे, तभी खिडक़ी से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि गोली उनके सीने में लगी और उन्हें सेना के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सिंह ने बताया कि मिश्रा के परिवार में उनकी पत्नी और बेटा साथ रहते हैं, जबकि बेटी लखनऊ में पढ़ती है। उन्होंने बताया कि परिजनों से तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।**(भाषा)**

### वित्तीय अनियमितता के आरोप में ग्राम विकास अधिकारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

**बलिया।** जिले के मुरली छपरा विकास खंड के कोडहरा नोबरार ग्राम पंचायत में 53 लाख रुपए के वित्तीय अनियमितता के आरोप में ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ओजस्वी राज ने शनिवार को बताया कि कोडहरा नोबरार ग्राम पंचायत के राम किशोर द्वारा शिकायत किया गया कि ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत से बिना कार्य कराए ही धनराशि का आहरण किया गया है। सीडीओ ने कहा कि शिकायत के क्रम में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की जांच खंड विकास अधिकारी, मुरली छपरा एवं लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता से कराई गई जिसमें यह तथ्य प्रकाश में आया कि निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता की गई है। अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सचिव देवानंद गिरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा प्रकरण में सचिव के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिक दर्ज कराने हेतु कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रकरण में संलिप्त कर्मचारियों की जांच जिला विकास अधिकारी बलिया द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित ग्राम प्रधान के विरुद्ध भी पंचायत अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि जांच में 53 लाख रुपए के वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है।**(भाषा)**

### दो नाबालिग बालकों के साथ तीन युवकों ने कुकर्म किया, मामला दर्ज

**बुलंदशहर।** जिले के चोला थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन युवकों ने कथित तौर पर दो नाबालिग बच्चों के साथ कुकर्म किया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनका 13 साल का बेटा और गांव का ही 11 वर्षीय बच्चा खेल रहे थे, तभी गांव के ही दो युवकों और उनके एक साथी ने योजना बनाकर दोनों बच्चों को एक निर्माणाधीन मकान में बुला लिया। आरोप है कि बच्चों को डरा धमकाकर आरोपियों ने उनके साथ कुकर्म किया और किसी को बताने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि डरे सहमे बच्चों ने किसी को नहीं बताया और डर की वजह से उन्होंने खाना पीना भी कम कर दिया, जब इस बाबत उनसे पूछा गया तो उन्होंने घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार एक बच्चे के पिता की शिकायत के आधार पर प्रशांत, विशाल और जतिन के खिलाफ बृहस्पतिवार की रात मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कुमार ने शनिवार को बताया मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।**(भाषा)**

### हिंदू दुकानदार के मस्जिद जाने से लोगों में आक्रोश, शुद्धिकरण की मांग

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक हिंदू दुकानदार के स्थानीय मस्जिद में शाम की नमाज में अपने मुस्लिम पड़ोसियों के साथ शामिल होने के बाद विवाद छिड़ गया और हिंदूवादी समूहों ने उसके औपचारिक शुद्धिकरण की मांग की। अलीगढ़ के मामू भांजा इलाके में सुनील राजानी नाम का एक दुकानदार शाम को नमाज के लिए अपने मुस्लिम पड़ोसियों के साथ शामिल हुआ। रोजा खोलने के बाद युवक के इस कृत्य का किसी ने वीडियो बनाया, जो कुछ ही देर में वायरल हो गया और इसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक स्थानीय नेता मोनू अग्रवाल ने पत्रकारों से कहा कि सुनील को न केवल अपने कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए बल्कि शहर के बाहरी इलाके में स्थित प्रसिद्ध खीरेश्वर मंदिर में शुद्धिकरण भी करवाना चाहिए, जिसके बाद ही उसे अपनी इलेक्ट्रिक सामान बेचने वाली दुकान खोलने की अनुमति दी जाएगी। वहीं सुनील ने अपनी सफाई में कहा कि वह आवेग और जिज्ञासावश मस्जिद में गया था लेकिन उसने गंगाजल छिड़ककर तुरंत खुद को शुद्ध करने का प्रयास किया। इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। **(भाषा)**

# प्रसूता की मौत पर जांच शुरू : एसीएमओ की टीम ने हॉस्पिटल के दस्तावेज खंगाले



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** एक प्रसूता की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। एसीएमओ डॉ. लवभूषण गुप्ता और डॉ. नासिर कमाल की टीम ने सांई हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर का निरीक्षण किया। मालूम हो कि मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सिंगहा मजरे अहिरनपुरवा की रहने वाली आरती को गुरुवार रात करीब 9:15 बजे खून की कमी के कारण सांई हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने मरीज को लखनऊ रेफर किया। परिजनों ने रात होने का हवाला देते हुए वहीं इलाज कराने का आग्रह किया। अगली सुबह आरती की हालत में सुधार नहीं हुआ। तब उसे जांच के लिए वर्धमान डायग्नोस्टिक सेंटर भेजा गया। रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। डॉक्टर लवभूषण गुप्ता ने बताया कि पुलिस की सिफारिश पर मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों को बयान दर्ज कराने के लिए कार्यालय बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रसूता के पेट में रुई का बंडल छूटने पर महिला चिकित्सक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मेरठ।** जिले में पुलिस ने पांच वर्ष पहले प्रसव के ऑपरेशन के दौरान पेट में रुई का बंडल छोड़ने के मामले में महिला की शिकायत पर संबंधित महिला चिकित्सक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। टीपी नगर थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि रासना गांव में रहने वाली पीड़िता रजनी शर्मा की शिकायत और अदालत के आदेश पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम)-दो प्राची अगवाल के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार,



अदालत में दायर याचिका में रजनी शर्मा ने आरोप लगाया कि 30 जून 2018 को उन्होंने सिरोही नर्सिंग होम में बेटी को जन्म दिया था। याचिकाकर्ता ने बताया कि डॉ. शिखा जैन ने प्रसव ऑपरेशन किया था और प्रसव के बाद लगातार उनके पेट में दर्द रहने लगा। रजनी शर्मा ने अदालत को बताया कि वह कई बार डॉ. शिखा जैन के पास गई और उन्होंने कई बार चेकअप भी किया और पेट में अल्सर होने की बात कहते हुए दवा दे दी, जिससे आराम नहीं मिला और हालत लगातार बिगड़ती चली गई। याचिकाकर्ता ने बताया कि डॉ. शिखा जैन ने उसे ऑपरेशन कराने की सलाह दी और इसमें करीब चार से पांच लाख रुपए का खर्च बताया। पीड़िता ने बाद में मेडिकल कॉलेज में अपना उपचार कराया, जहां दो ऑपरेशन हुए। रजनी ने कई अधिकारियों समेत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले की शिकायत की और जांच में सामने आया कि डॉ. शिखा जैन की लापरवाही से ऑपरेशन के दौरान उनके पेट में रुई रह गई थी। आरोपी महिला चिकित्सक शिखा जैन ने बातचीत में महिला द्वारा लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से नकाराते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं है और यह सिर्फ पैसा ऐंठने का एक तरीका है। डॉ. जैन ने महिला के आरोपों पर कहा, रजनी के पहले भी ऑपरेशन हुए हैं और मैंने कोई अकेले ऑपरेशन नहीं किया। महिला के तीन ऑपरेशन हो चुके हैं और फिर तीन-चार साल में कोई मरीज मेरे पास आएगा नहीं तो मुझे क्या पता कि उसने तीन-चार साल में क्या कराया है और क्या नहीं कराया। वहीं मेरठ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने महिला की शिकायत के बारे में बताया कि महिला ने उनके कार्यालय में आकर शिकायत की है और उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। **(भाषा)**

# एक अप्रैल 2025 को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का होगा शुभारंभ



**ग्रुप 5 संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान (एक अप्रैल 2025 से तीस अप्रैल 2025 तक) की जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय तैयारी बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागो से उनके द्वारा की गयी तैयारियों एवं माइक्रो प्लान को लेकर समीक्षा की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संचारी रोगों यथा कुष्ठ, डायरिया तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन हेतु अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाएं तथा सभी विभागों को निर्देश दिये कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। दस्तक अभियान तथा संचारी अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटीलार्वा, साफ-सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालय के आसपास यदि गंदगी मिलती है तो तत्काल साफ सफाई कराए। उन्होंने सफाई कार्य के दौरान की जियो टैग फोटो भी भेजने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केन्द्र अधिक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एसएमओ डब्लूएचओ डीएमसी यूनिसेफ, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने शहरी प्रधानमंत्री आवास की किया समीक्षा

**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के तहत सभी पात्र एवं जरूरतमंदों




के सिर पर छत का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के द्वितीय चरण में पात्रों का चयन कर उनको प्राथमिकता से लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा नगर निकायों से पात्र लाभार्थियों की डीपीआर तैयार कर भेजे जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके क्रम में शासन द्वारा निर्धारित पात्रता की शर्तों के दिशा निर्देशानुसार सत्यापन कर रिपोर्ट भेजी जानी है। उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदक का मोबाइल से लिंक आधार कार्ड होना अनिवार्य है। इसके साथ ही बैंक की पासबुक की छायाप्रति, आवेदक का तीन लाख रूपये वार्षिक तक का आय प्रमाण पत्र, आवेदक के परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, आवेदक का पैन कार्ड, आवेदक के जमीन से सम्बन्धित दस्तावेज होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन परिवार में महिला के नाम से कराना अनिवार्य है। सिर्फ एकल पुरुष ही परिवार में है तो अपने नाम से आवेदन कर सकता है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका /नगर पंचायत अंबेडकर नगर तथा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों ने सीखे साइबर अपराध से बचने के गुर

**देहरादून, एजेंसी।** सुभारती यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें छात्रों ने साइबर अपराध से बचने के गुर सीखे। साइबर थाना इंचार्ज मनोज बेनीवाल के छात्रों को साइबर खतरों और उनके बचाव संबंधित कानून व तकनीकी उपाय बताए। पूर्व जिलाधिकारी चेतन नौटियाल, सहायक नगर आयुक्त विजय चौहान, कुलपति डॉ. हिमांशु एरेना ने कहा, शिविर छात्रों को नेतृत्व करने की कला सिखाते हैं। इन शिविरों में छात्र विकास, समाजसेवा, सामाजिक सौहार्द, देश भक्ति के गुर भी सीखते हैं।

### अमृत कुंभ स्मारिका के वास्तु विशेषांक का विमोचन

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड विद्वत सभा की ओर से अमृत कुंभ स्मारिका के वास्तु विशेषांक का विमोचन किया गया। साथ ही सभा के सदस्यों को सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को गुरु रोड स्थित एक पैलेस में हुए कार्यक्रम में टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत कृष्णा गिरी महाराज, बीकेटीसी के धर्माधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल समेत अन्य अतिथियों ने संवत 2082 में अमृत कुंभ वास्तु विशेषांक स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही सभा के सदस्यों को प्रशस्तिपत्र देकर नवाजा गया। अध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद ममगाईं ने कहा कि यह विशेष स्मारिका वास्तु विज्ञान और आध्यात्मिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। इस अवसर पर आचार्य राजेश अमोली, मनमोहन शर्मा, दिगंबर रवि गिरी महाराज, राम भूषण बिजल्वाण, कल्याण चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश में 36 व्यापारियों के जीएसटी पंजीकरण निलंबित, राज्य कर मुख्यालय लगातार कर रहा समीक्षा

**देहरादून, एजेंसी।** कर रहा है। जिन व्यापारियों का जीएसटी बकाया है उन्हें लेकर राज्य कर मुख्यालय लगातार समीक्षा कर रहा है। बृहस्पतिवार को 8.56 करोड़ जमा होने के साथ ही 36 व्यापारियों के पंजीकरण निलंबित किए गए। उत्तराखंड के अब तक 3190 व्यापारियों के जीएसटी पंजीकरण राज्य कर विभाग ने अब तक निलंबित किए हैं। ये ऐसे व्यापारी हैं जो या तो रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे हैं या फिर बकाया जमा नहीं करा रहे हैं।विशेष अभियान के तहत बृहस्पतिवार को व्यापारियों ने 8.56 करोड़ बकाया जमा कराया। राज्यकर विभाग अभियान चला रहा है। इसकी राज्य कर मुख्यालय लगातार समीक्षा कर रहा है। जिन व्यापारियों का जीएसटी बकाया है उन पर कार्रवाई की जा रही है। बृहस्पतिवार को 8.56 करोड़ जमा होने के साथ ही 36 व्यापारियों के पंजीकरण निलंबित किए गए। इस प्रकार अब तक लंबे समय से रिटर्न दाखिल न करने वाले 278 और बकाया जमा न कराने वाले 2912 डिफाल्टर व्यापारियों के पंजीकरण निलंबित कर दिए गए हैं। इस अभियान के तहत प्रवर्तन इकाइयों ने अभी तक 68 मालवाहक वाहनों को रोककर लंबे समय से चला आ रहा बकाया 1.14 करोड़ रुपये जमा कराया गया। वर्तमान में जारी जीएसटी ब्याज व अर्थदंड माफी योजना की अंतिम तिथि 31 मार्च है। इसका लाभ लेने के लिए कुल 3477 व्यापारियों ने मूल कर की राशि करीब 75 करोड़ जमा करा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा कराया है। विभाग सभी बकायेदारों को जागरूक कर रहा है।

### मनमानी : महंगी किताबें थोप रहे निजी स्कूल

**देहरादून, एजेंसी।** विद्यालयों में एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से पहले निजी विद्यालयों की मनमानी अभिभावकों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। स्कूल निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें मंगा रहे हैं। इससे अभिभावकों का बजट बिगड़ रहा है। एक अभिभावक ने बताया कि उनकी बेटी, जो कक्षा 10 में पढ़ती है, उसकी किताबों का सेट करीब 8000 रुपये में आया है। उन्होंने कहा, इन किताबों में एनसीईआरटी के अलावा महंगे निजी प्रकाशनों की किताबें जोड़ी गई हैं, और अब अध्यापक बच्चों से गाइड अलग से खरीदने को कह रहे हैं। बताया कि उनकी साल भर की पूंजी नए सत्र में दोनों बच्चों की किताबें खरीदने में खर्च हो गई है। एक अन्य अभिभावक ने बताया कि किताबों के साथ स्कूल उन्हें अपनी विशेष ब्रांडेड कॉपियां खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

# चारधाम यात्रा के लिए तैयार परिवहन विभाग, चलाई जाएंगी 125 रोडवेज बसें, यात्रियों को मिलेंगी सहूलियतें

**देहरादून, एजेंसी।**

चारधाम में उत्तराखंड परिवहन विभाग भी यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने में अहम भूमिका निभाता है. ऐसे में उत्तराखंड परिवहन विभाग ने परिवहन निगम की 125 बसों को चारधाम यात्रा रूट पर तैनात करने का निर्णय लिया है. ताकि, चारधाम आने वाले यात्रियों को सहूलियत मिल सके. वहीं, दूसरी ओर ट्रैफिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है. साथ ही सभी वाहन जो भी चारधाम यात्रा रूट पर संचालित होंगी, उन सभी वाहनों की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी परिवहन निगम के पास रहेगी.



30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा 2025~ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2025 आगामी 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही शुरू हो रही है. जिसके चलते चारधाम से संबंधित विभाग तैयारियों में जुटी हुई है. इसी कड़ी ने परिवहन विभाग भी तैयारियों में जुटा है. ताकि, चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को परिवहन संबंधित दिक्कतों का सामना न करना पड़े.

चारधाम यात्रा में चलाई जाएंगी 125 रोडवेज बसें~ आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर परिवहन निगम 125 बसों को चारधाम यात्रा रूट पर संचालित करने का निर्णय लिया है. ऐसे में इन बसों का ग्रीन कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है. ताकि, इन बसों को यात्रा रूट पर संचालित किया जा सके. हालांकि, ये बसें कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट पर चलाई जाएंगी.

साल 2024 में चारधाम यात्रा में पहुंचे 5 लाख 20 हजार वाहन~ हर साल चारधाम यात्रा के दौरान लाखों निजी और कमर्शियल वाहनों का आवागमन होता है. पर्यटन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, साल 2023 में चारधाम यात्रा के दौरान 5,68,459 वाहन चारधाम पहुंचे थे. वहीं, साल 2024 के दौरान करीब 5 लाख 20 हजार वाहन पहुंचे थे, लेकिन अभी चारधाम की यात्रा शुरू नहीं है.

जबकि, यात्रा के लिए हो रहे रजिस्ट्रेशन के आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च 2025 की शाम तक 10,783 निजी वाहनों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है. जिसके जरिए श्रद्धालु धामों के दर्शन करने जाएंगे. हालांकि, अभी कमर्शियल वाहनों का ग्रीन कार्ड बनने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि इस साल चारधाम यात्रा के दौरान धामों में आने वाले वाहनों की संख्या का आंकड़ा 6 लाख के पार हो सकता है. साल 1968 में पहली बार बदरीनाथ में पहुंची थी बस~ बता दें कि साल 1968 में पहली बार बदरीनाथ में बस पहुंची थी. उस दौरान बदरीनाथ धाम में हर यात्रा सीजन के दौरान करीब 60 हजार लोग यात्रा करते थे. इसके साथ ही साल 1969 में गंगोत्री तक मोटर मार्ग बने और साल 1987 में भैरों घाटी का पुल बनने के बाद अचानक गंगोत्री में वाहनों एवं यात्रियों की संख्या में तेजी से इजाफा होने लगा.

साल 2020 से चारधाम यात्रा पर रोडवेज बसों का संचालन हुआ था शुरू~ चारधाम यात्रा मार्गों पर परिवहन निगम की बसों का संचालन पहली बार कोरोना काल यानी साल 2020 से शुरू की गई थी. क्योंकि, उस दौरान बसों में यात्री क्षमता को 50 फीसदी कर दिया गया था. जिसके चलते निजी बस ऑपरेटरों ने हाथ खड़े कर दिए थे. जिसके बाद से ही परिवहन निगम यात्रा रूटों पर रोडवेज की बसों को संचालित कर रहा है. इसी कड़ी में चारधाम यात्रा 2025 के दौरान भी यात्रा रूटों पर परिवहन निगम ने 125 बसें संचालित करने का निर्णय लिया है.

क्या बोलीं उत्तराखंड परिवहन निगम की एमडी रीना जोशी? वहीं, उत्तराखंड परिवहन निगम की एमडी रीना जोशी ने बताया कि आगामी चारधाम यात्रा को लेकर परिवहन निगम की तैयारियां पूरी है. इस बार भी चारधाम यात्रा रूट पर निगम की बसों का संचालन किया जाएगा. फिलहाल, यात्रा रूट पर 125 बसों को लगाया जाएगा, लेकिन अगर यात्रियों की आवाजाही के लिए परिवहन विभाग को बस की जरूरत होगी तो परिवहन विभाग को भी बसें उपलब्ध कराई जाएगी. इसके साथ ही ऋषिकेश, हरिद्वार और श्रीनगर डिपो में अतिरिक्त मैन पावर के साथ ही जरूरी उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे. इतना ही नहीं 125 बसों के अलावा भी कुछ बसों को रिजर्व में भी रखा जाएगा. ताकि, कोई बस खराब हो जाती है तो यात्रियों को किसी अन्य बस से भेजा जा सके.

## यूसीसी : अब सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भी होंगे विवाह व वसीयत पंजीकरण, ये बाध्यता भी की गई खत्म

**देहरादून, एजेंसी।**

विवाह पंजीकरण में आ रही दिक्कतों के समाधान को लेकर मुख्य सचिव ने बैठक की।अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त करने के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय में विवाह पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने पर सहमति बनीं थी। जल्द प्रदेश के सभी 13 जिलों में स्थित उप निबंधक कार्यालयों में भी विवाह पंजीकरण हो सकेंगे। प्रदेश में लागू समान नागरिक संहिता नियमावली के तहत अब सभी जिलों में स्थित उप निबंधक (सब रजिस्ट्रार) कार्यालयों में भी विवाह और वसीयत का पंजीकरण हो सकेगा। अभी प्रदेश के सामुदायिक सुविधा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से पंजीकरण कराने की सुविधा है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में गठित उच्च अधिकार प्राप्त समिति ने यह सिफारिश की है। बता दें कि अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त करने के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय में विवाह पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने पर सहमति बनीं थी। समिति की सिफारिश के मुताबिक, जल्द प्रदेश के सभी 13 जिलों में स्थित उप निबंधक कार्यालयों में भी विवाह पंजीकरण हो सकेंगे। साथ ही वसीयत के पंजीकरण की सुविधा होगी। राज्य सचिवालय में हुई समिति की बैठक में यूसीसी पोर्टल के माध्यम से विवाह पंजीकरण में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों के समाधान पर चर्चा हुई। बैठक में यूसीसी पोर्टल के सरलीकरण और उसे और अधिक सुगम बनाए जाने पर जोर दिया गया। विवाह पंजीकरण में शादी की फोटो अपलोड करने की अनिवार्यता को खत्म करने पर विचार हुआ। फोटो अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। दंपत्ती के आधार से सिस्टम फोटो ले लेगा। यानी आधार की फोटो से काम चल जाएगा। डीजी लॉकर में प्रमाण पत्र समिति ने विवाह पंजीकरण के प्रमाण पत्र को डीजी लॉकर में उपलब्ध कराए जाने के सुझाव पर भी अपनी सहमति दी।



### पौंधा में छात्रों के बीच हुए विवाद में पुलिस की दबिश जारी

**देहरादून, एजेंसी।** प्रेमनगर के पौंधा क्षेत्र में छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़ित छात्र मानस यादव की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सात छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

ढ़थाना क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों के एक गुट ने 24-25 मार्च की रात को फायरिंग की थी। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि इस मामले में मनस्वी फरासी और हरिवंश मगलूरिया को

## सरकारी मेडिकल कॉलेजों को मिले 1231 नए नर्सिंग अधिकारी

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश के सभी पांच सरकारी मेडिकल कॉलेजों को 1231 नए नर्सिंग अधिकारी मिल गए हैं। बृहस्पतिवार को दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्तिपत्र प्रदान किए। सीएम ने 26 करोड़ की लागत से तैयार ऑडिटोरियम का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अब सरकारी मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। कोरोना महामारी के दौरान नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जब पूरा विश्व इस संकट से जूझ रहा था, तब हमारे नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मी फ्रंटलाइन वॉरियर बनकर निस्वार्थ सेवा में जुटे थे। कहा कि नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारी पूर्ण निष्ठा, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करेंगे और राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में 11 लाख से अधिक मरीजों को 2100 करोड़ रुपये से ज्यादा के कैशलेस उपचार का लाभ मिल चुका है। इसके अलावा राज्य के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जा रहा है, ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके जिले में ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। राज्य के प्रत्येक क्षेत्र के लिए हेली एंबुलेंस सेवा भी प्रारंभ की गई है, जो किसी भी आपात स्थिति में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।

## वनाग्नि : मार्च भी खत्म होने का आया, अग्निरोधी सूट नहीं पहुंच पाया, प्रस्ताव पर फैसला होना बाकी

**देहरादून, एजेंसी।**

जंगल की आग के नियंत्रण और सुरक्षा के लिए वन कर्मियों को अग्निरोधी सूट देने की योजना थी। हाल ये है कि 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो चुका है और मार्च का महीना खत्म होने का आ गया है, लेकिन अभी तक अग्निरोधी सूट नहीं मिल पाए।




फायर सीजन चल रहा है, इसमें मार्च का महीना भी खत्म होने को आ गया है। पर अभी तक वन कर्मियों को अग्निरोधी सूट और संसाधन नहीं मिल सके हैं। वहीं, शासन ने पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को राज्य में वनाग्नि नियंत्रण के लिए प्रस्ताव भेजा था, इस पर फैसला होने का इंतजार है। जंगल की आग के नियंत्रण को लेकर कई योजनाएं बनाई गई है। इसी के तहत जंगल की आग के नियंत्रण और सुरक्षा के मद्देनजर वन कर्मियों को अग्निरोधी सूट देने की योजना है। यह अग्निरोधी सूट आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से वन विभाग को मिलने हैं, पर हालत यह है कि 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो चुका है और मार्च का महीना खत्म होने का आ गया है लेकिन अभी तक यह सूट वन कर्मियों को नहीं मिल सके हैं। वन विभाग में फील्ड में करीब तीन हजार वन कर्मी तैनात रहते हैं, जबकि फायर सीजन में वन विभाग लगभग चार हजार फायर वॉचर को तैनात करता है। पिछले साल बिनसर अभयारण्य में जंगल की आग की चपेट में आने पर कई वन कर्मियों की मौत भी हो गई थी। इसके अलावा शासन ने राज्य में वनाग्नि नियंत्रण को लेकर मंत्रालय में पांच साल की कार्ययोजना भेजी थी, यह कार्ययोजना पिछले साल अक्तूबर में भेजने की बात कही गई थी। लेकिन, इस पर फैसला नहीं हो सका है। इस संबंध में मंत्रालय में बैठक होना बाकी है। इस संबंध में अपर प्रमुख वन संरक्षक वनाग्नि नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन निशांत वर्मा का कहना है कि अग्निरोधी सूट जल्द उपलब्ध कराने के संबंध में आपदा प्रबंधन विभाग से अनुरोध किया गया है। इसके अलावा मंत्रालय को जो प्रस्ताव भेजा गया है, उस पर मीटिंग होना बाकी है। वन विभाग ने वनाग्नि नियंत्रण को लेकर कई प्रयास किए हैं, इसमें मौसम विभाग से वन विभाग के हिसाब से मौसम का पूर्वानुमान बताने वाला बुलेटिन देने के लिए एमओयू किया था। वनाधिकारियों के अनुसार यह बुलेटिन मिलना शुरू हो गया है, जिसे वन कर्मियों को भेजा जा रहा है। इसके अलावा जंगल की आग की सूचना, चेतावनी देने के लिए एक मोबाइल एप विकसित किया गया है।

## गरीबों को बांटा जाना था खराब चावल, छापेमारी हुई तो खुल गया खेल

**देहरादून, एजेंसी।**

सैकड़ों कुंतल खराब चावल की खरीद गई। जिम्मेदार अफसरों के निलंबन की तैयारी है।गुलरघाटी में स्थित खाद्य गोदाम पर प्रशासन की कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही। मामले में एसएमओ और आरओ पर गाज गिर सकती है।

गढ़वाल मंडल में आंगनबाड़ी केंद्रों और गरीबों को बांटने के लिए सैकड़ों कुंतल खराब चावल की खरीद करने के बाद गोदाम में भंडारण किया गया। गुणवत्ता के पैमाने पर फेल यह चावल मंडल के विभिन्न जिलों में गरीबों को बांटने की तैयारी थी। इससे पहले डीएम सविन बंसल ने छापा मारकर सैंपलिंग कराई।



दो दिनों की छापेमारी में 25 में से 17 लाट यानी करीब 2200 क्विंटल चावल सैंपलिंग में फेल निकले। सैंपल में फेल चावल सील करा दिया गया है, वहीं जिम्मेदार अफसरों के निलंबन की तैयारी है।गुलरघाटी में स्थित खाद्य गोदाम पर प्रशासन की कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही।

एडीएम प्रशासन जयभारत सिंह प्रशासनिक अमले के साथ खाद्य गोदाम पहुंचे। चावलों के नमूनों में से 12 लॉट (करीब 2200 क्विंटल चावल) के नमूने फेल हो गए। जांच में सामने आया कि पूरा खेल खाद्य विभाग व राइस मिलों से जुड़ा है। जांच अधिकारियों के अनुसार चावल की खरीद खाद्य विभाग की ओर से की जाती है।

खाद्य विभाग ने राइस मिल से टूटा, पुराना और काला चावल सस्ते दामों पर खरीदा। काले चावल को पालिश कराकर खरीदा गया। यह चावल गरीबों में बांटा जाना था। सवाल यह भी है कि आखिर खराब चावल मिल से क्यों खरीदा। जांच में सामने आया है कि मिल से गुणवत्ताविहीन चावल सस्ते दामों पर खरीद करने के बाद उसे जनता में वितरण के लिए भेजा जा रहा था।

डीएम ने एआरओ को प्रतिकूल प्रविष्टि, वेतन रोकने और विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक टीम ने गोदाम में फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट के आधार पर खाद्यान्न स्टोर और विपणन के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए, ताकि गोदाम से गुणवत्ता के साथ खाद्यान्न का विपणन हो सके।

नियमानुसार चावल की राइस मिल से खरीद व गोदाम से जिलों में भेजने के समय अनाज की सैंपलिंग अनिवार्य है। लेकिन न तो खरीद के समय सैंपल लिया जा रहा था, ना ही जिले में भेजते समय। लंबे समय से राइस मिलों से सस्ता व पुराना चावल खरीदकर उसे बंटवाने के लिए भेजने का काम चल रहा था। इसके लिए क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक से लेकर जिलों के खाद्य अधिकारी तक आंख मूंदे हुए थे। खाद्य गोदाम पर प्रशासन की कार्यवाही दूसरे दिन पूरी हो गई। अब विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## नेपाल सीमा के पास बनने वाले भूमि बंदरगाह निर्माण की एक अड़चन दूर

**देहरादून, एजेंसी।**

नेपाल सीमा के पास बनने वाले भूमि बंदरगाह निर्माण की अड़चन दूर होने से अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक गतिविधियां और तेज हो सकेंगी। इस योजना पर करीब तीन साल पहले कवायद शुरू की गई थी।

नेपाल सीमा के पास बनने वाले भूमि बंदरगाह निर्माण की एक बड़ी अड़चन दूर हो गई है। वन भूमि हस्तांतरण से जुड़ी क्षतिपूरक वनीकरण की शर्त को पूरा करने के लिए भूमि मिल गई है। इसके बाद प्रस्ताव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेज दिया गया है।



नेपाल सीमा के पास भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण की भूमि बंदरगाह विकसित करने की योजना है, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक गतिविधियां और तेज हो सकेंगी। इस योजना पर करीब तीन साल पहले कवायद शुरू की गई थी। इसके लिए तराई पूर्वी वन प्रभाग के खटीमा रेंज में 32 हेक्टेयर वन भूमि को चिह्नित किया गया। इसका प्रस्ताव विभिन्न चरणों से होते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय पहुंच गया।

प्रस्ताव के तहत संबंधित वन भूमि के बदले अवनत वनों में क्षतिपूरक वनीकरण का काम किया जाना था, यह जगह भी चिह्नित हो गई। वनधिकारियों के अनुसार बीच में नियमों में बदलाव हुआ, इसके बाद अवनत वनों को क्षतिपूरक वनीकरण के लिए हटा दिया गया। बाद में मंत्रालय से आपत्ति लग गई है। इसके बाद क्षतिपूरक वनीकरण के लिए भूमि की तलाश को शुरू किया गया।

तराई पूर्वी वन प्रभाग के डीएफओ हिमांशु कहते हैं कि चंपावत जिले में 64 हेक्टेयर भूमि को क्षतिपूरक वनीकरण के लिए चिह्नित कर लिया गया है। इसके बाद प्रस्ताव को भेज भी दिया गया। प्रमुख वन संरक्षक व वन भूमि हस्तांतरण के नोडल अधिकारी रंजन मिश्रा कहते हैं कि वन भूमि हस्तांतरण के तहत स्टेज- वन के तहत प्रक्रिया चल रही है।

## महाविद्यालयों में 75त्न से कम उपस्थिति पर परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे छात्र, शासन ने जारी किया आदेश

**देहरादून, एजेंसी।**

महाविद्यालयों में 75त्न उपस्थिति अब अनिवार्य कर दी गई है। राज्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध राजकीय महाविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति लगातार कम हो रही है, जिसे देखते हुए शासन स्तर पर यह निर्णय लिया गया।

प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर छात्र-छात्राएं परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। एक अप्रैल 2025 से यह व्यवस्था लागू होगी।

उच्च शिक्षा सचिव डा.रंजीत कुमार सिन्हा ने जारी आदेश में कहा, शासन के संज्ञान में आया है कि राज्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध राजकीय महाविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति लगातार कम हो रही है। जो चिंता का विषय है। उच्च



शिक्षण संस्थानों में छात्रों की उपस्थिति के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से यह व्यवस्था है कि परीक्षा में बैठने के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। आदेश में यह भी कहा गया है कि महाविद्यालयों में कक्षा-कक्ष, फर्नीचर, शौचालय आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। वहीं, हर शिक्षक को अपनी कक्षाओं के लिए अलग से उपस्थिति रजिस्टर रखना अनिवार्य होगा।

## सम्पादकीय

# भूकंप से तबाही

बीते दिन को म्यांमार केंद्रित 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने यहां और थाईलैंड में भारी तबाही मचाई। भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। आशंका है कि इसमें अभी 43 मजदूर फंसे हुए हैं। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। दीवारें फटने, इमारतों के गिरने से लोग दहशत में दिखे। शुरुआत आंकड़ों के अनुसार म्यांमार में 144 लोगों के मरने व सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है।



सैयद अहमर हसनैन

लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। भूकंप के केंद्र के निकट स्थित यंगून ही नहीं म्यांमार के अनेक शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। इसके अलावा चीन के कुछ हिस्सों व थाइलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक तीस मंजिला इमारत के धराशायी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई जगहों में इमारतों के रूफटॉप पर बने स्वीमिंग पूल का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। भयभीत लोगों के चीखने से मंजर भयावह नजर आ रहा था। लोग मदद की गुहार लगा रहे थे। दरअसल, थाईलैंड भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, लेकिन म्यांमार में आने वाले भूकंप के झटकों का असर यहां दिखता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील न होने के कारण थाईलैंड में भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का उपयोग नहीं होता।जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। अस्पतालों में उपचार कराने वालों की लंबी कतारें देखी गई हैं। वहीं 2021 से सैन्य शासन के अधीन और गृहयुद्ध से जूझता म्यांमार इस प्राकृतिक आपदा के बाद हताश नजर आया। इंटरनेट का प्रयोग सीमित होने से वहां की स्थिति जानने में दिक्कत आ रही है। पहली बार सैन्य शासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की अपील की है। प्रधानमंत्री ने भूकंप पीड़ितों की मदद के लिये अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई को कहा है। म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले से भी ऐतिहासिक रॉयल पैलेस व अन्य बिल्डिंगें गिरती नजर आई हैं। मांडले को राजधानी से जोड़ने वाली सड़कों में चौड़ी दरारें देखी गई हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे समेत जर्मनी व चीन की भूकंप पर नजर रखने वाली संस्थाएं भारी जन-धन के नुकसान की आशंका जता रही हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर नीचे होना बता रहे हैं। खबरें हैं कि म्यांमार की राजधानी नेपिडो में भी काफी क्षति हुई है। लोग भूकंप के ऑफ्टर शॉक के भय से खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। वहीं म्यांमार व थाईलैंड के अलावा इस भूकंप के झटके दक्षिण पश्चिम चीन के यून्नान प्रांत में महसूस किए गए। हालांकि, थाईलैंड में बड़े भूकंपों का इतिहास नहीं रहा है, लेकिन म्यांमार के भूकंप फॉल्ट लाइन पर होने के कारण भूकंप पहले भी आते रहे हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार वर्ष 1930 और 1956 के बीच देश के मध्य से गुजरने वाले सागैंग फॉल्ट के पास रिक्टर स्केल पर सात तीव्रता के छह भूकंप आ चुके हैं। निस्संदेह, पड़ोसी देश म्यांमार में आया भीषण भूकंप भारत के लिये भी चेतावनी है। देश में भूकंपरोधी निर्माण अनिवार्य करने और आपदा-राहत तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी प्रयासों के अलावा लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है।

## राजनीति में विवाद

# झूठ सच नहीं हो जाता है ! सांसद ही क्यों न बोले !!



के. विक्रम राव

राजनेताओं को भारतीय इतिहास का ज्ञान कभी भी पर्याप्त नहीं रहा। सुनी सुनाई बात को तूल देकर वे ऐतिहासिक असत्य को तर्क के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण है समाजवादी पार्टी के सांसद का कहना कि चित्तौड़ के राणा सांगा ने लोदी बादशाह इब्राहिम लोदी को हराने और हटाने के लिए उजबेकी लुटेरे मोहम्मद जहीरुद्दीन बाबर को भारत बुलाया था। इस सांसद को अपने गुरु डॉ. राममनोहर लोहिया के इतिहास पर लिखे ग्रन्थों को पढ़ लेना चाहिए था। खासकर लोहिया की किताब इतिहास चक्र (Wheel of History)। भारतीय इतिहास गवाह है कि महाराणा संग्राम सिंह ने जर्जर लोधी साम्राज्य के अंतिम बादशाह इब्राहिम लोदी को कई बार हराया था। बेहतर होता लोहिया का यह अनुयायी खानजादा राजा हसन खान मेवाती का जिक्रकरता। यह राजा हसन मेवाती ही थे जो राणा सांगा के साथ बाबर से लड़े थे। खानजादा राजा हसन खान मेवाती जहीरूद्दीन बाबर से खंडवा (कंवाहा) के मैदान में लड़े थे। चित्तौड़ के राजा संग्राम सिंह के साथ थे। इसीलिए बाबर को राजपूत और सुन्नी-अफगान संयुक्त सेना से मुकाबला करना पड़ा था। राजा हसन खान का जन्म अलावल खां मेवाती के घर मे हुआ था। उनके वंशज करीब 200 साल मेवात की रियासत पर राज करते रहे। बाबर उस समय हसन खां मेवाती से ही भयभीत था। हसन खां का क्षेत्र (मेवात) दिल्ली के समीप था। इस कारण हमेशा ही वह बाबर की आंखों में चुभता रहा। अतः बाबर ने राजा हसन खां को दोनों का एक ही धर्म होनी की बात कही। उसे लालच दिया, ताकि मेवात की रियासत की गद्दी पर कब्जा किया जा सके।

लेकिन राजा हसन खां बाबर के लालच में न आए। उन्होंने कहा था तू विदेशी हमलावर है, इसलिए मैं अपने वतन के भाई राणा सांगा का साथ दूंगा। खंडवा के मैदान में भयंकर युद्ध शुरू हुआ था। राजा हसन खां मेवाती अपने लाव-लश्कर और 1,200 सैनिकों को साथ लेकर राणा सांगा की मदद के लिए युद्ध के मैदान में कूद पड़े। लड़ते हुए हसन खां व उनके बेटे नाहर खान 15 मार्च 1527 को मैदान में शहीद हो गए। बाबर ने राजा हसन खान मेवाती को पत्र लिखा था बाबर भी कलमा-गो है और हसन ख़ान मेवाती भी कलमा-गो है, इस प्रकार एक कलमा-गो दूसरे कलमा-गो का भाई है। इसलिए राजा हसन ख़ान मेवाती को चाहिए की बाबर का साथ दे। राजा हसन ने बाबर को खत में लिखा बेशक़ हसन ख़ान मेवाती कलमा-गो है और बाबर भी कलमा-गो है, मग़र मेरे लिए मेरा मुल्क(भारत) पहले है और यही मेरा ईमान है इसलिए मैं राणा सांगा के साथ मिलकर बाबर के विरुद्ध युद्ध करूगा। भारतीय मुसलमानों को सदैव याद रखना होगा कि इब्राहिम लोदी भारतीय बादशाह था। भारत में जन्मा, पला और सुल्तान बना। उसे उज्बेकी डाकू जहीरूद्दीन बाबर ने मार डाला था। बाबर ने इब्राहिम पर जेहाद बोला था। क्या विकृति थी ? बाबर को भारत का निर्माता मानने वाले विकृति मानसिकता की जमात पर कुछ हारे थके राजपूत भी थे। वह डरे हुए थे। तैमूर ने अपने विरोधियों के खिलाफ, उनकी धार्मिक मान्यताओं के बावजूद, एक अभ्यास तैयार किया। खोपड़ी का टॉवर बनाने का उद्देश्य सिर्फ एक महान जीत दर्ज करना नहीं था, बल्कि विरोधियों को आतंकित करना भी था। बाबर ने पहले भी दिल्ली पर आक्रमण किया था। अगर राणा सांगा ने उसे बुलाया होता तो उसके पहले के आक्रमण किस उद्देश्य से किए गए थे। 1505 में बाबरनामा में बाबर ये बातें क्यों लिख रहा है कि दिल्ली तैमूर का इलाका है और वो इसे प्राप्त करना चाहता है। उन्होंने कहा कि लोदी के दो रिश्तेदार दौलत खान और अलम लोदी बाबर को बुलाने जाते हैं। सांगा ने न्योता दिया था, इसका उल्लेख सिर्फ बाबर ने किया है. इसके अलावा कोई इतिहासकार इस बात का उल्लेख नहीं करता। शेखावत कहते हैं कि इब्राहिम लोदी इतना बड़ा शासक नहीं था कि उसके लिए बाबर को बुलाया जाए। सांगा पहले भी लोदी को युद्ध में हरा चुके थे। राहुल गांधी के कांग्रेसी सांसद जो बाबर-राणा सांगा के विवाद में मुगलों से हमदर्दी जता रहे थे जान लें कि उनके पूर्वज नेहरू की राय क्या थी ? नेहरू ने मुगल साम्राज्य के बारे में अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि औरंगजेब कट्टर था और उसने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया और उनके मंदिरों को नष्ट किया, जिससे साम्राज्य में असंतोष बढ़ा।

## अनमोल विचार

- जिस तरह समुंद्र के पानी को सुखाया नहीं जा सकता है उसी तरह ज्ञानी व्यक्ति को भी नहीं हराया जा सकता।
- जीवन में उतार चढ़ाव सभी के आते है पर जो लगा रहता है अपने कार्य में वो कभी नहीं हारता।
- जीवन में कभी मायूस ना होना मित्र क्योंकि ज़िंदगी कब अपना मोड़ बदल ले कोई नहीं जानता ।
- किसी के सामने ना झुके उससे बेहतर हार जाना क्या पता कल आपकी जीत पक्की हो जाये ।
- दुनिया में सिर्फ़ अपनों पर ही भरोसा रखे क्योकि बाकियो को तो आप जानते ही नहीं कौन कब धोखा दे पता नहीं ।

## रोचक जानकारी

### प्यार के व्यंजन

मार्था जब भी किचन में भोजन पकातीं तो वह एक टिन के डिब्बे को खोलकर देखतीं और फिर उसे वापस बंद कर देतीं। एक दिन उत्सुकतावश बालक बेन मार्था से बोला, 'आप भोजन बनाते समय रोज इस टिन के डिब्बे में से क्या निकालती हैं जो नज़र भी नहीं आता।' मार्था बोली, 'बेन इसमें व्यंजन पकाने का एक गुप्त मसाला है। अफसोस कि वह मसाला बाजार में नहीं मिलता। ये मुझे मेरी मां से प्राप्त हुआ है। बेन हैरान होकर बोला, 'मुझे देखना है कि वह कैसा मसाला है।' मार्था बोली, 'अभी नहीं! जब तुम बड़े हो जाओगे, तब देखना।' अब बेन बड़ा हो चुका था। एक दिन मार्था की तबीयत खराब हो गई। मार्था को अस्पताल में दाखिल करा कर वह उनके सिरहाने बैठा रहा। मार्था बोली, 'मैं ठीक हूं। जाओ तुम घर जाकर आराम करो।' वह घर के किचन में देखने गया कि इस समय खाने की कोई चीज मिल सकती है क्या? अचानक उसकी नज़र टिन के डिब्बे पर पड़ी। बेन ने उस डिब्बे के अंदर हाथ डाला। डिब्बे में से उसके हाथ में एक छोटी-सी स्लिप निकली। उस पर लिखा था, 'जो भी व्यंजन बनाओ, उसमें चुटकी भर प्यार जरूर डाल देना।' बेन समझ गया कि आखिर क्यों मार्था द्वारा बनाई गई हर चीज स्वादिष्ट लगती थी।

## आधुनिकता का विकृत चेहरा

# वृद्धों के लिये उजाला बना सुप्रीम कोर्ट का फैसला



ललित गर्ग

वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता...

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा तो बढ़ती ही जा रही है, लेकिन अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है।

वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का 'सख्त दृष्टिकोण' अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इसके प्रावधानों की व्याख्या उदारतापूर्वक की जानी चाहिए, न कि संकीर्ण अर्थों में। पहले परिवार से किसी भी मनुष्य की पहचान जुड़ी होती थी, इसलिए लोग परिवार से जुड़े रहते थे।



अब उसकी पहचान उसकी कार या कपड़ों के ब्रांड आदि भौतिकतावादी चीजों से होती है। यह भौतिकवाद की मृगतृष्णा इंसान की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान पर हावी हो गई है, बल्कि अब तो संस्कृति और आध्यात्मिकता भी उपभोक्ता वस्तु की तरह बाजार में हैं। एक बड़ी समस्या भारत जैसे देशों में है, जो इस दौड़ में शामिल हो गए हैं, पर इतने समृद्ध नहीं हुए हैं कि इस जीवनशैली को आसानी से अपना सकें। भारत में परिवार के सदस्यों में परस्पर दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। भूमि संबंधी विवाद भाई-भाई के बीच होते-होते अब पिता-पुत्र के बीच भी होने लगे हैं और मामला हत्या तक पहुंच जाता है। ताजा मामला भी संपत्ति विवाद का ही है। आज के बेटों को पुश्तैनी संपत्ति का लाभ तो चाहिए, पर पिता-माता के साथ रिश्ते अच्छे रखना उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसे में, कई माता-पिता भी अपनी संतानों को बेदखल करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह वक्त है, जब हमें जानना होगा कि अपने लोगों से संबंध और संवाद ही जीवन को सार्थक बनाता है। हमें अपने रिश्तों का दायरा इतना तो जरूर बढ़ाना चाहिए, जिसमें कम से कम अपना निकटतम परिवार पूरी तरह से शामिल हो जाए। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं वृद्ध महिला एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है।

# समृद्ध भारत की बुलंद तस्वीर : नया पांबन ब्रिज

## समृद्ध भारत के सफर

एस.पी. पाण्डेय

पांबन ब्रिज का भगवान राम और भगवान शिव के साथ सीधा संबंध है। ये ब्रिज जिस द्वीप रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है, उसे हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां स्थित रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान श्रीराम लंका पर चढ़ाई करने जा रहे थे, तब उन्होंने इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और भगवान शिव की पूजा की थी। पांबन ब्रिज से होकर गुजरने वाला मार्ग भगवान राम की लंका यात्रा का महत्वपूर्ण भाग माना जाता है, जिससे यह धार्मिक रूप से और भी विशेष हो जाता है। रामायण के अनुसार, भगवान राम और उनकी वानर सेना ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण किया था, जो वर्तमान पांबन ब्रिज के पास स्थित है। ऐसे में नया पांबन ब्रिज श्रद्धालुओं के लिए रामेश्वरम की यात्रा को आसान और सुरक्षित बनाएगा। यह पुल आधुनिक तकनीक से निर्मित है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी बाधा के भगवान शिव और भगवान राम से जुड़े स्थलों के दर्शन कर सकते हैं। या पांबन ब्रिज भारत की नवाचार क्षमता, अद्वितीय इंजीनियरिंग कौशल और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का एक अद्भुत प्रतीक है। साथ ही भारत की तकनीकी प्रगति, आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है...

राष्ट्र सेवा' को मंत्र मानकर प्रधानमंत्री ने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, अटूट संकल्प और दूरदर्शी सोच द्वारा भारत की आधारभूत संरचना को नए शिखर पर पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री जी की कर्मठता, अदम्य इच्छाशक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना ने हर ऐतिहासिक सपने को साकार किया है। उनके नेतृत्व में, भारतीय रेल भी विकास के आसमान में ऊंची उड़ान भर रही है। आए दिन नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रेलवे समृद्ध भारत के सफर में अपनी समुचित भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। तमिलनाडु के विशाल नीले समंदर पर निर्मित नया पांबन ब्रिज भी रेलवे विस्तार और इंजीनियरिंग कौशल की वो तस्वीर है जिसे देखकर हर भारतवासी को गर्व की अनुभूती होगी। यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है, जो समुद्र के ऊपर से गुजरते हुए रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। यह पुल केवल दो स्थानों को जोड़ने का माध्यम ही नहीं, बल्कि नई तकनीक, आत्मनिर्भर भारत और तेज गति परिवहन का प्रतीक है।

नए पांबन ब्रिज की अनूठी लिफ्ट प्रणाली बड़े जहाजों को भी आसानी से गुजरने की अनुमति देती है। मन्नार की खाड़ी पर स्थित यह पुल यातायात को सुगम बनाने के साथ अपने आप में एक ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व भी रखता है। आधुनिक तकनीक से निर्मित यह पुल भारतीय रेलवे के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे आने वाले समय में समुद्री मार्गों पर निर्भर पर्यटन और व्यापार को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। भारत का पहला समुद्री पुल पांबन ब्रिज का निर्माण 1911 में शुरू और 1914 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया था। तब यह भारत का एकमात्र समुद्री पुल था जो सन् 2010 में बान्द्रा-वर्ली समुद्रसेतु के खुलने तक भारत का सबसे लम्बा समुद्री सेतु रहा। अपनी सेवा समय के दौरान इस ब्रिज ने कई विकट परिस्थितियां देखी और उनका डटकर सामना किया। 1964 में आए एक चक्रवाती तूफान ने इस पुल को बहुत नुकसान पहुंचाया था बावजूद इसके ये समुद्र की लहरों के बीच अडिग खड़ा रहा और लगभग 106 साल तक देशहित में समर्पित रहा। 21वीं सदी और बदलते भारत की परिवहन आवश्यकताओं ने पुराने पांबन ब्रिज के समक्ष कई तरह की नई चुनौतियाँ रख दी थीं। जिसे देखते हुए आधुनिक ट्रेनों और बड़े समुद्री जहाजों की आवश्यकताओं के अनुरूप एक नई संरचना की जरूरत महसूस की गई। इस जरूरत को पूरा करने के लिए 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस नए ब्रिज के निर्माण की आधारशिला रखी गई। नवाचार का जूनून और विकास की अभूतपूर्व गति के कारण मात्र 4 साल में समुद्र पर इस अद्भुत निर्माण को पूरा कर लिया गया। 2.08 किलोमीटर का ये भव्य संरचना पुराने पांबन ब्रिज से से 3 मीटर अधिक ऊँचा है, ताकि छोटे जहाज सुगमता के साथ इसके नीचे से होकर गुजर सकें। इस पूरे ब्रिज को बनाने में 18.3 मीटर के 99 स्पैन का प्रयोग किया गया है साथ ही ब्रिज के मध्य में 72.5 मीटर का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जरूरत पड़ने पर बड़े जहाजों के लिए 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकता है। इस ब्रिज में 333 पाइल्स और 101 पाइल कैप्स का इस्तेमाल कर मजबूत आधार के साथ दोहरी रेल लाइनों के लिए डिज़ाइन किया गया है। जिसपर भारी-भरकम मालगाड़ियों के साथ वंदे भारत जैसी तेज गति से चलने वाली अत्याधुनिक सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें भी बड़े ही आसानी से गुजर सकती है। साथ ही इसकी सतह को 58 वर्षों तक सुरक्षित रखने के लिए उत्कृष्ट



सुरक्षा प्रणाली अपनाई गई है। इस ब्रिज के निर्माण के दौरान समुद्री तूफानों, तेज़ हवाओं और ज्वार-भाटाओं जैसी परिस्थितियों का भी खास ध्यान रखा गया है। पॉलिसिलोक्सेन पेंट, स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंफोर्स्ड प्लास्टिक के प्रयोग ने समुद्र के खारा पानी के बीच होते हुए भी इसे लंबे समय तक मजबूत और टिकाऊ बनाए रखेगा। यह ब्रिज पुराने पुल की तुलना में अधिक टिकाऊ और अत्याधुनिक तकनीकों से बनाया गया है। इसका सब-स्ट्रक्चर भी तय समय सीमा से पहले ही पूरा कर लिया गया था, जो इसकी मजबूती को सुनिश्चित करता है। सटीक और अद्भुत इंजीनियरिंग के तहत इस पुल के लिए 99 स्पैन को एकल लाइन हेतु निर्मित कर उत्कृष्टता के साथ स्थापित किया गया है। इसकी निर्माण तकनीक और डिज़ाइन इसे केवल दक्षिण भारत में ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण संरचना बनाते हैं। इस पुल का डिजाइन जहां इंटरनेशनल कंसल्टेंट TYPSA द्वारा बनाया गया है तो वही IIT चेन्नई व IIT बॉम्बे द्वारा डिजाइन को सत्यापित किया गया है। उच्च ग्रेड सामग्री और स्टेनलेस स्टील के प्रयोग ने इसे एक दृढ़, सुरक्षित और कम रखरखाव वाली संरचना बना दिया है। ब्रिज के केंद्र में 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जहाजों के आकार के हिसाब से ऊपर-नीचे किया जा सकता है। पांबन ब्रिज का भगवान राम और भगवान शिव के साथ सीधा संबंध है। ये ब्रिज जिस द्वीप रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है, उसे हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां स्थित रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान श्रीराम लंका पर चढ़ाई करने जा रहे थे, तब उन्होंने इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और भगवान शिव की पूजा की थी। पांबन ब्रिज से होकर गुजरने वाला मार्ग भगवान राम की लंका यात्रा का महत्वपूर्ण भाग माना जाता है, जिससे यह धार्मिक रूप से और भी विशेष हो जाता है। रामायण के अनुसार, भगवान राम और उनकी वानर सेना ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण किया था, जो वर्तमान पांबन ब्रिज के पास स्थित है। ऐसे में नया पांबन ब्रिज श्रद्धालुओं के लिए रामेश्वरम की यात्रा को आसान और सुरक्षित बनाएगा। यह पुल आधुनिक तकनीक से निर्मित है, जिससे श्रद्धालु बिना किसी बाधा के भगवान शिव और भगवान राम से जुड़े स्थलों के दर्शन कर सकते हैं। नया पांबन ब्रिज भारत की नवाचार क्षमता, अद्वितीय इंजीनियरिंग कौशल और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का एक अद्भुत प्रतीक है। साथ ही भारत की तकनीकी प्रगति, आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है। यह ब्रिज समुद्र की लहरों के ऊपर दृढ़ संकल्प की तरह खड़ा है, जो दो स्थानों को पाटने के साथ-साथ भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और भविष्य की असीम संभावनाओं को भी दर्शाता है।

## आज का राशिफल



**मेष:** बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**वृषभ:** धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा।

**मिथुन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**कर्क :** वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**कन्या:** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**तुला:** आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें।

**वृश्चिक :** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा।

**धनु:** जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर:** कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें।

**कुंभ :** आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी।

**मीन:** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे। भाग्य अनुकूल है, जल्दबाजी न करें।

## आज का पंचांग

30 मार्च को चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि और रविवार का दिन है। प्रतिपदा तिथि आज दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगी। आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। आज शाम 5 बजकर 54 मिनट तक इन्द्र योग रहेगा। आज शाम 4 बजकर 35 मिनट तक रेवती नक्षत्र रहेगा।

30 मार्च 2025 का शुभ मुहूर्त

चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि- 30 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगी

इन्द्र योग- 30 मार्च 2025 को शाम 5 बजकर 54 मिनट तक

रेवती नक्षत्र- 30 मार्च 2025 को शाम 4 बजकर 35 मिनट तक

30 मार्च 2025 विशेष- आज से चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शुरू होगा

चैत्र नवरात्रि आज 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक रहेगी। इस बाद नवरात्रि के दौरान एक तिथि का क्षय हो रहा है, इसलिए 9 की जगह 8 दिनों तक नवरात्रि का व्रत रखा जाएगा।

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 6:13 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:37 बजे

## रियल एस्टेट

### न्यूमैक्स ग्रुप ने मेरठ में लॉन्च किया नया ऑफिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट सेक्टर में उभरते न्यूमैक्स ग्रुप ने मेरठ में अपने नए ऑफिस का शुभारंभ किया। पल्लवपुरम, फेज-1 के बिजनेस सेंटर में आयोजित इस ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी में कंपनी के चैनल पार्टनर्स, बिजनेस एसोसिएट्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने शिरकत की।

इस मौके पर न्यूमैक्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील गोयल ने बताया, हमारा लक्ष्य



भारत के छोटे-बड़े शहरों में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की रियल एस्टेट डेवलपमेंट लाना है। मेरठ हमारे एक्सपैंशन प्लान का अहम पड़ाव है। इस दौरान कंपनी की सीईओ शिखा गर्ग ने कहा, न्यूमैक्स सिर्फ घर नहीं, बल्कि कम्युनिटी लिविंग का नया अहसास देता है। मुजफ्फरनगर में हमारा 100 एकड़ का टाउनशिप प्रोजेक्ट इसका उदाहरण है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर चैतन्य गोयल ने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया, ग्वालियर में 170 एकड़ और रायबरेली-सोहना में 800 एकड़ से ज्यादा लैंड बैंक पर प्रोजेक्ट्स जल्द लॉन्च होंगे। न्यूमैक्स ग्रुप का मेरठ विस्तार साबित करता है कि अब टियर-2 शहर भी प्रीमियम रियल एस्टेट के हब बन रहे हैं। कंपनी का लक्ष्य 2027 तक 5,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स पूरे करने का है।

### अच्छे साबूदाना की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी की संभावना: गोपाल साबु

**सेलम, एजेंसी।** पिछले त्योहारों में थोक बाजार में अच्छे साबूदाने की मांग सामान्य से अधिक रही। पर्याप्त स्टॉक और टेपीयोका कंद की नई फसल की वजह से सेलम (तमिलनाडु) में कीमतें पिछले पांच साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। इसलिए व्यापारी अतिरिक्त स्टॉक से बच रहे हैं और सिर्फ मांग के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम के



चेयरमेन श्री गोपाल साबु ने कहा, इस साल हमने पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा साबूदाना उत्पादन और बिक्री की। यह हमारे ग्राहकों और वितरकों का भरोसा है, जिन्होंने मंदी में भी साबु ट्रेड, सेलम के उत्पादों की क्वालिटी पर यकीन रखा। शोध के मुताबिक, 2009 से 2019 के बीच भारत में टेपीयोका की खेती का क्षेत्र 280,000 हेक्टेयर से घटकर 174,000 हेक्टेयर हो गया। यह भविष्य में सप्लाई कम होने और कीमतें बढ़ने का संकेत है। श्री साबु का कहना है कि अभी कीमतें कम हैं, लेकिन स्वास्थ्य जागरूकता और टेपीयोका की बढ़ती मांग से अच्छे साबूदाने की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। नवरात्रि पर्व तथा आने वाले त्यौहारों में साबूदाने की मांग और बढ़ सकती है। व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बाजार में सुधार के संकेतों पर निरंतर नजर रखनी होगी।

**लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने कृषि में ऑटोमेशन को बढ़ावा देने के लिए**

# कनेक्टेड समाधान लॉन्च किए

- **खेतों की उत्पादकता को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने और पानी की खपत को 30 प्रतिशत तक कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए आईओटी-संचालित उत्पाद पोर्टफोलियो को प्रदर्शित किया**

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय विद्युत और स्वचालन उद्योग में अग्रणी लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (पूर्व में एलएंडटी स्विचगियर) ने आज कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए अत्याधुनिक स्वचालित समाधान लॉन्च किए। ऊर्जा दक्षता और लागत अनुकूलन पर केंद्रित ये समाधान भारतीय किसानों के कामकाज के तरीकों को बदलने, संसाधनों का अनुकूलन करने, उत्पादकता बढ़ाने और उत्पादन में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के चीफ ऑटोमेशन ऑफिसर (सीओओ) नरेश कुमार ने कहा, लॉरिट्ज नुडसेन में, हम भारत में कृषि के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे समाधान किसानों को कनेक्टेड और स्वचालित सिस्टम के माध्यम से सशक्त बनाते हैं, जिससे उत्पादकता में वृद्धि, जल अपव्यय में कमी और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलता है। हमारा मानना है कि ग्रामीण भारत में तकनीक के लाभ पहुंचाकर, हम किसानों के लिए अधिक समृद्ध और सतत भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जो 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

किसान अक्सर सिंचाई के समय को लेकर संघर्ष करते हैं, और हमारे ऑटोमेशन सोल्यूशन्स इस चुनौती का प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं। हमारी तकनीक किसानों को अपने घरों या मोबाइल उपकरणों से आसानी से सिंचाई प्रबंधन करने की सुविधा देती है। हमारी



दृष्टि अगले कुछ वर्षों में 25,000 से अधिक किसानों को पारंपरिक खेती से स्वचालित, सटीक कृषि की ओर स्थानांतरित करने की है, जिससे अतिरिक्त 1,20,000 हेक्टेयर सिंचित भूमि को कवर किया जा सके।

### भारत के कृषि भविष्य के लिए सतत समाधान

लॉरिट्ज नुडसेन के ये समाधान सिर्फ स्वचालन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परिणामों के अनुकूलन पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। आइओटी-सेंसर-आधारित संचालन के माध्यम से, किसान वास्तविक समय में मिट्टी और मौसम के डेटा के आधार पर जल और उर्वरक इनपुट को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर सकते हैं, जिससे सटीकता सुनिश्चित होती है, लागत बचती है और पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है। इसके अतिरिक्त लॉरिट्ज नुडसेन का नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करना सतत कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा-संचालित सिंचाई प्रणालियाँ नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा देती हैं, जिससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होती है और कृषि अधिक स्वच्छ और कुशल बनती है। ये नवाचार संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों जैसे स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु कार्रवाई और सतत समुदायों में योगदान करते हैं। भारत में सात दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, लॉरिट्ज नुडसेन ने अत्याधुनिक सिंचाई, मत्स्य पालन और कृषि स्वचालन समाधानों के माध्यम से भारतीय कृषि में क्रांति ला दी है। इसका कृषि खंड पहले ही हर साल 2.5 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है और अब यह भारत के किसानों के लिए कनेक्टेड, स्वचालित और ऊर्जा-कुशल समाधान पेश करके इस दिशा में अग्रणी बना हुआ है। ये उत्पाद लॉरिट्ज नुडसेन की समावेशी समृद्धि को बढ़ावा देने और भारत के विकसित भारत मिशन का समर्थन करने की व्यापक दृष्टि का हिस्सा हैं।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने चुनौतीपूर्ण माहौल में टियर बॉन्ड जारी कर 770 करोड़ जुटाए

- **डील के एंकर निवेशक एचडीएफसी बैंक और निप्पॉन इंडिया यूचुअल फंड स्मॉल फाइनेंस बैंक थे**

**मुंबई, 29 मार्च, 2025**= भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 770 करोड़ की पूंजी जुटाने के लिए टियर-सेकंड बॉन्ड के सफल नीलामी की घोषणा की। इन बॉन्ड्स पर 9.20 प्रतिशत का कूपन रेट तय किया गया है। इस फंड जुटाने के साथ ही एयू एसएफबी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम कार्य दिवस पर भुगतान की निर्धारित तारीख के बीच मुश्किल लिक्विडिटी हालात के बावजूद देश में अब तक स्मॉल फाइनेंस बैंकों की ओर से किए गए सबसे बड़े बॉन्ड इश्यू में से एक को जारी करने में सफलता हासिल की है।

इस कैपिटल रेज (पूंजी जुटाने) से बैंक की पूंजी पर्याप्तता अनुपात (या कैपिटल एडिक्वेसी रेश्यो) लगभग 91 प्रतिशत तक बढ़ने की उ मीद है। कुल मिलाकर, बैंक की पूंजी की स्थिति मजबूत बनी हुई है और वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के अंत में बैंक का कुल कैपिटल एडिक्वेसी रेश्यो 19.9 प्रतिशत था, जिसमें 9 महीनों के अंतरिम लाभ शामिल हैं। एचडीएफसी बैंक ने इस इश्यू के लिए लीड मैनेजर की भूमिका निभाई और निप्पॉन इंडिया यूचुअल फंड के साथ मिलकर एंकर निवेशक के रूप में भी भाग लिया। इस इश्यू को यूचुअल फंड्स, इंश्योरेंस कंपनियों और पेंशन फंड्स सहित विभिन्न योग्य संस्थागत खरीदारों से बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। एयू एसएफबी ने 400 करोड़ के बेस साइज और ग्रीन शू विकल्प के साथ इस इश्यू को लॉन्च किया था। इसे उ मीद से दोगुना ओवर-सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है, और बैंक ने 770 करोड़ तक की बोलियों को स्वीकार कर लिया है, जिससे यह स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा किए गए सबसे बड़े टियर-सेकंड बॉन्ड इश्यू में से एक बन गया है। इन बॉन्ड्स का मैच्योरिटी पीरियड 10 वर्ष है, जिसमें 5 वर्षों के बाद कॉल ऑप्शन उपलब्ध है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक एमडी और सीईओ श्री संजय अग्रवाल ने कहा, ÷हमारे टियर-सेकंड बॉन्ड इश्यू में निवेशकों की मजबूत रुचि देखकर हमें खुशी हो रही है। लिक्विडिटी के इस चुनौतीपूर्ण माहौल में निवेशकों ने हम पर विश्वास जताया हैं और इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

## एक अप्रैल से बदल रहे इनकम टैक्स के नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आगामी एक अप्रैल से नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत होने वाली है। इस फाइनेंशियल ईयर में कई ऐसे बदलाव होने वाले हैं जिसका फायदा मिडिल क्लास को फायदा मिलेगा। इनमें से एक फैसला इनकम टैक्स से जुड़ा है। दरअसल, बीते एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स के नए रिजीम को लेकर कई ऐलान किए थे, जो एक अप्रैल से लागू होने वाले हैं। आइए सिलसिलेवार जान लेते हैं।

**12 लाख रुपये तक की छूट-** निर्मला सीतारमण ने नौकरीपेशा और मिडिल क्लास को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को पूरी तरह से इनकम टैक्स से छूट देने की घोषणा की। इनकम टैक्स छूट नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले टैक्सपेयर्स को मिलेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए 75,000 रुपये की स्टैंडर्ड कटौती के साथ अब 12.75 लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने टैक्स स्लैब में भी बदलाव किया है। इससे 25 लाख रुपये तक सालाना कमाने वालों को टैक्स में 1.1 लाख रुपये की बचत होगी।

**कितने लोगों को होगा फायदा-** इनकम टैक्स छूट लिमिट को सात लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से एक करोड़ लोगों को कोई टैक्स नहीं देना होगा। टैक्स स्लैब में बदलाव से 6.3 करोड़ लोगों यानी 80 प्रतिशत से अधिक टैक्सपेयर्स को लाभ होगा। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर छूट सीमा को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है।

**नए इनकम टैक्स का स्लैब-** नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये से अधिक सालाना आय होने पर चार लाख रुपये तक की इनकम टैक्स फ्री होगी। इसके बाद चार से आठ लाख रुपये की आय पर पांच प्रतिशत, आठ से 12 लाख रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत और 12 से 16 लाख रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत कर लगेगा। वहीं, 16 से 20 लाख रुपये के बीच की आय पर 20 प्रतिशत, 20-24 लाख रुपये की आय पर 25 प्रतिशत और 24 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगेगा। अपडेटेड इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वाले व्यक्तियों के लिए समय सीमा को भी बढ़ाकर चार साल करने का प्रस्ताव रखा गया है।

**टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड की महत्वपूर्ण उपलब्धि**

# जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या पहुंची 2 मिलियन के पार

- **खास सुविधाओं, विशेष अधिकारों और बचत से टाटा नेउ भारत को कर रहा है पुरस्कृत**

**मुंबई एजेंसी।** टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या 2 मिलियन पर पहुंच चुकी है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करके टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया है। यह उपलब्धि देश भर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है।




अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से, टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने प्रगति की बड़ी छलांग लगाई है। भारतीय क्रेडिट कार्ड बाज़ार में सबसे सरल और पारदर्शी रिवॉर्ड इकोसिस्टम की पेशकश करने के लिए यूज़र्स इसे काफी ज़्यादा पसंद करते हैं। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी के साथ, इसने देश भर के ग्राहकों का विश्वास और वफादारी तेज़ी से हासिल की है। टाटा डिजिटल में, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, फायनेन्शियल सर्विसेस, श्री गौरव हजराती ने कहा, टाटा डिजिटल में, हम अपने ग्राहकों के लिए लाभों को अधिक फायदेमंद और पारदर्शी बनाकर क्रेडिट कार्ड के अनुभव में क्रांति लाने के लिए समर्पित हैं। 2 मिलियन से ज़्यादा टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करना हमारे ग्राहकों द्वारा नेउ कार्ड पर रखे गए भरोसे का एक मज़बूत प्रमाण है। नेउ कार्ड अनुभव को लगातार बेहतर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, जिससे हमारे नेउ कार्ड धारकों के बढ़ते समुदाय को और भी ज़्यादा मूल्य मिलता रहेगा।

टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ हर लेन-देन पर कई तरह के इनाम मिलते हैं, जैसे कि, 10 प्रतिशत तक की बचत, नेउ कॉइन की तेज़ कमाई और यात्रा, फ़ैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान और बहुत कुछ पर विशेष अधिकार आदि। इस कार्ड का सहज, तकनीक-संचालित अनुभव जिसमें डिजिटल ऑनबोर्डिंग, तुरंत मंज़ूरी और संपर्क रहित भुगतान की सुविधाएं शामिल हैं, आधुनिक डिजिटल जीवनशैली को पूरा करता है।

एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड - पेमेंट बिज़नेस, कंज्यूमर फाइनेंस टेक्नोलॉजी और डिजिटल बैंकिंग, श्री पराग राव ने कहा, भारत के अग्रणी कार्ड जारीकर्ता होने के नाते, हम हर ग्राहक वर्ग के लिए एक अनुकूलित पेशकश बनाने का प्रयास करते हैं, जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ भुगतान समाधान प्रदान करता है। हमें खुशी है कि टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड, अपने डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण और मजबूत मूल्य प्रस्ताव के साथ, यूज़र्स के अनुभव को बढ़ाने और हर रोज़ के खर्च को रिवार्ड्स में बदलने में सक्षम है।

### स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दायर किया डीआरएचपी

**मुंबई एजेंसी।** स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। यह वित्त वर्ष 2023 में राजस्व के मामले में भारत में सबसे बड़ी दोपहिया हेलमेट निर्माता कंपनी और कैलेंडर वर्ष 2024 में मात्रा के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया हेलमेट निर्माता कंपनी भी है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के ज़रिए इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के ज़रिए धन जुटाने की योजना बना रही है। सार्वजनिक पेशकश में 5 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 7,786,120 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए पेशकश शामिल है। स्टड्स एक्सेसरीज 'स्टड्स' और 'एसएमके' ब्रांड के तहत दोपहिया हेलमेट और 'स्टड्स' ब्रांड के तहत अन्य एक्सेसरीज (जैसे दोपहिया सामान, दस्ताने, हेलमेट लॉकिंग डिवाइस, रेन सूट, राइडिंग जैकेट और आई वियर) डिजाइन, निर्माण, विपणन और बिक्री करती है। कंपनी के उत्पाद पूरे भारत में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 70 से अधिक देशों में बेचे जाते हैं, इसके प्रमुख निर्यात बाजार अमेरिका, एशिया (भारत को छोड़कर), यूरोप और बाकी दुनिया में स्थित हैं।

# यूनीहेल्थ का हाई-टेक आईव्हीएफ सेंटर अब युगांडा में!

**मुंबई एजेंसी।** यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स लिमिटेड ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, यूनिहेल्थ - यूएमसी हॉस्पिटल्स ग्रुप के तहत युगांडा के यूएमसी विक्टोरिया हॉस्पिटल में अपने अत्याधुनिक आइवीएफ लैब और फर्टिलिटी क्लिनिक का भव्य शुभारंभ किया है। यह पहल उन हजारों दंपतियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है जो माता-पिता बनने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं। युगांडा में हर पांच में से एक दंपति को गर्भधारण में कठिनाई होती है, और इस समस्या के समाधान के लिए यह क्लिनिक अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञों की देखरेख में श्रेष्ठतम उपचार प्रदान करेगा।

अत्याधुनिक असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी से लैस, यूएमसी विक्टोरिया



हॉस्पिटल का नया आईव्हीएफ केंद्र अब आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। यहां स्थापित लैमिनार एयर फ्लो लैब और उन्नत इंट्रासाइटोप्लाज़्मिक स्पर्म इंजेक्शन माइक्रोस्कोप आईव्हीएफ प्रक्रिया को न केवल अधिक प्रभावी बनाते हैं, बल्कि सफलता दर को भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में सहायक हैं।

इस विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ यूएमसी विक्टोरिया हॉस्पिटल युगांडा में प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक नया आयाम जोड़ रहा है। यह केवल एक चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि उन हजारों दंपतियों के लिए नई उम्मीद की रोशनी है, जो अपने जीवन में नन्हीं किलकारियों की मिठास लाने के सपने देख रहे हैं।

### युगांडा के स्वास्थ्य तंत्र को सशक्त बनाना

फर्टिलिटी केयर में क्रांतिकारी बदलाव लाने से आगे बढ़कर, यह नया क्लिनिक युगांडा के संपूर्ण स्वास्थ्य परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा। अब दंपतियों को उन्नत फर्टिलिटी ट्रीटमेंट के लिए विदेश जाने की आवश्यकता नहीं होगी— यूएमसी विक्टोरिया हॉस्पिटल अत्याधुनिक प्रजनन उपचारों को स्थानीय स्तर पर सुलभ बनाकर, न केवल चिकित्सा सेवाओं को मजबूत कर रहा है बल्कि प्रजनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई चिकित्सा प्रगति को भी बढ़ावा दे रहा है। इसके साथ ही, अस्पताल विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश कर रहा है, ताकि फर्टिलिटी ट्रीटमेंट में उच्चतम स्तर की विशेषज्ञता सुनिश्चित की जा सके। यह पहल यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स लिमिटेड की उस व्यापक दृष्टि का हिस्सा है, जिसके तहत उभरते बाजारों में उन्नत चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

# यूनियन बैंक ने खोले 7 नए ब्रांच

### शेयर में हलचल, एक्सपर्ट बोले- 200 रुपये तक जाएगा भाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में बिकवाली के बीच सिटी यूनियन बैंक के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर 2 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 160.70 रुपये पर पहुंच गया। इस शेयर की क्लोजिंग 157.15 रुपये पर हुई। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.88त्न बढ़कर बंद हुआ। शेयर को लेकर एक्सपर्ट भी बुलिश नजर आ रहे हैं।

घरेलू ब्रोकरेज आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने सिटी यूनियन बैंक के शेयर के लिए टारगेट प्राइस 200 रुपये दिया है। दिसंबर 2024 में शेयर की कीमत 187.80 रुपये तक पहुंच गई। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। वहीं, जून 2024 में शेयर की कीमत 130.70 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। घरेलू ब्रोकरेज आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने हाल ही में सिटी यूनियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन और चुनिंदा व्यवसाय प्रमुखों के साथ बातचीत की।

इस बीच, सिटी यूनियन बैंक ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से 7 नए ब्रांच खोलने की जानकारी दी है। बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि तमिलनाडु में एक ब्रांच खोला गया है। बैंक ने इसके अलावा मध्य प्रदेश में एक, महाराष्ट्र में दो, ओडिशा में एक, उत्तर प्रदेश में एक और कर्नाटक में भी एक ब्रांच खोला है। अब बैंक के कुल ब्रांच की संख्या 875 हो गई है।

### शेयरहोल्डिंग पैटर्न

सिटी यूनियन बैंक के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो पब्लिक स्टेक 100 फीसदी का है। इस कंपनी में निप्पॉन इंडिया, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एक्सिस, एचडीएफसी, एसबीआई और फ्रेंकलिन म्यूचुअल फंड्स की हिस्सेदारी है। ॥ष्टस्नष्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पास 2.20 फीसदी हिस्सेदारी या 1,63,32,424 शेयर हैं। इसके अलावा बैंक मस्कट इंडिया फंड के पास भी 1.22 फीसदी या 90,45,626 शेयर की हिस्सेदारी है।

29 साल बाद किया इस बड़े खिताब पर कब्जा

# फाइनल मैच में अकेले गेंदबाज ने गिराए 11 विकेट, टीम ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ ऑस्ट्रेलिया की टीम ने शेफील्ड शील्ड का खिताब जीतकर इतिहास रचा है. उसने इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वींसलैंड को हराकर 29 साल बाद खिताब पर कब्जा किया. टूर्नामेंट का फाइनल साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता, जिसमें 11 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. फाइनल में 11 विकेट लेने वाले गेंदबाज का नाम ब्रेंडन डॉगेट है. 30 साल के ब्रेंडन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और साउथ ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ी हैं.

**डॉगेट ने लिए 6 विकेट, पहली पारी में क्वींसलैंड- 95 रन**

मुकाबले में क्वींसलैंड ने पहले बल्लेबाजी की. लेकिन, साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट के टूटे कहर के आगे उसकी पहली पारी सिर्फ 95 रन पर सिमट गई. ब्रेंडन डॉगेट ने पहली पारी में 6 विकेट चटकाए. उन्होंने ये विकेट 11.2 ओवर में 31 रन देते हुए लिए. क्वींसलैंड को 95 रन पर समेटने के बाद साउथ ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 271 रन बनाए, जिसमें जेक लेहमन के शतक का बड़ा योगदान रहा. लेहमन ने मिडिल ऑर्डर में 152 गेंदों का सामना करते हुए 102 रन बनाए. साउथ ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 176 रन की बढ़त मिली.

**क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में बनाए 445 रन**

क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में हालांकि पहली इनिंग की तरह गलती नहीं की. इस बार उसने बड़ा स्कोर बनाया.

जैक ग्लेटॉन और जैक विल्डरमुथ की शतक की बदौलत क्ववींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाए. जैक ग्लेटॉन ने 249 गेंदों का सामना करते हुए 100 रन बनाए. वहीं विल्डरमुथ ने 140 गेंदों में 111 रन की पारी खेली.

### ब्रेंडन डॉगेट ने फाइनल मैच में लिए 11 विकेट

क्ववींसलैंड की दूसरी पारी के दौरान भी साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट अपना असर छोड़ने में कामयाब रहे. उन्होंने इस बार भी 5 विकेट लिए. इस तरह फाइनल मैच की दोनों पारियों को मिलाकर ब्रेंडन डॉगेट ने कुल 11 विकेट अपने नाम किए.

### 29 साल बाद जीता शेफील्ड शील्ड

अब साउथ ऑस्ट्रेलिया को 176 रन की बढ़त तो पहली पारी में हासिल ही थी. ऐसे में उसके सामने 270 रन का लक्ष्य था, जिसे उसने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया. और 4 विकेट की जीत के साथ 29 साल बाद अपने पहले शेफील्ड शील्ड खिताब पर कब्जा किया. साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में जेसन सांघा ने 126 रन जबकि एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली.



## मनीषा ने एशियन चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने एशियन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 2021 के बाद पहला गोल्ड मेडल दिलाया। शुक्रवार को 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उन्होंने कड़े मुकाबले में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से मात देकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर आसान जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने कोरिया की हनबिट ली को चित कर दमदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां भी उन्होंने अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**अंतिम पंघाल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल**

गौरतलब है कि भारत ने पिछली बार 2021 में अलमाटी में विनेश फोगाट और सरिता मोर के जरिए गोल्ड मेडल जीता था। इस बार 20 साल के अंतिम पंघाल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जो अपने करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही थीं। 53 किग्रा भार वर्ग में उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को हराकर उम्मीदें बढ़ा दीं, लेकिन सेमीफाइनल में जापान की मो कियूका के सामने टिक नहीं सकीं और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं। हालांकि, ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए ताइपे की मेंग एच सियेह को हराकर मेडल अपने नाम किया।

**भारत के खाते में 6 मेडल**

इस प्रतियोगिता में अन्य भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) मेडल राउंड तक नहीं पहुंच सकीं। अब तक भारत ने इस टूर्नामेंट में ग्रीको-रोमन वर्ग में दो मेडल सहित कुल एक गोल्ड, एक सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं।

चापमैन ने शतक लगाया

## न्यूजीलैंड ने पहला वनडे 73 रन से जीता, पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 3 मैचों वाली वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार को न्यूजीलैंड के नापियर में खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फिल्डिंग चुनी। कीवी टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए। 345 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम 44.1 ओवर में 271 रनों पर सिमट गई।

मार्क चापमैन ने खेली शतकीय पारी मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चापमैन ने शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 132 रन बनाएं। इसमें 13 चौके और 6 छक्के शामिल है। वे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने भी 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के इरफान खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके।

मार्क चापमैन ने अपने करियर का तीसरा वनडे शतक लगाया।

हूं के अब्बास ने लगाया सबसे तेज डेब्यू अर्धशतक पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंदों पर वनडे इतिहास में डेब्यू करते हुए सबसे तेज 50 रन बनाए। उन्होंने 52 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के लगाएं। अब्बास से पहले यह रिकॉर्ड भारत के ईशान किशन के नाम पर था।

उन्होंने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ 33 गेंदों में 50 रन बनाए थे। पाकिस्तान से बाबर-सलमान की फिफ्टी टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तान के बाबर आजम ने 93.97 के स्ट्राइक रेट से 83 गेंदों पर 78 रन बनाएं। वहीं सलमान आगा ने 48 गेंदों पर 58 रन बनाएं। न्यूजीलैंड के नाथन स्मित ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच अभी तक 120 वनडे खेले गए है। सीरीज का दूसरा मैच 2 अप्रैल को होगा सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 अप्रैल को न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय अनुसार सुबह 3:30 से शुरू होगा।



## टीम इंडिया के फ्यूचर को लेकर टली BCCI की बैठक, रोहित शर्मा बोले- सम्मान के हकदार हैं ये खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को 2024 टी20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि भारतीय टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार-चढ़ाव को झेला है, लेकिन इसने सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया। मुंबई इंडियंस की ओर से एक्स पर पोस्ट वीडियो में रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीम का हर सदस्य सम्मान का हकदार है।

समाचार एजेंसी के अनुसार रोहित शर्मा का यह वीडियो ऐसे दिन आया जब बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों को टीम के भविष्य का रोडमैप तय करने के लिए बैठक करनी थी। किसी कारणवश यह बैठक स्थगित कर दी गई। भारत ने पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में 24 मैचों में से केवल एक में हार का सामना किया है। वह अहमदाबाद में 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हारा था। भारतीय टीम ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप और फरवरी मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीता। इस दौरान भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप झेलनी पड़ी।

## केएल राहुल एसआरएच मुकाबले से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल हुए



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को आईपीएल 2025 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले शनिवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हो गए। राहुल पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी के सीजन के पहले मैच में अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। अथिया ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक्स पर जाकर राहुल के आगमन का वीडियो शेयर किया और लिखा, आप प्यारे हैं। आप हमारे हैं। आप घर पर हैं। दिल्ली में आपका स्वागत है, केएलआर।

एक अन्य पोस्ट में, फ्रेंचाइजी ने डीसी की ट्रेनिंग जर्सी में राहुल की एक तस्वीर शेयर की और पोस्ट को कैप्शन दिया, खेल शुरू होने दें। राहुल के रविवार को विशाखापत्तनम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है, पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने राहुल की पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ पर एक विकेट से रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की। आशुतोष शर्मा ने 31 गेंदों में नाबाद 66 रनों की पारी खेली और पांच छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से लखनऊ से जीत छीन ली। मैच के बाद दिल्ली के खिलाड़ियों ने मदर्स लैप बेबी स्विंग एक्शन करके राहुल को नए पिता बनने पर बधाई दी।

दिल्ली में अपने कदम के बारे में राहुल ने कहा कि पिछले साल की नीलामी के बाद यह उनके लिए रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों था।

राहुल ने कहा, मेरे लिए यह एक नया अनुभव है - अपनी चौथी या पांचवीं आईपीएल फ्रेंचाइज से जुड़ना। यह रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों है। हर नई टीम अनिश्चितता लेकर आती है - खिलाड़ी कैसे तालमेल बिठाएंगे, प्रबंधन कैसे काम करेगा और प्रशंसक कैसे प्रतिक्रिया देंगे। लेकिन हमारी टीम और प्रबंधन ने जिस तरह से इस टीम को बनाया है, उसे देखते हुए लगता है कि हमने सभी क्षेत्रों को कवर कर लिया है। उन्होंने कहा, इसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। मैं कुछ अविश्वसनीय रूप से कुशल युवाओं के साथ खेलने और उनसे सीखने के लिए उत्सुक हूं। मिशेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों के साथ - जिनमें से कई के साथ मैं पहले भी खेल चुका हूं - हमारी टीम एक मजबूत टीम है। मैं आईपीएल शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकता।

132 आईपीएल मैचों में राहुल ने 45.47 की औसत से 4,683 रन बनाए हैं। उन्होंने 2013 में पदार्पण करने के बाद से अब तक टूर्नामेंट में चार शतक और 37 अर्द्धशतक भी लगाए हैं।

## ब्राजील फुटबॉल टीम को विश्व कप क्वालिफायर में मिली शर्मनाक हार, मुख्य कोच पर गिरी गाज, पद से हटाए गए

**साओ पोलो, एजेंसी।** शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था। ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया है। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4-1 से हराया जो विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया।



उन्होंने मीडिया से कहा, परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं। ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था। टीम का फॉर्म पिछले कुछ समय से कुछ खास नहीं रहा है। 2022 विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। तब ब्राजील को क्रोएशिया ने अंतिम-8 के मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उससे पहले 2021 कोपा अमेरिका फाइनल में ब्राजील की टीम अर्जेंटीना के हाथों 1-0 से हार गई थी। ब्राजील ने पिछली बार कोई मेजर खिताब 2019 में जीता था, जब उसने कोपा अमेरिका अपने नाम किया था। तब उन्होंने फाइनल में पेरू को 3-1 से शिकस्त दी थी। वहीं, 2018 फीफा विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हुई थी। अंतिम आठ के मुकाबले में बेल्जियम ने ब्राजील को 2-1 से हराया था। 2014 में ब्राजील में ही फीफा विश्व कप खेला गया था। तब टूर्नामेंट में ब्राजील की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। हालांकि, अंतिम चार के मुकाबले में जर्मनी ने ब्राजील को 7-1 से करारी शिकस्त दी थी। ब्राजील ने 2002 के बाद से कभी फीफा विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

## आरसीबी से हारने के बाद CSK के कोच फ्लेमिंग की सफाई



**चेन्नई , एजेंसी।** फ्लेमिंग ने कहा, वह पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहा है और ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काफी मेहनत की है। वह हालांकि जब बल्लेबाजी के लिये आये तब जीत हासिल करना काफी कठिन हो गया था। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए । उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। यह पूछने पर कि क्या उनकी शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए , न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि हम पहली ही गेंद से पीटना शुरू नहीं करते। हम आखिर में देखेंगे। हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते हैं और कोई हमें कमतर नहीं आंक सकता। यह बेवकूफाना सवाल है। फ्लेमिंग ने हालांकि स्वीकार किया कि शुक्रवार के मैच में उनकी टीम की फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, हमने दो तीन मौके गंवाए। हमने उन्हें दबाव बनाने का मौका दिया। 175 का स्कोर सही होता लेकिन हमने क्षेत्ररक्षण में गलतियां की। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिये शानदार गेंदबाजी की। महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई के लिये सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा।

### सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने महेंद्र सिंह धोनी

**चेन्नई, एजेंसी।** दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी वीरवार को आईपीएल इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह सुरेश रैना को पछाड़कर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अब धोनी के नाम आईपीएल में 4,699 रन हो गए हैं। उन्होंने सुरेश रैना (4,687 रन) को पीछे छोड़ा है।

आईपीएल में सीएसके के लिए सर्वाधिक रन

4699 - महेंद्र सिंह धोनी
4687 - सुरेश रैना
2721 - फाफ डु प्लेसिस
2433 - ऋतुराज गायकवाड
1939 - रवीन्द्र जड़ेजा
1932 - अंबाती रायडू

रैना जोकि धोनी को ही अपना गुरु मानते हैं, चेन्नई के लिए कई साल तक इस लिस्ट में नंबर एक पर रहे।

# बुमराह की वापसी न होने से कोच जयवर्धने का टूटा सब्र





आईपीएल 2025:

**अहमदाबाद (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस (एमआई) के मुकाबले से पहले एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बात करते हुए कहा कि टीम अभी भी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से उनके मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही है, जिसने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी है।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली जीटी और हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली एमआई शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक उच्च-ऑक्टेन क्लैश में अपने अभियान के शुरुआती मैचों में दिल तोड़ने वाली हार को भुलाने के उद्देश्य से होंगी।

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एमआई का अगला मैच, एमआई की अपने घरेलू स्टेडियम वानखेड़े स्टेडियम में वापसी का प्रतीक होगा, लेकिन इस बार उनके पास बुमराह नहीं होंगे क्योंकि वह एनसीए से अपनी मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि वह पीठ की समस्याओं से उबर रहे हैं। मैच से पहले, जैसा कि ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने बताया, बने बुमराह के बारे में कहा कि वह रोजाना अपने कार्यक्रम से गुजर रहे हैं। अब तक, सब कुछ ठीक लग रहा है, लेकिन एनसीए ने कोई समयसीमा नहीं दी है, इसलिए हम उस पर इंतजार करेंगे। बुमराह को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में ऐंठन हुई। स्कैन के लिए जाने के बाद, बुमराह ड्रेसिंग रूम में लौट आए क्योंकि तीसरे दिन बुमराह की भागीदारी को लेकर उम्मीदें बनी हुई थीं। बीजीटी के बाद से, वह रिहैब के लिए एनसीए में हैं और उन्होंने कोई क्रिकेट नहीं खेला है, जिससे भारत के खिताब जीतने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को मिस कर दिया गया।

पिछले सीजन के दौरान, हालांकि एमआई तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, बुमराह फ्रैंचाइज़ी के प्रमुख विकेट लेने वाले और कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर थे।

उन्होंने 13 मैचों में 16.80 की औसत से 20 विकेट लिए। बुमराह आईपीएल इतिहास में 9वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले और मुंबई के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 133 मैचों में 22.51 की औसत से 165 विकेट लिए हैं, जिसमें उनके नाम 2 बार 5 विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने एमआई की 5 खिताब जीत में बड़ी भूमिका निभाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम के बसई चौक में आग, 100 से ज्यादा झुग्गियों में जलकर खाक

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम के बसई चौक के पास मौजूद झुग्गियों में शनिवार सुबह छह बजे आग लग गई। तेज हवा के कारण आग कुछ मिनट में ही भीषण हो गई और आसपास की 100 से ज्यादा झुग्गियां जल गईं। आग लगने पर यहां रहने वाले लोग बाहर आ गए, इससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। दमकल विभाग की 10 से अधिक टीमों ने तीन घंटे में आग पर काबू पाया। सेक्टर 37 फायर स्टेशन अधिकारी ने बताया गया कि सुबह 6 बजे बसई चौक पर झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर यहां से दमकल विभाग की गाड़ियां भेजी गईं। आग काफी भीषण थी, इसलिए भीम नगर, उद्योग विहार फायर स्टेशन से भी दमकल गाड़ियों को बुलाना पड़ा। करीब तीन घंटे के बाद सुबह पौने नौ बजे आग पर काबू पाया जा सका। आग को नियंत्रित करने के लिए तीनों फायर स्टेशनों से 15 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर स्टेशन ने बताया कि आग से कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है।

### गुजरात हाईकोर्ट से आसाराम बापू को मिली 3 महीने की अंतरिम जमानत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** सूरत रेप मामले में शुक्रवार को गुजरात हाईकोर्ट ने आसाराम बापू पर अहम फैसला सुनाया. हाईकोर्ट ने आसाराम को मेडिकल आधार पर तीन महीने यानी 30 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी. इससे आसाराम को बड़ी राहत मिली है. हालांकि आसाराम ने छह महीने की स्थाई जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। बता दें कि अंतरिम जमानत की अवधि 31 मार्च को खत्म हो रही थी. इससे पहले आसाराम ने मेडिकल आधार पर छह महीने की जमानत दिए जाने की मांग की थी. इस मामले पर गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट के आदेश के बाद अब आसाराम जून महीने तक जेल से बाहर रहेंगे. इस मामले की सुनवाई के लिए हाई कोर्ट में दो जजों की बेंच बनाई गई थी, जिसमें दोनों जजों की अलग-अलग राय थी. सुनवाई के दौरान जज इलेश वोरा तीन महीने के लिए जमानत देने के पक्ष में थे, जबकि जज संदीप भट्ट इसके खिलाफ थे। गौरतलब है कि आसाराम अपने ही गुरुकुल की छात्रा से रेप के मामले में आखिरी सांस तक जेल में रहने की सजा काट रहे हैं. उन्हें सिर्फ मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी गई है. सूरत की एक महिला ने आसाराम पर रेप की शिकायत दर्ज कराई थी. इसमें पीड़िता ने कहा था कि 1997 से 2006 तक आसाराम ने उनका शोषण किया. आसाराम के खिलाफ 2013 में शिकायत दर्ज की गई थी. शिकायत गांधीनगर स्थानांतरित होने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. वहीं इस मामले में आसाराम को 2020 में दोषी ठहराया गया था।

### प्रयागराज में स्थापित होगा नया रेल नीर संयंत्र, आईआरसीटीसी को 2.5 एकड़ भूमि आवंटित



**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज के सरस्वती हाई-टेक सिटी में 'भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन' (आईआरसीटीसी) द्वारा रेल नीर संयंत्र स्थापित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने इस परियोजना के लिए 2.5 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस संयंत्र में 25 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और इसकी उत्पादन क्षमता एक लाख लीटर प्रति दिन होगी। एक बयान के मुताबिक रेल नीर संयंत्र के संचालन से रेलवे यात्रियों को स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाला पैकेज्ड पेयजल सुलभ होगा, जिससे जल जनित बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। इस परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा, यह परियोजना औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ रेलवे यात्रियों के लिए सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी।

# महाराष्ट्र सरकार का भ्रामक खबरों पर लगाम लगाने का प्रयास, निर्देश जारी

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में गलत या भ्रामक खबरों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं. यह कदम राज्य प्रशासन और जनता के बीच सूचना के प्रवाह को बेहतर बनाने और गलत सूचना के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।



शुक्रवार को जारी एक सरकारी संकल्प (जीआर) के अनुसार, सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय (डीजीआईपीआर) मीडिया के विभिन्न रूपों, जैसे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित होने वाली खबरों का विश्लेषण करेगा. यदि कोई खबर तथ्यात्मक रूप से गलत या भ्रामक पाई जाती है, तो डीजीआईपीआर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करेगा।

प्रिंट मीडिया- संबंधित सरकारी विभाग को आवश्यक जानकारी एकत्र करके 12 घंटे के भीतर डीजीआईपीआर को उपलब्ध करानी होगी। इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल मीडिया- संबंधित मंत्री या अधिकारी की प्रतिक्रिया या साउंड बाइट 2 घंटे के भीतर डीजीआईपीआर को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्रत्येक विभाग को एक संयुक्त सचिव या उप सचिव स्तर के अधिकारी को नियुक्त करना होगा जो जानकारी संकलित करने और उसे जल्द से जल्द डीजीआईपीआर को भेजने के लिए जिम्मेदार होगा।

डीजीआईपीआर उसी दिन अपने ब्लॉग और वेबसाइट पर फीडबैक/सूचना प्रकाशित करेगा और स्पष्टीकरण के लिए संबंधित समाचार पत्र, समाचार चैनल या डिजिटल मीडिया को अग्रेषित करेगा. राज्य से संबंधित जानकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो को भी भेजा जाएगा. मीडिया हाउस को फीडबैक या तथ्यात्मक जानकारी भेजने के बाद, डीजीआईपीआर को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करनी होगी कि इसे प्रकाशित किया जाए।

सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशक बृजेश सिंह के अनुसार, इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य शासन से संबंधित महत्वपूर्ण समाचारों का तत्काल संज्ञान लेकर और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करके सरकार की परिचालन दक्षता को बढ़ाना है. यह पारदर्शी और जवाबदेह शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस महीने की शुरुआत में, महाराष्ट्र सरकार ने समाचार सामग्री का विश्लेषण करने और फीडबैक प्रदान करने के लिए एक मीडिया-निगरानी केंद्र स्थापित करने की घोषणा की थी और इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था।

## नोएडा में मकान-फ्लैट खरीदने से लेकर उद्योग लगाना हुआ महंगा

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा में मकान, फ्लैट खरीदना और उद्योग लगाना महंगा हो गया है। आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग की संपत्तियों की आवंटन दरों में छह प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। व्यावसायिक संपत्ति की दरों में इजाफा नहीं किया गया है। शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण की हुई 217 वीं बोर्ड बैठक में आवंटन दरों के बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 9 हजार करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है। आवंटन की नई दरें बोर्ड बैठक के मिनट्स जारी होने वाले दिन से लागू होंगी। मुख्य सचिव एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि आवासीय भूखंड की श्रेणी ए प्लस की आवंटन दरों में इजाफा नहीं किया गया है। ए से ई श्रेणी के सेक्टरों की आवंटन दरों में 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। संस्थागत उपयोग के अंतर्गत कॉरपोरेट ऑफिस की दरें आवासीय उपयोग की पिछली साल की तरह यथावत रखी गई है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल प्राप्तियों का लक्ष्य 9008 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है जबकि इसी वित्तीय वर्ष के लिए कुल भुगतान का लक्ष्य 8732 करोड़ रुपये तय किया गया है। विकास व निर्माण कार्यों के लिए 2410 करोड़, अनुरक्षण के कार्यों के लिए 2229 करोड़ और गांवों में विकास कार्य कराने के लिए 224 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसके अलावा मेट्रो लाइन के लिए 500 करोड़ और नए नोएडा के जमीन अधिग्रहण के लिए एक हजार करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है। विभिन्न मदों से प्राप्तियों का लक्ष्य 7713 करोड़ रुपये रखा गया था जिसके सापेक्ष 6809 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई जो कि निर्धारित लक्ष्य का 88 प्वाइंट 28 प्रतिशत है। यह पिछले 10 साल की तुलना में सबसे अधिक है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न मदों पर भुगतान का लक्ष्य 7433 करोड़ रुपये रखा गया था।

## कुणाल कामरा के खिलाफ खार पुलिस स्टेशन में तीन मामले दर्ज

**मुंबई , एजेंसी।**
मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इन तीनों मामलों में महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से जीरो एफआईआर के तहत शिकायतें मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर की गई हैं। यह एफआईआर बुलढाना, नाशिक और ठाणे जिलों से दर्ज की गई थीं और अब इनकी जांच मुंबई के खार पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है। मुंबई पुलिस के अनुसार इन मामलों में कामरा पर आरोप है कि उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

खार पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है, और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में कुणाल कामरा को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है, लेकिन वो पुलिस स्टेशन में उपस्थित नहीं हुए हैं। पुलिस ने उन्हें 31 मार्च तक पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है।

बता दें कि कुणाल कामरा को मद्रास हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी थी। अदालत ने कमीडियन को शर्तों के साथ 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत दी थी। कुणाल कामरा ने तमिलनाडु में अपने निवास का हवाला देते हुए अंतर-राज्यीय जमानत मांगी थी।

इससे पहले कामरा ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर बताया था कि वह फरवरी 2021 से तमिलनाडु से मुंबई चले गए। हालांकि, वह तमिलनाडु के निवासी हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुंबई में किए हालिया प्रदर्शन के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं और मामले को लेकर उन्हें चिंता है कि मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। गुरुवार को कुणाल कामरा के खिलाफ गैर-संज्ञेय अपराध का केस दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायत में दावा किया गया कि कामरा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर व्यंग्य करते हुए एक पैरोडी गीत गाया था। युवा सेना के सदस्य रूपेश मिश्रा ने यह शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने गैर-संज्ञेय अपराध दर्ज किया। पुलिस ने पहले ही कामरा पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 356(2) (मानहानि) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मुंबई पुलिस ने कामरा को दो समन भेजे हैं, लेकिन वह अब तक अपना बयान देने के लिए पेश नहीं हुए हैं।

## न बीजेपी, न कांग्रेस, न ही एआईएडीएमके, अब सिर्फ डीएमके से सीधी टक्कर: थलपति विजय

**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिल सिनेमा के सुपरस्टार से नेता बने थलपति विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा विजयी कड़गम (टीवीके) की पहली जनरल काउंसिल बैठक में बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने ऐलान किया कि 2026 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव सिर्फ दो पार्टियों टीवीके और डीएमके के बीच होगी। विजय ने बीजेपी, और एआईएडीएमके को पूरी तरह मुकाबले से बाहर कर दिया और कहा कि राज्य की जनता इस बार एक बिल्कुल अलग चुनाव देखने जा रही है। 2026 के विधानसभा चुनाव में एक्टर विजय की पार्टी पहली बार चुनाव लड़ने जा रही है। गौरतलब है कि एआईएडीएमके के मौजूदा वक्त में 66 एमएलए हैं, जबकि कांग्रेस के 21 और बीजेपी के 4 एमएलए तमिलनाडु विधानसभा में हैं।



**स्टालिन पर तीखा हमला:** बैठक में विजय ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर सीधा हमला बोला और महिला सुरक्षा व कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, सिर्फ आपके शासन की चर्चा से ही आप गुस्से में क्यों आ जाते हैं? अगर सही से शासन किया होता, तो महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की यह हालत नहीं होती। मैं उन अत्याचारों को बयान नहीं कर सकता, जो महिलाओं के खिलाफ हो रहे हैं। विजय ने केंद्र सरकार के निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के प्रस्ताव का विरोध किया और कहा कि इसके जरिए तमिलनाडु की संसदीय सीटें कम करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा, तमिलनाडु की राजनीतिक ताकत को कम करने की साजिश रची जा रही है, लेकिन हम इसे होने नहीं देंगे।

**वन नेशन, वन इलेक्शन पर पीएम मोदी को चेतावनी:** विजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर भी सवाल उठाए और इशारों में उन्हें चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा, पीएम साहब, जब आपने एक देश, एक चुनाव की बात की तो हमें आपकी मंशा समझ में आ गई। तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है जो कई बार अपनी ताकत दिखा चुका है। मैं कहूंगा कि संभलकर रहिए सर।

**टीवीके के 17 अहम प्रस्ताव:** बैठक में टीवीके ने कुल 17 प्रस्ताव पास किए, जिसमें परिसीमन, तीन-भाषा नीति और वक्फ बिल के खिलाफ कड़े निर्णय लिए गए। पार्टी ने साफ किया कि वह तमिलनाडु में सिर्फ दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) को ही मान्यता देगी और नई शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा थोपने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगी। इसके अलावा, टीवीके ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को भी खारिज कर दिया और केंद्र से मांग की कि इसे तुरंत वापस लिया जाए।

## नोएडा से ग्रेटर नोएडा आने-जाने को यमुना पुस्ते पर बनेगा 6 लेन का एलिवेटेड रोड

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा में यमुना पुस्ते पर एलिवेटेड रोड बनेगा। शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई। इस मार्ग को सेक्टर-150 से नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। इस परियोजना पर करीब चार हजार करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के वैकल्पिक मार्ग के तौर पर यमुना बांध रोड के समानांतर यह एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा। यह रोड एमपी तीन मार्ग से सटकर सेक्टर-94 से 150 तक बनाया जाएगा। सेक्टर-150 से इसको नोएडा-ग्रेनो और यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ जाएगा। यह छह लेन का होगा। बैठक में यमुना पुस्ते को चौड़ा करने पर भी चर्चा हुई, लेकिन अधिकांश सदस्य एलिवेटेड रोड बनाने पर सहमत हुए।




इसके बनने से नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक आने-जाने का लोगों का सफर आसान हो जाएगा। जेवर एयरपोर्ट शुरू होने पर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाएगा। ऐसी स्थिति में यह एलिवेटेड रोड लोगों के लिए सुविधाजनक होगा। बोर्ड बैठक में इसका निर्माण एनएचएआई के जरिए कराने को लेकर सहमति बनी। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा। दिल्ली और हरियाणा से ग्रेटर नोएडा होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे के जरिये यूपी के अन्य शहरों की ओर जाने वाले इस एलिवेटेड रोड के जरिये गुजर सकेंगे। इस मार्ग के बनने से बिना जाम में फंसे लोग एक्सप्रेसवे के आसपास के स्थानों पर जा सकेंगे। इसके अलावा फिल्म सिटी मार्ग पर भी दबाव कम होगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक शनिवार को होगी। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-25 का बजट पास होगा, जो पांच हजार करोड़ से अधिक हो सकता है। इस बोर्ड बैठक में 15 से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। शुक्रवार को महाप्रबंधक वित्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रस्तावों पर चर्चा की। बैठक में आवासीय समेत सभी श्रेणी की संपत्तियों की आवंटन दरों में पांच फीसदी की वृद्धि का प्रस्ताव रखा जाएगा। बैठक में शाहबेरी में एलिवेटेड रोड, शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने, आंतरिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने व आवंटियों से संबंधित प्रस्ताव रखे जाएंगे।

## यमुना का जहरीला पानी कर रहा गुरुग्राम नहर को प्रदूषित

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
कांग्रेस के नूह क्षेत्र के विधायक आफताब अहमद द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राज्य सरकार ने कहा कि प्रदूषित अपशिष्ट नहर के पानी की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है और बदले में वनस्पतियों और जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। कांग्रेस विधायक ने पूछा था कि क्या यह सच है कि प्रदूषित नहर का पानी गुरुग्राम नहर में छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा से प्रदूषित पानी यमुना नदी में बहता है। ये प्रदूषित पानी गुरुग्राम नहर यानी (दिल्ली के ओखला बैराज के नीचे) में जाता है। ये जानकारी हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में दी है।

कांग्रेस के नूह क्षेत्र के विधायक आफताब अहमद द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राज्य सरकार ने कहा कि प्रदूषित अपशिष्ट नहर के पानी की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है और बदले में वनस्पतियों और जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। कांग्रेस विधायक ने पूछा था कि क्या यह सच है कि प्रदूषित नहर का पानी गुरुग्राम नहर में छोड़ा जा रहा है। अहमद ने यह भी जानना चाहा कि इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने बताया कि यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र के सभी कस्बों और शहरों में सीवेज लाइनें बिछा दी गई हैं और इस संबंध में यमुना कार्य योजना लागू की जा रही है, जिसकी प्रगति की समीक्षा हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा नियमित रूप से की जाती है। केंद्र सरकार के जल शक्ति सचिव विभिन्न बेसिन राज्यों की यमुना कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा करते हैं। सरकार के लिखित बयान के अनुसार, यमुना नदी में गिरने वाले 34 शहरों में प्रतिदिन 1,239 मिलियन लीटर (एमएलडी) सीवेज उत्पन्न होता है और इस क्षेत्र में 1,526 एमएलडी क्षमता के 89 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए गए हैं। 89 एसटीपी में से 987 एमएलडी के 65 एसटीपी पिछले 10 वर्षों में बनाए गए हैं।



# 500 एकड़ भूखंड और नाम पर खींचतान; नासिक कुंभ से पहले अखाड़ों में छिड़ा संग्राम

**नासिक, एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 23 मार्च को हुए दौरे के बाद महाराष्ट्र के नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों में तेजी आ गई है, लेकिन इस विशाल मेले के नाम को लेकर मतभेद पैदा हो गए हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान त्र्यंबकेश्वर अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने मांग की थी कि इस उत्सव को त्र्यंबकेश्वर-नासिक सिंहस्थ कुंभ मेला कहा जाए। हालांकि नासिक नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों के साथ हाल ही में हुई बैठक के दौरान नासिक अखाड़ों के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नाम नासिक कुंभ मेला ही रखा जाना चाहिए। नासिक अखाड़ों के साधुओं और महंतों ने यह भी मांग की कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले सिंहस्थ कुंभ मेला प्राधिकरण में शामिल किया जाए तथा कुंभ के लिए 500 एकड़ से अधिक भूमि स्थायी रूप से आरक्षित की जाए। नाम से संबंधित मांगों के बारे में पूछे जाने पर नासिक के जिलाधिकारी जलज शर्मा ने कहा, इस मुद्दे से संबंधित जानकारी (रिकॉर्ड की जांच के बाद) सरकार को सौंपी जाएगी और उनके निर्देशानुसार निर्णय लिया जाएगा।



नासिक जिले में कुंभ मेला 14 जुलाई से 25 सितंबर 2027 के बीच गोदावरी नदी के तट पर आयोजित होने की उम्मीद है। यह 12 साल बाद आयोजित किया जाएगा। इससे पहले दिन में, महाराष्ट्र के जल संसाधन और आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने कुंभ की तैयारियों की समीक्षा के लिए त्र्यंबकेश्वर का दौरा किया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार साधु-महंतों की विभिन्न मांगों को लेकर सकारात्मक है। महाजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में भाग लेने वालों में संभागीय आयुक्त प्रवीण गेदाम, जिला कलेक्टर जलज शर्मा, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्रपुरी महाराज, जूना अखाड़ा के महंत हरिगिरिजी महाराज, बड़ा उदासीन अखाड़ा के इंद्रमुनिजी महाराज, नव उदासीन अखाड़ा के गोपालदास महाराज, महानिर्वाणी अखाड़ा के अजयपुरी महाराज, आनंद अखाड़ा के गणेशानंद सरस्वती और शंकरानंद सरस्वती सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। अखाड़े के प्रतिनिधियों ने कहा कि त्र्यंबकेश्वर में, विशेषकर कुशावर्त क्षेत्र में संकीर्ण जगह को देखते हुए, नर्मदा नदी के किनारे नए घाट बनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि नए कुंडों का निर्माण किया जाना चाहिए तथा सुविधाओं में वृद्धि की जानी चाहिए, जिसे महाजन ने सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

# छपरा का होटल बना सेक्स रैकेट का अड्डा: होटल में तीसरी बार छापेमारी, हिरासत में 11 लोग

**छपरा, एजेंसी।** छपरा में बुधवार को भगवान बाजार थाना क्षेत्र के होटल राजपूत में रेड मारकर पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की छापेमारी के दौरान होटल राजपूत से 6 महिलाएं और 5 पुरुष सहित 11 लोगों को हिरासत में लिया था। होटल से सभी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया था। मौके से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए गए थे। पुलिस की कार्रवाई के दौरान होटल संचालक और मुख्य आरोपी अनिल कुमार साह फरार हो गया। पुलिस होटल के स्टाफ को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस फरार संचालक की तलाश में जुटी है।

## विवादों से भरा है होटल राजपूत का इतिहास

छपरा के भगवान बाजार स्थित होटल राजपूत का इतिहास विवादों से भरा रहा है। होटल राजपूत में पुलिस ने तीसरी बार छापेमारी की है। 2018 में पहली छापेमारी के समय यह प्रभात रेस्ट हाउस के नाम से चलता था। तब पुलिस ने होटल को सील कर दिया था। हालांकि, छह महीने बाद न्यायालय के आदेश पर होटल का नाम बदलकर होटल राजपूत कर दिया गया और फिर से शुरू हो गया।

2020 में दूसरी छापेमारी में पांच युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया था। होटल पर कार्रवाई करते हुए फिर सील किया गया, लेकिन न्यायालय के आदेश के बाद यह फिर से खुल गया। अब तीसरे बाद 26 मार्च 2025 में छापा मारा गया। इस दौरान 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है।



## ग्राहकों के साथ होटल आती थी महिलाएं

पुलिस ने लड़कियों का पता और निजी जानकारी देने से मना किया है। लेकिन सभी महिलाएं और लड़कियां छपरा, बलिया, सारण और पटना की रहने वाली थी। वह अपने ग्राहकों के साथ आती थी और होटल उन्हें कमरा उपलब्ध कराता था। होटल के संपर्क में कई महिलाएं थी। ग्राहक के कॉल पर उन्हें बुलाया जाता था।

## स्थायी रूप से होटल सील करने की तैयारी

होटल की बिल्डिंग सरोज सिंह की है। सुनील कुमार साह पिछले पांच साल से एग्रीमेंट के तहत होटल का संचालन कर रहा है। पिछली दो छापेमारी में होटल संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद वह फिर से होटल चलाने लगता था। पुलिस अब होटल को स्थायी रूप से सील करने की कार्रवाई में जुटी है। साथ ही संचालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## पुलिस ने बांड भराकर लड़कियों को छोड़ा

एसडीपीओ राजकिशोर सिंह ने बताया कि बहुत दिनों से सूचना मिल रही थी कि होटल में अवैध काम किया जा रहा है। इसके बाद भगवान बाजार थाना की पुलिस ने टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी में पकड़ी गई लड़कियों और महिलाओं को विक्टिम समझ कर उनके गार्जियन को बुलाकर पीआर बांड भराया गया और छोड़ दिया गया है। इस होटल में दूसरी या तीसरी बार इस तरह की घटना घटित हुई है। इसे लेकर हम लोग एक प्रतिवेदन एसडीएम साहब को दे रहे हैं। ताकि होटल स्थाई रूप से सील हो सके। 2018 और 2020 में भी इस पर कार्रवाई हुआ था, लेकिन होटल सील नहीं हो सका था। इस बार हम लोग स्थाई तौर पर होटल सील करने की कार्रवाई कर रहे हैं। मुख्य अभियुक्त सुनील कुमार शाह की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई चल रही है।

## सक्त कार्रवाई, फिर भी नहीं थम रहे अवैध धंधे

छपरा जंक्शन का क्षेत्र होने के चलते यहां गलत धंधा फल फूल रहा है। पुलिस सूचना के आधार पर की गई रेड में अलग-अलग होटलों से देह व्यापार के मामले सामने आते रहे हैं। पुलिस ने कई होटलों पर कार्रवाई की है। लेकिन जेल से छूटने के बाद संचालक होटल का नाम बदलकर फिर अवैध व्यापार शुरू कर देते हैं।

## बिहार में शिक्षक गिरफ्तार, 8 साल के छात्र से किया अप्राकृतिक यौनाचार

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में गुरु की गरिमा को एक शिक्षक ने तार-तार कर दिया है. शिक्षक ने 8 वर्षीय अपने विद्यालय के एक छात्र को स्कूल की छुट्टी के बाद बहला- फुसलाकर अपने कार्यालय में बुलाया. फिर डरा धमकाकर बालक के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया. इस तरह का सनसनीखेज मामला सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई. आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस मामले को सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई है।

**छात्र से अप्राकृतिक यौनाचार:** गुरारू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक प्राथमिक विद्यालय के छात्र के साथ शिक्षक ने अप्राकृतिक यौनाचार किया. लोकलाज के भय से पहले पीड़ित परिवार के लोगों ने इस मामले को दबाया. किंतु फिर निर्णय लिया कि इस तरह की शर्मसार घटना करने वाले शिक्षक को उसकी सजा मिलनी चाहिए. इसके बाद परिवार के लोग गुरारू थाना को पहुंचे और लिखित शिकायत की. शिकायत मिलने के बाद गुरारू थाने में इसकी प्राथमिकी दर्ज कर ली गई।

**हरकत में आई पुलिस, किया गिरफ्तार:** वहीं, गुरारू थाना की पुलिस केस दर्ज करने के बाद हरकत में आई और फिर छापेमारी कर शुक्रवार की अहले सुबह को आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है. गुरारू इलाके से ही शिक्षक की गिरफ्तारी हुई. आरोपित शिक्षक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. गिरफ्तार शिक्षक परैया थाना क्षेत्र का रहने वाला है.

## संक्षिप्त समाचार

### हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से जिंदा जला किसान, मौत

■ बेतिया में खेत की सिंचाई के लिए गए थे, तार को समेटने के दौरान हुआ हादसा

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया के मझौलिया थाना क्षेत्र के बरवां गांव में एक किसान की हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने 40 वर्षीय किसान की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान मनोहर भगत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना तब हुई जब वो अपने गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहे थे। वहीं सिंचाई के बाद जब वे तार को समेट रहे थे, तभी 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति को देखा जा सकता है। जिसमें मनोहर भगत की लाश पूरी तरह से जल चुकी है। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब-तक किसान कि मौत हो चुकी थी। मामले में परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर आगे कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### रिहायशी इलाके से 12 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू

■ वाल्मीकिनगर से वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**बेतिया , एजेंसी।** गर्मी शुरू होने के साथ ही जंगली जानवरों का रिहायशी इलाकों में घुसने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को वाल्मीकिनगर स्थित जल संसाधन विभाग की ई-टाइप कॉलोनी में एक विशाल अजगर घुस आया, जिससे स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अजगर तकरीबन 12 फीट लंबा और 60 किलो का था। शुक्रवार को कॉलोनीवासियों ने सड़क पर एक विशाल अजगर को रेंगते देखा। पहले तो लोगों ने उसे जंगल की ओर भगाने की कोशिश की, लेकिन अजगर पलटकर समीप के शिक्षक हरिनारायण प्रसाद के घर में घुस गया। अजगर के घर में घुसते ही स्थानीय लोग डर गए और वहां भारी भीड़ जुट गई। स्थिति को देखते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर वनपाल आशीष कुमार के निर्देशन में वनरक्षी ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम में धर्मेंद्र कुमार, गजेंद्र कुमार, नीरज कुमार और सन्नी खान शामिल थे। मौके पर पहुंचकर टीम ने अजगर को पकड़ने के लिए जुट गए। काफी मशक्कत के बाद अजगर को घर के छत के बीम से सुरक्षित निकाल लिया गया।

**रेस्क्यू के बाद जंगल में छोड़ा गया अजगर :** वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही जंगली जानवर भोजन और ठंडी जगह की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर चले आते हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम ने अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के जटाशंकर जंगल में छोड़ दिया है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अगर वे किसी जंगली जानवर को रिहायशी इलाके में देखें तो घबराने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना दें।



## केंद्र की राजनीति में नहीं रहना चाहते चिराग पासवान 2030 के विधानसभा चुनाव से पहले लौटेंगे बिहार

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (एलजेपी-आर) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि उनकी केंद्र की राजनीति में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है। उनकी प्राथमिकता बिहार है। वे केंद्रीय राजनीति से वापस बिहार लौटेंगे। चिराग ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि वे खुद इस साल होने वाला बिहार विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। राज्य का मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह भविष्य पर निर्भर करेगा। हालांकि, चिराग ने कहा कि वह 2030 के विधानसभा चुनाव से पहले बिहार लौट जाएंगे। टाइम्स नाउ समिट में बोलते हुए चिराग पासवान ने कहा कि उनकी राजनीति में बिहार हमेशा से प्राथमकिता में रहा है। उनकी राजनीति नींव बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट पर टिकी हुई है। चिराग ने कहा, मेरे पिता दिवंगत रामविलास पासवान की केंद्र की राजनीति में ज्यादा सक्रियता रही थी। लेकिन मेरी प्राथमिकता बिहार है। मैं ज्यादा समय तक केंद्र में नहीं रहना चाहता। मेरा प्रदेश मुझे बुला रहा है। उन्होंने कहा कि वह 2030 का बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर लगातार उठ रहे सवालों पर बोलते हुए चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष इन बातों को मुद्दा बना रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्षी नेता नीतीश पर व्यक्तिगत आरोप लगाकर उनके स्वास्थ्य को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आप राजनीति में हैं तो नीतियों पर ध्यान होना चाहिए, न कि किसी के स्वास्थ्य पर व्यक्तिगत टिप्पणी करनी चाहिए। चिराग पासवान ने प्रशांत किशोर को दोस्त और तेजस्वी एवं तेज प्रताप यादव को अपना भाई बताया। तेजस्वी यादव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भले ही मेरे भाई जैसे हैं, लेकिन राजनीतिक मतभेद हैं। यह अभी से नहीं बल्कि मेरी राजनीति की शुरुआत से है।

## रोहतास में 25 फीट नीचे नहर में गिरी कार

**रोहतास, एजेंसी।** बिहार के रोहतास में कार सवार चार लोगों को सीधे मौत से सामना हो गया. दरअसल इंद्रपुरी थाने क्षेत्र के भैंसहा पुल से जा रही एक अनियंत्रित कार तकरीबन 20 से 25 फीट नहर में गिर गई. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि, कार सवार चार लोग डेहरी से मीठापुर जा रहे थे. तभी कार अनियंत्रित होकर कर 25 फीट नीचे नहर में जा गिरी. इसी दरमियान ग्रामीणों ने देखा तो आस पास के लोगों को बुलाया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी कार सवार जिसमें एक महिला, दो पुरूष तथा एक नाबालिग को किसी तरह पानी से बाहर निकाला गया.

फिलहाल सबसे बड़ी बात यह रही कि सभी कार सवार लोग बाल-बाल बच गए तथा सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से नहर में से कार को बाहर निकलवाया और घटना की जांच कर रही है. वहीं इस हादसे के बाद लोगों का गुस्सा स्थानीय विधायक व सांसद पर फूट पड़ा. लोगों ने इस हादसे के लिए स्थानीय काराकाट सांसद राजाराम तथा डेहरी के विधायक फतेह बहादुर को जिम्मेदार ठहराया।

## बीपीएससी परीक्षार्थियों को झटका, 70वीं प्रिलिम्स की परीक्षा दोबारा नहीं होगी, पटना हाईकोर्ट का फैसला

**पटना, एजेंसी।** आज पटना हाईकोर्ट ने 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा की पुनः मांग करने वाले उम्मीदवारों को बड़ा झटका दिया. पटना हाईकोर्ट ने 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा पुनः कराये जाने सम्बन्धी याचिकायों को खारिज करते हुए राज्य सरकार और बीपीएससी को बड़ी राहत दी।

**बीपीएससी परीक्षार्थियों को झटका :** पप्पू कुमार व अन्य की याचिकाओं पर एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने इस सम्बन्ध में दायर जनहित याचिका सहित सभी याचिकायों पर सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रखा था. जिस पर आज कोर्ट ने ये फैसला दिया. ये उन उम्मीदवारों के लिए काफी बड़ा झटका हैं, जिन्होंने 70वीं बीपीएससी सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर पुनः प्रारंभिक परीक्षा कराये जाने की मांग की थी।

**सरकार और बीपीएससी को सुझाव :** कोर्ट ने अपने निर्णय में राज्य सरकार व बीपीएससी को परीक्षा संचालित करने के लिए कई सुझाव दिया है. कोर्ट ने उन्हें एक स्थायी समिति गठित करने को कहा है, जो इन परीक्षाओं की प्रक्रिया पर




नजर रखेगा. साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा है कि ये परीक्षाएं साफ सुथरे व निष्पक्ष तरीके से हो, ये बहुत सख्ती से सुनिश्चित किया जाये. साथ ही ऐसी व्यवस्था हो, जिसमें आम परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं हो. असामाजिक तत्वों को अलग रखा जाये, ताकि वे कोई गड़बड़ी नहीं कर सके।

**सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे- गुरु रहमान :** वहीं फैसला आने के बाद शिक्षाविद् गुरु रहमान ने कहा कि वे लोग इस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे. दरवाजे अभी खुले हुए हैं. गुरु रहमान का कहना है कि हम लोग किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे।

**छात्रों का आंदोलन बना राजनीतिक मुद्दा :** बीपीएससी अभ्यार्थियों का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा बन गया था. छात्रों क्या, आंदोलन को राजनीतिक दलों का भी समर्थन हासिल था. तेजस्वी याद,व पप्पू यादव और प्रशांत किशोर छात्रों के साथ मजबूती से खड़े थे. यही नहीं खान सर, गुरु रहमान भी छात्रों के साथ नजर आ रहे थे।

**बीपीएससी द्वारा रिजल्ट किया गया था प्रकाशित :** छात्रों के आंदोलन से निपटने के लिए पुलिस को कई बार बल प्रयोग भी करना पड़ा था. सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को लेकर हंगामा हुआ था. हंगामे के दौरान ही बिहार लोक सेवा आयोग ने रिजल्ट भी प्रकाशित कर दिया था।

**क्या है पूरा मामला :** आपको बता दें कि 13 दिसंबर को जब अपने तय समय पर बीपीएससी की परीक्षा हो रही थी, तो पटना के बापू परीक्षा परिसर में कुछ समस्याएं हुई. दरअसल अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र मिलने में थोड़ी देरी हुई, इसको लेकर सेंटर पर हंगामा हो गया.

## स्मैक बेच खरीदे थे जमीन और मकान, सब होगा जब्त; बिहार के इस शहर में ड्रग्स माफिया पर बड़ी कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफफ्फरपुर में चर्चित स्मैक माफिया मनोज साह की संपत्ति जब्त होगी। नगर डीएसपी सीमा देवी के निर्देश पर नगर थाने की पुलिस उसकी संपत्ति की जानकारी जुटा रही है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मनोज साह ने स्मैक के धंधे से अकूत संपत्ति बनाई है। रेड लाइट एरिया के अलावा शहर के कई इलाकों में उसका प्लॉट और घर है। फिलहाल पुलिस इस संबंध में गोपनीय तरीके से जांच कर जानकारी जुटा रही है। इसके बाद उसकी संपति को जब्त करने की कवायद की जाएगी। पुलिस अगर यह कार्रवाई करने में सफल रही तो ड्रग्स माफिया को बड़ी चुनौती मिलेगी। नगर थाने की पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान बीते पांच फरवरी को स्मैक माफिया मनोज साह को गिरफ्तार किया था। उससे



पूछताछ के बाद पुलिस टीम मनोज को साथ में लेकर रवि गुप्ता और अशोक गुप्ता के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में अशोक गुप्ता गिरफ्तार हुआ व भारी मात्रा में स्मैक जब्त किया गया था। पुलिस को दोनों से पूछताछ में कई अहम जानकारी मिली जिसके आधार पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। मनोज और अशोक को साथ में लेकर पुलिस टीम देर रात में थाने लौट रही थी। इसी दौरान मौका पाकर मनोज गुप्ता ने पुलिस गाड़ी में महिला दारोगा की पिस्टल झपट ली और गाड़ी से कूद गया। उसे रुकने के लिए चेतावनी दी गई तो उसने महिला दारोगा से छीनी गई पिस्टल से फायरिंग कर दी थी। गोली पुलिस की गाड़ी के बोनट पर लगी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें मनोज गुप्ता के पैर में गोली लगी। इसके बाद उसे एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद मनोज गुप्ता को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मनोज का करीबी रवि गुप्ता फरार चल रहा है। उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है

## फसल की सुरक्षा को लेकर चलाया कांबिंग ऑपरेशन

**भागलपुर, एजेंसी।** गोपालपुर, इस्माईलपुर प्रखंड के किसानों की फसल की सुरक्षा के लिए नवगछिया पुलिस जिला के पुलिस पदाधिकारी जागरूक हैं। फसल की तैयारी होने के साथ पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह तैयार है। इस्माईलपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र में एसटीएफ और घुड़सवार दस्ता के माध्यम से छापेमारी की गई और किसानों से दियारा में अपराधियों के द्वारा नुकसान पहुंचाने को लेकर के जानकारी ली गई। इस कांबिंग ऑपरेशन का नेतृत्व इस्माईलपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के माध्यम से गंगा पार द्वारा विनोबा बासगड़ा सहित कमला कुंड आदि द्वारा नदी पार करके पहुंचे। जहां पर मक्का, परवल आदि की फसल लगी हुई है। किसानों से होने वाली परेशानी को लेकर भी जानकारी लिया। इस मौके पर इस्माईलपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी और एसटीएफ जवान मौजूद थे।

# रंग-संगम राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव, कलाकारों ने गंगा स्नान में दिखाया परिवार का सम्मान



## माता-पिता की सेवा से बढ़कर दुनियां में कुछ नहीं

**बेगूसराय, एजेंसी।** मध्य विद्यालय बीहट के मंच पर आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव रंग-संगम के पहले दिन आयोजक टीम के कलाकारों ने गणेश कुमार के निर्देशन में नाटक गंगा स्नान की भव्य प्रस्तुति दी। भिखारी ठाकुर की अमर कीर्ति गंगा स्नान नाटक में संगीत ने लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। गंगा स्नान नाटक के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर दुनियां में कुछ भी नहीं है। वही परिवार सुखी रहता है जो अपने बुजुर्गों का सम्मान करता है, उनका आदर करता है। नाटक के कई दृश्य देखकर दर्शकों की आंखों से आंसू निकल पड़े। मंचन में अनुभवी कलाकारों की प्रतिभा स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

**उपेक्षित बुजुर्गों और ठग धर्माचार्यों को मुद्दा बनाया :** नाटक में भिखारी ठाकुर ने आज के परिवार में उपेक्षित बुजुर्गों और ठग धर्माचार्यों को मुद्दा बनाया है। मां के चरित्र में आंचल कुमारी, मुख्य चरित्र मलेछू की भूमिका में बलिराम बिहारी ने दर्शकों को रंगमंच के अपने अनुभवों से मंत्रमुग्ध किया। मलेछू की भूमिका में युवा रंगकर्मी साक्षी कुमारी ने दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। मां का इनर वाह्य रूप में अंजली कुमारी, दोस्त एवं चेला राजू कुमार, साधु महात्मा में अंकित राज और कोरस में अंजलि, निधि, नैना, खुशी, अभिलाषा, पल्लवी, प्रियदर्शनी, अनिमेष, निखिल, लाल बिहारी, महेश की भूमिका रही। संगीत पर मुख्य स्वर पर आनंद कुमार एवं अंजली कुमारी, ढ़ोलक पर दिनेश दीवाना, तबला पर संतोष कुमार, नगाड़ा राजीव पासवान और प्रकाश परिकल्पना रवि वर्मा का था।

### इन्होंने किया उद्घाटन

नाट्य महोत्सव-सह-राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्मश्री सुधा वर्गीज, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त संजय उपाध्याय, मेयर पिंकी देवी, पूर्व मेयर संजय कुमार, पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय, एसबीएसएस कॉलेज के प्रिंसिपल अवधेश कुमार सिंह, डॉ. शशिकांत पांडेय, शिक्षाविद शिवप्रकाश भारद्वाज, लोककवि सचिदानन्द पाठक, बिहार इप्टा के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, एनटीपीसी के डीएस कुमार एवं कला समीक्षक सुमन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि दी गई

इस अवसर पर आकाश गंगा रंग चौपाल द्वारा बरौनी की ओर से आरटी राजन राष्ट्रीय रंग सम्मान 2025 से वरिष्ठ रंगकर्मी संजय उपाध्याय को सम्मानित किया गया। वहीं, शंभू साह स्मृति रंग कीर्ति सम्मान लोक कवि सचिदानन्द पाठक तथा कीर्तन सम्राट बिंदेश्वरी सिंह लोक सम्मान लक्ष्मी प्रसाद यादव को दिया गया। इस अवसर पर स्व. कोकिला शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि भी दी गई।

### ये रहे मौजूद

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता अमर ज्योति, स्वागत भाषण गणेश कुमार एवं संचालन डॉ. कुंदन कुमार ने किया। इस अवसर पर बीहट नगर परिषद के उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, समाजिक कार्यकर्ता निलेश सिंह डिया, संजय कुमार ललन, श्याम नंदन सिंह पन्नालाल, मनीष कुमार एवं अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ऐश्वर्या राय को दोस्त मानती हैं जया बच्चन

## मैं ऐश्वर्या के साथ बिल्कुल स्ट्रिक्ट नहीं हूं- जया



जया बच्चन से एक बार पुराने इंटरव्यू में फैशन डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला ने पूछा था कि क्या वह ऐश्वर्या के साथ स्ट्रिक्ट हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए जया ने कहा था- 'वह मेरी बेटी नहीं है, वह मेरी बहू है। मुझे उसके साथ स्ट्रिक्ट क्यों होना चाहिए? मुझे यकीन है कि उसकी मां उसके साथ स्ट्रिक्ट होंगी। एक बेटी और बहू के बीच फर्क होता है। मुझे नहीं पता क्यों, लेकिन आपको नहीं लगता कि आपको अपने माता-पिता की इज्जत करना जरूरी नहीं है। एक बेटी के रूप में, आप अपने माता-पिता को ग्रांटेड ले सकते हो। लेकिन अपने ससुराल वालों के साथ आप ऐसा नहीं कर सकते।' जया बच्चन ने अमिताभ और ऐश्वर्या के बॉन्ड को लेकर भी बात की थी। उन्होंने कहा था, 'अमित जी, ऐश्वर्या को श्वेता की तरह ही मानते हैं। वैसे ही ट्रीट करते हैं जैसे वह श्वेता को करते हैं। वह जैसे ही ऐश्वर्या को देखते हैं, ऐसा लगता है जैसे वह श्वेता को घर आते हुए देख रहे हैं। उनकी आंखें चमक उठती हैं। वह अमित जी के उस खालीपन को भर देती है, जो श्वेता के न होने से होता है। हम आज भी यह नहीं सोच पाते कि श्वेता अब फैमिली में नहीं है। हमारे लिए इसको मान लेना बहुत मुश्किल है।

जया बच्चन और उनकी बहू ऐश्वर्या साथ में बहुत कम नजर आते हैं। जिसके कारण यह भी रूमर्स है कि दोनों के बीच बनती नहीं है। हालांकि, जया ने कई बार ऐश्वर्या और अपने रिश्ते को लेकर बात कर चुकी हैं। एक बार उन्होंने कहा था कि ऐश्वर्या उनकी दोस्त हैं। जया बच्चन ने एक पुराने इंटरव्यू में अपनी बहू ऐश्वर्या राय के साथ अपने बॉन्ड पर बात की थी। इस दौरान जया बच्चन ने कहा था, 'वह मेरी दोस्त है। अगर मुझे उसकी कोई बात पसंद नहीं आती है, तो मैं उसे उसके सामने ही बता देती हूं। मैं उसकी पीठ पीछे पॉलिटिक्स नहीं करती। इसी तरह अगर उसे मेरी कोई बात अच्छी नहीं लगती तो वह मेरे सामने आकर उस बात का जिक्र कर देती है। इसमें फर्क सिर्फ इतना है कि मैं थोड़ा ज्यादा ड्रामेटिक हो सकती हूं। लेकिन उसे थोड़ा ज्यादा रिस्पेक्टफुल होना होगा। मैं बूढ़ी हूं न इसलिए, बस इतना ही है।'





# शनाया कपूर के हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म



शनाया कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में शनाया के साथ विक्रांत मैसी नजर आएंगी। वहीं अब शनाया के हाथ करण जौहर की एक बड़ी फिल्म लगी है और इसके साथ ही वह अभय वर्मा के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। शनाया कपूर अपनी पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है।

### शनाया के हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म

न्यूज 18 की एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी।

### शनाया की तारीफ कर रहें हैं फैंस

सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं।

### फिल्मी बैकग्राउंड से हैं शनाया कपूर

शनाया कपूर बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने निगोड़ी कैसी जवानी है में देखा होगा। महीप का करियर कुछ खास नही रहा, लेकिन अब उनकी बेटी शनाया कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# सिकंदर के बाद इस फिल्म से गदर मचाएंगे सलमान खान



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर की रिलीज को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. मूवी ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. एआर मुरुगादॉस की ओर से निर्देशित इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ भरपूर ड्रामा दर्शकों को देखने को मिलेगा. हालांकि मसाला एंटरटेनर के बाद भाईजान संजय दत्त के साथ एक एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में नजर आएंगे. सलमान ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया, मैं सिकंदर के बाद एक और बड़ी एक्शन फिल्म कर रहा हूं. वहां एक्शन एक अलग ही लेवल पर होगा, जो दर्शकों को देखने में मजा आएगा. मूवी के बारे में ज्यादा अपडेट्स देते हुए एक्टर ने कहा कि यह फिल्म मैं इंडस्ट्री में अपने बड़े भाईज्संजय दत्त के साथ कर रहा हूं. अपनी प्रोजेस्ट्स को लेकर बात करते हुए सलमान ने यह भी बताया कि क्या वह सोराज बड़जात्या के साथ फिल्म कर रहे हैं. अभिनेता ने कहा, यह तब होगा जब वह अपनी पिछली फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे. बड़जात्या वर्तमान में आयुष्मान खुराना संग एक मूवी में काम कर रहे हैं.

### क्या जवान डायरेक्टर संग फिल्म करेंगे सलमान खान

सिकंदर के बाद सलमान खान के जवान डायरेक्टर एटली के साथ काम करने की अफवाह थी. हालांकि बाद में कहा गया कि यह मूवी किसी कारण से पोस्टपोन हो गई है. सलमान खान ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, एटली ने एक बहुत बड़े बजट की एक्शन फिल्म लिखी है. हालांकि बजट की वजह से इसमें देरी हो रही है.

# जब श्वेता तिवारी ने खोला अपने दूसरे पति का कच्चा चिट्ठा

### ➤ तलाक देने के बाद किया था....

दूसरा तलाक होने के बाद श्वेता तिवारी बुरी तरह से टूट गई थीं. इस दौरान श्वेता तिवारी ने मीडिया के आगे अपने दूसरे पति की पोलपट्टी खोलकर रख दी थी.

टीवी अदाकारा श्वेता तिवारी की जिंदगी में दर्द की कोई कमी नहीं है. 2 तलाक का सामना करने के बाद अब श्वेता तिवारी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं. हालांकि अपनी शादी को पूरा तरह से खत्म करे से पहले श्वेता तिवारी ने अपने पतियों की अच्छे से पोल खोल डाली थी. एक समय था जब श्वेता तिवारी के दूसरे तलाक की खबरें आम हो गई थीं. लोग श्वेता तिवारी को लगातार कोस रहे थे, ऐसे में श्वेता तिवारी ने बिना देर किए मीडिया के सामने अपने दूसरे पति अभिव कोहली का कच्छा चिट्ठा खोलकर रख दिया था.

इस दौरान श्वेता तिवारी ने अभिनव पर कई गंभीर आरोप लगाए थे. एक इंटरव्यू में श्वेता तिवारी ने कहा था, मेरे बेटे ने जरा सी उम्र में मुझे पिटते हुए देखा है. मेरा बेटा जानता है कि पुलिस और कोर्ट क्या होता है. आगे श्वेता तिवारी ने कहा था, ये कोई उम्र नहीं होती है कि बच्चे को पुलिस और कोर्ट के बारे में पता हो. मेरे बच्चे को स्कूल में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. श्वेता तिवारी ने आगे कहा, मेरे बेटे को लोग कोने में लेजाकर अजीब अजीब सवाल करते हैं. लोग पूछते हैं कि क्या तुम्हारे पापा घर आते हैं या फिर नहीं... श्वेता तिवारी ने आगे कहा, अभिनव मेरी बेटी के साथ बद्तमीजी करता था. अभिनव ने मेरी बेटी को गंदी वीडियोज दिखाने की कोशिश की थी. श्वेता तिवारी आगे बताया था, मेरे बच्चे मुझसे कुछ कह नहीं पाते हैं लेकिन वो बहुत कुछ देख रहे हैं. इसकी जिम्मेदार मैं नहीं हूं. ये बात सोचकर मुझे तकलीफ होती है.

# मंझी हुई अभिनेत्री के अलावा बेहतरीन पेंटर भी हैं मुनमुन सेन

## जैमिनी रॉय से सीखी थी चित्रकारी



किसी ने सही कहा है, 'एक कलाकार के अंदर, सौ कलाकार होते हैं...'। ये लाइन सुचित्रा सेन और दीबानाथ सेन के घर 28 मार्च 1954 को जन्मीं बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री मुनमुन सेन पर ठीक बैठती है। ठीक इसलिए क्योंकि वह न केवल मंझी हुई अभिनेत्री हैं, बल्कि बेहतरीन चित्रकार भी हैं, और यह गुर उन्होंने जैमिनी रॉय से सीखा था।

मुनमुन सेन का जन्म कोलकाता में बंगाली अभिनेत्री सुचित्रा सेन और दीबानाथ सेन के घर हुआ था। उनके पिता की गिनती कोलकाता के सबसे धनी व्यापारियों में की जाती थी। मुनमुन का बचपन जितना शाही था, शादी के बाद और भी शाही बन गया। कलाकार मां के गुण उनमें थे और वह अदाकारी में रुचि रखती थीं। हालांकि, यह काफी कम लोगों को पता है कि मुनमुन एक बेहतरीन चित्रकार भी हैं और उन्होंने बचपन में देश के महानतम कलाकारों में से एक जैमिनी रॉय से चित्रकारी सीखी थी। मुनमुन को पेंटिंग और प्राचीन वस्तुओं का संग्रह करना पसंद है और उनकी इसी पसंद ने उन्हें कैनवास पर रंगों के छींटे देने के लिए मजबूर कर दिया।

पुरानी चीजों को संभालकर अपने घरों में रखने वाली अभिनेत्री आज भी कई पेंटिंग को अपने घर में सहेजकर रखा है। मुनमुन बतौर शिक्षिका स्कूल में पढ़ा भी चुकी हैं। वह अंग्रेजी विषय के साथ बच्चों को चित्रकारी भी सिखाया करती थीं। मुनमुन सेन की पहली फिल्म मां बनने के बाद आई थी। उन्होंने 1984 में आई फिल्म अंदर बाहर से करियर की शुरुआत की थी। फिल्म में उनके साथ अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में थे। एक्शन फिल्म अंदर बहार का निर्देशन राज एन. सिप्पी ने किया और निर्माण रोमू सिप्पी ने किया था।

यह फिल्म 1982 की हॉलीवुड फिल्म 48 ऑवर्स का रीमेक है। मुनमुन सेन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ के साथ फिल्म में डैनी डेन्जोंगपा और गुलशन ग्रोवर भी हैं। फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। शैलेन्द्र सिंह, सुरेश वाडकर और आशा भोसले ने गीतों को आवाज दी थी। पहली ही फिल्म में बोल्ड सीन देकर छाने वाली अभिनेत्री के खूब चर्चे हुए। मुनमुन हिंदी के साथ ही बांग्ला, कन्नड़, तमिल, मलयालम, मराठी समेत अन्य भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वह कई टीवी शोज में भी काम कर चुकी हैं।

## आमिर ने क्यों कहा- सलमान को पसलियां तोड़ने की आदत है



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने अपने पुराने दोस्त और साथी अभिनेता सलमान खान के बारे में एक मजेदार टिप्पणी की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में बताया कि सलमान को 'पसलियां तोड़ने' की आदत है। दोनों सुपरस्टार निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस के साथ एक स्पेशल क्वेश्चन सेशन में शामिल हुए, जहां उन्होंने दिलचस्प बातचीत की। 'सिकंदर मीट्स गजनी' टाइटल वाले इस वीडियो में आमिर खान ने मुरुगादॉस से मजाकिया अंदाज में पूछा, सलमान और मेरे में से असली सिकंदर कौन है और कौन बेहतर डांसर है? इस पर निर्देशक ने भी उसी अंदाज में जवाब दिया, सलमान अपनी पसलियां तोड़ते हैं। आमिर ने तुरंत कहा, सर, सिर्फ अपनी ही पसलियां नहीं, वे दूसरों की पसलियां भी तोड़ते हैं, लेकिन मैं पूछ रहा हूं - कौन बेहतर डांसर है? इसके बाद आमिर ने सलमान को असली सिकंदर घोषित कर दिया। अभिनेता ने फिर फिल्म निर्माता से कहा, ÷सलमान असली सिकंदर हैं, वे बेहतर डांसर हैं।

अब बताइए कि एक्शन में कौन बेहतर है? जवाब में, सलमान ने मजाकिया अंदाज में कहा, कौन बेहतर अभिनेता है? कौन ज्यादा मेहनत करता है? कौन ज्यादा ईमानदार है? इस पर, आमिर ने हंसते हुए कहा, सब बोरिंग बातें हैं। कोई अभिनेता नहीं, सलमान ही बेहतर हैं। उल्लेखनीय है कि सलमान और आमिर के बीच दोस्ती का गहरा रिश्ता है। दोनों साथ में कई फिल्में कर चुके हैं। कल्ट क्लासिक 'अंदाज अपना अपना' में एक साथ अभिनय किया है। वे अक्सर एक-दूसरे के प्रोजेक्ट का समर्थन करते हैं। सलमान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' के प्रचार के दौरान यह दोस्ती एक बार फिर देखने को मिली।

# श्रेयस तलपड़े के खिलाफ FIR



बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और 14 लोगों के खिलाफ यूपी में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। आरोप करोड़ों रुपये के चिटफंड घोटाले से जुड़ा हुआ है। इससे पहले भी श्रेयस पर ठगी के आरोप लगे थे। एजेंट ने गांववालों को निशाना बनाया और जब सवाल उठे तो वो गायब हो गए। बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े को नई कानूनी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में उनके और 14 अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया गया है। आरोप करोड़ों रुपये के चिटफंड घोटाले से जुड़े हैं, जो कथित तौर पर एक दशक से ज्यादा समय से महोबा जिले में चल रहा था। श्रेयस तलपड़े और अन्य आरोपी कथित तौर पर लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड नामक एक कंपनी से जुड़े थे, जो निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करके ग्रामीणों को निशाना बनाती थी। कहा जाता है कि कंपनी के एजेंटों ने स्थानीय लोगों से बड़ी रकम एकत्र की थी, उन्हें यह दावा करके लालच दिया था कि उनका निवेश कुछ ही समय में दोगुना हो जाएगा।

### महोबा में मामला हुआ दर्ज

हालांकि, जब इस योजना को लेकर कानूनी सवाल उठने लगे, तो एजेंटों ने कथित तौर पर अपना काम बंद कर दिया और जिले से गायब हो गए। अब महोबा के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सलमान ने नेपोटिजम को लेकर कंगना पर कसा तंज



सलमान खान ने नेपोटिजम के बहाने कंगना रनौत पर तंज कसा और कहा कि उनके बेटे या बेटी को कुछ और करना होगा। सलमान से रवीना की बेटी राशा का नाम लेकर नेपोटिजम पर सवाल किया गया था। पर सलमान ने कंगना सुना और कहा कि उनकी बेटी फिल्में करेगी या पॉलिटिक्स? यहां कोई सेल्फ मेड नहीं। बॉलीवुड में नेपोटिजम के मुद्दे पर लंबे समय से बहस चली आ रही है। करण जौहर से लेकर सलमान खान और कई सिलेब्रिटीज पर इंडस्ट्री में नेपोटिजम को बढ़ावा देने का आरोप लगा। इसकी शुरुआत कंगना रनौत ने की थी। उन्होंने करण जौहर को ही नेपोटिजम का फ्लैग बियरर बता दिया था। इस मुद्दे पर कई सेलेब्स ने अपनी राय रखी है। अब हाल ही सलमान खान भी नेपोटिजम के मुद्दे पर बोले। पर जवाब में कंगना रनौत का नाम खींच लिया और कहा कि उनकी बेटी या बेटे को फिल्मों में आने के बजाय कुछ और करना चाहिए। सलमान खान मुंबई के एक होटल में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान एक पत्रकार ने रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सवाल पूछा। लेकिन सलमान ने रवीना को कंगना रनौत सुन लिया और पूछा, कंगना की बेटी आ रही है?

साभार एजेंसी

# कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के साथ पहली वार्ता अत्यंत सार्थक रही : ट्रंप

» टोरंटो, भाषा।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ फोन पर उनकी पहली बातचीत अत्यंत सार्थक रही। इस बीच, कार्नी ने वार्ता के बारे में कहा कि ट्रंप निजी और सार्वजनिक रूप से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करते हैं लेकिन दोनों देशों के बीच रिश्ते बदल गए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में की गई है जब ट्रंप ने कनाडा के साथ व्यापार युद्ध की घोषणा की है और कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए आर्थिक दबाव का इस्तेमाल करने की धमकी दी है जिस पर कनाडा ने नाराजगी जताई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट और बाद में की गई सार्वजनिक टिप्पणियों में इसका कोई उल्लेख नहीं किया। ट्रंप ने कहा, हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मार्क ने मुझे फोन किया था।...**

उनके देश में चुनाव होने वाले हैं। देखते हैं कि क्या होता है। इस दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री कार्नी को गवर्नर नहीं कहा जबकि उन्होंने कार्नी के पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो को गवर्नर कहकर संबोधित किया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा कि दोनों पक्ष कई बातों पर सहमत हैं और कनाडा में आगामी चुनाव के तुरंत बाद राजनीति, व्यवसाय और अन्य सभी कारकों पर चर्चा के लिए मुलाकात की जाएगी जो अमेरिका और कनाडा दोनों के लिए बहुत अच्छा होगा। लेकिन ट्रंप ने साथ ही कहा कि और शुल्क लगाए जाएंगे। इस बीच, कार्नी ने कहा कि ट्रंप ने यह नहीं कहा कि वह इस्पात, एल्युमीनियम, ऑटो और अन्य उत्पादों पर शुल्क वापस लेंगे। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है



कि अमेरिका अब एक विश्वसनीय भागीदार नहीं है। अब यह संभव है कि बातचीत करके हम विश्वास बहाल करने में सक्षम रहें लेकिन हम पीछे नहीं हट सकते। कार्नी ने कहा, राष्ट्रपति ने आज अपनी निजी और सार्वजनिक टिप्पणियों में कनाडा की संप्रभुता का सम्मान किया। उन्होंने इस बातचीत को सकारात्मक, सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक बताया। कार्नी ने कहा, हम बिल्कुल यही चाहते हैं। कार्नी ने कहा कि वह 28 अप्रैल को कनाडा में होने वाले चुनाव के तुरंत बाद अमेरिका के साथ नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों के लिए व्यापक वार्ता शुरू करेंगे।

## ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के बहुत अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद जताई

**न्यूयॉर्क वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त और बेहद बुद्धिमान व्यक्ति करार देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली व्यापार शुल्क वार्ता के बहुत अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद जताई। अमेरिकी सामानों पर भारत और अन्य देशों द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क की ट्रंप की ओर से की जा रही लगातार आलोचनाओं के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं। ट्रंप ने कहा, भारत दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क वसूलने वाले देशों में से एक है। यह क्रूर है, यह क्रूर है। वे बहुत होशियार हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान आदमी हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच सब कुछ बहुत अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा, और मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी में वाशिंगटन डीसी का दौरा किया था और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बातचीत की थी। मोदी के दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के एक महीने से भी कम समय में मोदी की यह यात्रा हुई थी। ट्रम्प ने पहले कहा था कि भारत बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है और उन्होंने दोहराया था कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर नया शुल्क दो अप्रैल से लागू हो जाएगा।

## अमेरिका : अदालत ने कुछ चुनिंदा देशों के लोगों के निर्वासन पर रोक लगाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन द्वारा कुछ चुनिंदा लोगों को निर्वासित करने के आदेश पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन ई मर्फी ने फैसला सुनाया कि निष्कासन के अंतिम आदेश वाले लोगों को यह तर्क देने के लिए एक सार्थक अवसर दिया जाना चाहिए कि तीसरे देश में भेजे जाने पर खतरा उस स्तर पर पहुंच जाता है जिसे संरक्षण के योग्य माना जाता है। न्यायाधीश का यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक मामला बहस के अगले चरण तक नहीं पहुंच जाता। अमेरिकी अदालत का यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, जिसने लोगों को पनामा, कोस्टा रिका एवं अल साल्वाडोर जैसे देशों में भेजा है, जबकि उन्हें उनके देश वापस भेजना कठिन है।

## भारत के साथ व्यापार वार्ता के नतीजे को लेकर आशावादी, मोदी बहुत अच्छे दोस्त: ट्रंप

**न्यूयॉर्क /वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बेहद बुद्धिमान व्यक्ति और अपना बहुत अच्छा दोस्त बताने के साथ ही कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलकर आएंगे। ट्रंप की यह टिप्पणी विदेश सचिव विक्रम मिस्री की अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से द्विपक्षीय व्यापार पर हुई चर्चा के दिन आई। इस चर्चा के दौरान संतुलित व्यापारिक संबंधों के लिए बाधाओं को कम करने का मुद्दा भी शामिल रहा। ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी दो अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा पर अमल होने के कुछ दिन पहले आई है। ट्रंप ने कहा, भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। यह निष्ठुर है, यह निर्दई है। वे बहुत बुद्धिमान हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच यह बहुत अच्छा काम करेगा। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की तरफ इशारा करते हुए कहा, मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान प्रधानमंत्री है। प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी में अमेरिका का दौरा किया था और ट्रंप के साथ द्विपक्षीय चर्चा की थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की थी। ट्रंप भारत पर बेहद ऊंचे सीमा शुल्क लगाने का आरोप पहले भी कई बार लगा चुके हैं। उन्होंने कहा है कि अब अमेरिका भी जवाबी सीमा शुल्क लगाएगा। इस बीच, भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मिस्री और लैंडौ ने बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग और आवागमन एवं प्रवास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने निष्पक्ष और संतुलित द्विपक्षीय व्यापार संबंध प्राप्त करने के लिए बाधाओं को कम करने के लिए चल रहे प्रयासों और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच भी इस समय भारत दौरे पर हैं। वह प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की रूपरेखा एवं प्रावधानों को लेकर भारतीय वार्ताकारों के साथ बातचीत कर रहे हैं।



### बैठक में देश-विदेश से कुल 577 लोग शामिल हुए

# हसीना पर यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने का मामला दर्ज

» ढाका, भाषा।

**बांग्लादेश पुलिस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 72 अन्य लोगों पर गृह युद्ध छेड़कर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों और मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हां, हमारे आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने मौजूदा सरकार को गिराने की साजिश रचने के आरोप में ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज किया है। अदालत ने मामले का संज्ञान लेकर सीआईडी को बृहस्पतिवार को जांच शुरू करने को कहा। सीआईडी ने 19 दिसंबर, 2024 को हुई एक ऑनलाइन बैठक के बारे में जानकारी मिलने के बाद यह मामला दर्ज किया। इस बैठक में भाग लेने वालों ने जॉय बांग्ला ब्रिगेड नामक एक मंच बनाया और गृह युद्ध के माध्यम से हसीना को फिर से सत्ता में लाने की योजनाओं पर चर्चा की।**

सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी बीएसएस ने मामले का हवाला देते हुए कहा, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और मेजबान, सह-मेजबान एवं बैठक में भाग लेने वाले अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि इन लोगों ने संकल्प लिया था कि वे वैध सरकार को शांतिपूर्ण तरीके से देश चलाने नहीं देंगे। पुलिस ने बताया कि इस बैठक में देश-विदेश से कुल 577 लोग शामिल



हुए। पुलिस ने बताया कि इन लोगों ने अवामी लीग की अमेरिकी शाखा के उपाध्यक्ष रब्बी आलम द्वारा बुलाई गई बैठक में हसीना के निर्देशों के प्रति समर्थन जताया। आलम को दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में दूसरे आरोपी के रूप में नामित किया गया था। हसीना की अगुवाई वाली 16 साल पुरानी अवामी लीग सरकार पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक जन-विद्रोह के कारण गिर गई थी। इसके बाद 77 वर्षीय हसीना गोपनीय तरीके से बांग्लादेश छोड़कर भारत चली गई थीं। उनके पद से हटने के बाद से उन पर सामूहिक हत्या और भ्रष्टाचार सहित 100 से अधिक मामले दर्ज कराए गए हैं। उनके अपदस्थ होने के बाद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला।

# चीन को बांग्लादेश एक अच्छे मित्र के रूप में देखे : मोहम्मद यूनुस

» बीजिंग, भाषा।

**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना महत्वपूर्ण है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रवेश करेंगे। यूनुस ने अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा के समापन पर आज यह बात कही। यूनुस ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमारे संबंध बहुत प्रगाढ़ रहे हैं। हमारे व्यापारिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं और चीन के साथ हमारे सहयोग से हमें लाभ मिलता है। यूनुस के आधिकारिक हैंडल से एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा गया, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी और विदेश मंत्रालय के सहायक मंत्री होंग लेई ने शनिवार को बीजिंग कैपिटल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यूनुस को उनकी ऐतिहासिक चार दिवसीय चीन यात्रा के समापन के बाद विदा किया।**

यूनुस ने शुक्रवार को चिनफिंग से मुलाकात की और राजनीतिक और आर्थिक संकट से प्रभावित बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए चीन से निवेश बढ़ाने का आग्रह किया। नई दिल्ली के मुकाबले बीजिंग को अधिक तरजीह देते हुए यूनुस ने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम चीन को अपने अच्छे दोस्त के रूप में देखें। यूनुस ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को



दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि द्विपक्षीय संबंध एक नए चरण में प्रवेश करेंगे। चीन यात्रा के बाद यूनुस बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड जाने वाले हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की इच्छा जताई है, लेकिन भारत ने अभी तक दोनों नेताओं की मुलाकात की पुष्टि नहीं की है। चिनफिंग और यूनुस के बीच वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि बांग्लादेश तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन एवं पुनरुद्धार परियोजना (टीआरसीएमआरपी) में भाग लेने के लिए चीनी कंपनियों का स्वागत करता है। बांग्लादेश की पिछली शेख हसीना सरकार चाहती थी कि भारत तीस्ता नदी घाटी परियोजना में भागीदार बने।

## नाइजीरिया में अपहरणकर्ता होने के संदेह में भीड़ ने 16 लोगों की हत्या की

» अबुजा (नाइजीरिया), भाषा।

**दक्षिणी नाइजीरिया में भीड़ ने अपहरणकर्ता होने के संदेह में हमला कर 16 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता मोसेस यामू ने एक बयान में बताया कि सभी पीड़ितो को एडो राज्य के यूरोमी क्षेत्र में स्थानीय सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित उत्तरी नाइजीरिया के रहने वाले थे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा गया कि भीड़ ने पीड़ितों को प्रताड़ित किया और पुराने वाहनों के टायर उनके सिर और कंधे पर रखकर उनमें आग लगा दी।**

यामू ने बताया कि इस हमले से यात्रियों के एक समूह के 10 लोगों को बचा लिया गया, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। एडो राज्य के गवर्नर के प्रतिनिधि सोलोमन ओसाघाले ने एक बयान में कहा, किसी को भी किसी अन्य व्यक्ति को जान से मारने का अधिकार नहीं है।

### न्यूज ब्रीफ

## मस्क ने एक्स को अपनी ही कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचा

» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने अपने स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी एक्स को अपनी ही कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचने की घोषणा की है।**



**हिस्सेदारी अधिग्रहण के रूप में हुए इस सौदे में शामिल दोनों कंपनियां निजी तौर पर संचालित हैं। इसका मतलब है कि उन्हें इस सौदे से जुड़े वित्तीय पहलू का खुलासा सार्वजनिक करने की ज़रूरत नहीं है। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि यह कदम एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को तलाशने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का मूल्य 33 अरब डॉलर आंका गया है।**

टेस्ला एवं स्पेसएक्स कंपनियों के मुखिया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार मस्क ने वर्ष 2022 में ट्विटर नामक साइट को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। उन्होंने इसकी नीतियों में बदलाव करने के साथ इसका नाम भी बदलकर एक्स कर दिया था। उन्होंने एक साल बाद कृत्रिम मेधा पर आधारित मंच एक्सएआई को भी पेश किया था। मस्क ने कहा, एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। हम आधिकारिक तौर पर इनके डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाएं पैदा करेगा।

# म्यांमार में फिर भूकंप के झटके, 5.1 मापी गई तीव्रता

» बैंकॉक , भाषा।

**यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंपों के एक दिन बाद, जिसमें 1,000 से ज्यादा लोगों की जान चली गई, शनिवार को देश में 5.1 तीव्रता का एक और भूकंप आया। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंपीय गतिविधि म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ के पास दोपहर 2.50 बजे के आसपास 10 किलोमीटर की गहराई पर हुई।**



शनिवार को आए भूकंप से हुए नुकसान या किसी के हताहत होने का विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं है, जबकि शुक्रवार को आए भूकंप से भी यही क्षेत्र प्रभावित हुआ था। नेपीता में ताजा भूकंप उस समय आया जब अधिकारी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में लगे थे, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। म्यांमार में कल 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके ठीक 11 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे तबाही का मंजर देखने को मिला। इमारतें, पुल, ऐतिहासिक संरचनाएँ, सड़कें और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहर मंडाले, जहाँ लगभग 1.5 मिलियन लोग रहते हैं, तबाही का केंद्र बन गया। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, कम से कम 1,002 लोग मारे गए हैं और 2,300 से अधिक घायल हुए हैं। बचाव दल मलबे से शवों को निकालने का काम जारी रखे हुए है, सैन्य नेतृत्व वाली सरकार ने संकेत दिया है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है, उन्होंने कहा कि विस्तृत आँकड़े अभी भी एकत्र किए जा रहे हैं। इस बीच, यूएसजीएस ने अनुमान लगाया है कि म्यांमार में मरने वालों की संख्या 10,000 से अधिक हो सकती है। पड़ोसी थाईलैंड में जहाँ भूकंप के कारण इमारतें हिल गईं और बैंकॉक में एक निर्माणाधीन गगनचुंबी इमारत ढह गई, कम से कम नौ लोग मारे गए। 33 मंजिला टॉवर ढहने के स्थान पर बचाव अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा, म्यांमार के श्रमिकों सहित 47 लोग अभी भी लापता हैं या मलबे में फंसे हुए हैं।

### पूर्वी काठमांडू में कर्फ्यू हटाया गया | राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया था

# 100 से अधिक राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया

» काठमांडू।, भाषा।

**नेपाल में प्राधिकारियों ने काठमांडू के पूर्वी हिस्से में सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लगाया गया कर्फ्यू क्षेत्र में तनाव कम होने के बाद शनिवार को हटा दिया। काठमांडू के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस समय तनाव पैदा हो गया था जब राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया था, एक राजनीतिक पार्टी के कार्यालय पर हमला कर दिया था, कई वाहनों में आग लगा दी थी तथा राजधानी के तिनकुने क्षेत्र में दुकानों में लूटपाट की थी।**

सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक टीवी कैमरामैन समेत दो लोगों की मौत हो गई है। बाद में स्थिति को नियंत्रित



करने के लिए सेना को बुलाया गया था। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, शुक्रवार शाम चार बजकर 25 मिनट से लगाया गया कर्फ्यू शनिवार सुबह सात बजे हटा लिया गया। पुलिस ने हिंसक प्रदर्शन के दौरान मकानों को जलाने और वाहनों में तोड़फोड़ करने के आरोप में 105 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शनकारी राजशाही की बहाली और हिंदू राष्ट्र की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के संयोजक दुर्गा प्रसाई के सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर बुलेटप्रूफ वाहन पर सवार होकर बानेश्वर की ओर बढ़ने के बाद प्रदर्शन हिंसक हो गया। बानेश्वर में संसद भवन स्थित है। गिरफ्तार किए गए लोगों में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव धवल शमशेर राणा और पार्टी के केंद्रीय सदस्य रवींद्र मिश्रा शामिल हैं। काठमांडू जिला पुलिस रेंज के पुलिस अधीक्षक अपिल बोहरा ने बताया कि शुक्रवार के हिंसक प्रदर्शन के पीछे मुख्य व्यक्ति प्रसाई अब भी फरार है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की घटना में 53 पुलिसकर्मी, सशस्त्र पुलिस बल के 22 जवान और 35 प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। हिंसक प्रदर्शनों के दौरान 14 इमारतों में आग लगा दी गई और नौ इमारतों में तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा नौ सरकारी वाहनों को आग लगा दी गई और छह निजी वाहनों में तोड़फोड़ की गई। प्रदर्शनकारियों ने तिनकुने इलाके में कांतिपुर टेलीविजन भवन और अन्नपूर्णा मीडिया हाउस पर भी हमला किया। नेपाल के राजनीतिक दलों ने 2008 में संसद की घोषणा के माध्यम से 240 साल पुरानी राजशाही को समाप्त कर करके तत्कालीन हिंदू राष्ट्र को एक धर्मनिरपेक्ष, संघीय, लोकतांत्रिक गणराज्य में बदल दिया था। राजशाही समर्थक तब से राजशाही की बहाली की मांग कर रहे हैं, जब से पूर्व नरेश ने लोकतंत्र दिवस (19 फरवरी) पर प्रसारित अपने वीडियो संदेश में समर्थन की अपील की थी। राजशाही समर्थक कार्यकर्ताओं ने नौ मार्च को भी पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह के समर्थन में उस समय एक रैली की थी जब वह देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक स्थलों का दौरा करने के बाद पोखरा से त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे थे।


